## देवराज सिंह बने लातेहार के प्रभारी



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता देवराज सिंह को लातेहार जिला का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने उनका मनोनयन किया है। प्रभारी बनाए जाने पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, झारखंड महासचिव संगठन कर्मवीर, विधायक सीपी सिंह, सांसद प्रदीप वर्मा, विधायक समरी लाल, वरूण साहू, रमेश सिंह संहिता अन्य नेताओं ने बधाई दी है।

### 75वें वन महोत्सव में बोले सीएम हेमंत, शहरीकरण से हरे-भरे जंगल कंक्रीट के जंगल में बदले, बिगड़ा प्राकृतिक संतुलन

# पौधा लगायें और बचायें, तभी हम आप भी बचेंगे

- सभी के सहयोग से ही प्राकृतिक व्यवस्था को संरक्षित रख सकेंगे
- जहां घर बनायें, वहां कम से कम एक पेड़ जरूर लगायें
- जब प्रकृति सुरक्षित रहेगी तभी मानव जीवन का अस्तित्व रहेगा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल, जंगल और जमीन हमेशा से ही हमारे जीने का जरिया रहा है। लेकिन, सदियों से चली आ रही ये व्यवस्था अन्धाधुंध विकास और शहरीकरण की दौड़ में पीछे छूटती जा रही है। श्री सोरेन बुधवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, गढ़खटंगा में आयोजित 75वां वन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित जंगल की जगह कंक्रीट के जंगल ने ले ली है। इसका सीधा असर हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है। प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। अगर हम अब भी नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। आज जरूरत इस बात की है कि पर्यावरण संरक्षण की खातिर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के अभियान का हम हिस्सा बनें। पेड़ों को बचने का संकल्प लें। सभी के सहयोग और भागीदारी से प्राकृतिक व्यवस्था को संरक्षित मानव जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**पेड़ों से करनी होगी दोस्ती**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस तरह से पर्यावरण संरक्षण को चुनौती मिल रही है। वह मनुष्य, जीव- जंतु और पूरी प्राकृतिक व्यवस्था के अस्तित्व पर खतरा बनता जा रहा है। ऐसे में, हमें तय करना है कि हम प्रकृति के साथ मिलकर अथवा प्रकृति से छेड़छाड़ कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ें। अगर प्रकृति के साथ चलना है तो हमें अपने जीवन शैली में बदलाव लाना होगा। पेड़ों से दोस्ती करनी होगी और उन्हें बचाने की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घर बनाते हैं तो उससे पहले वहां एक पेड़ जरूर लगायें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक असंतुलन और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ की वजह से बाढ़ और सुखाड़ जैसे कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम चक्र में बदलाव से कृषि प्रभावित हो रही है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि प्राकृतिक व्यवस्था का कम से कम नुकसान कैसे हो, इस दिशा में हम सभी आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि एक ऐसा भी वक्त था, जब झारखंड जैसे प्रदेश में वन महोत्सव मनाने की कोई जरूरत नहीं थी। पूरा राज्य हरे-भरे पेड़ों से आच्छादित था। लेकिन, विकास की रफ्तार जैसे-जैसे बढ़ती गई। जंगल सिमटते चले गये। यह समय की भी मांग है कि हम सभी वन महोत्सव का हिस्सा बनें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की मुहिम में अपनी भागीदारी निभायें।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पेड़ लगाने का अभियान सिर्फ बारिश के मौसम तक सिमट कर नहीं रहना चाहिये। जाड़ा, गर्मी और बरसात हर मौसम में उस मौसम के अनुकूल पेड़ लगाने की मुहिम चलनी चाहिये। पेड़ लगाने का सतत अभियान कभी नहीं रुकना चाहिये।

### वन समिति के सदस्य सम्मानित, कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वनों के संवर्धन और विकास के क्षेत्र में बेहतर योगदान करने वाले वन समिति के सदस्यों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया। उन्होंने भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान आने वाले लोगों को परिसर का भ्रमण करने हेतु चार लाभुकों को बैट्री ऑपरेटेड ऑटो प्रदान किया। वन महोत्सव में कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक राजेश कच्छप, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव एवं वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने हाई कोर्ट से याचिका ली वापस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में आरोपी पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने हाई कोर्ट में दाखिल अपनी याचिका को वापस ले लिया है। इसमें उन्होंने मामले के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर (अनुसंधानकर्ता) की गवाही ट्रायल के दौरान एनआईए कोर्ट में सभी गवाहों की गवाही पूरी होने से पहले करा लिए जाने को चुनौती दी थी। साथ ही अनुसंधानकर्ता की गवाही न मानने का आग्रह किया था। दरअसल, राजा पीटर की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि मामले में एनआईए कोर्ट, रांची में ट्रायल चल रही है जिसमें अभियोजन की ओर से गवाहों का बयान दर्ज किया जा रहा है। ट्रायल के दौरान मामले के चीफ इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर (अनुसंधानकर्ता की) गवाही सबसे अंत में होनी चाहिए थी। लेकिन अन्य गवाहों की गवाही पूरी होने के पहले ही अनुसंधानकर्ता की गवाही पूरी करा ली गई है। मामले में अनुसंधानकर्ता की गवाही के बाद अब दूसरे अन्य गवाहों का क्रॉस एग्जामिनेशन ठीक से नहीं होगा। इसलिए चीफ इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर की गवाही को ना माना जाए। मामले की सुनवाई के दौरान राजा पीटर की ओर से ही इस याचिका को वापस लेने का आग्रह किया गया, जिस पर कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की।

**पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड के ट्रायल में अनुसंधानकर्ता की गवाही पहले करा लेने का मामला**

बता दें की यह मामला अभी गवाही के स्टेज पर चल रहा है। 9 जुलाई 2008 को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मारकर कर दी मामले में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर, नक्सली कुंदन पाहन समेत कई आरोपी ट्रायल फेस कर रहे है।

## भारत आदिवासी पार्टी महिला मोर्चा का सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत आदिवासी पार्टी महिला मोर्चा की बैठक बुधवार को करम टोली स्थित धूमकुडिया सभागार में प्रदेश अध्यक्ष कुंदर्शी मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पूरे झारखण्ड में भारत आदिवासी पार्टी (महिला मोर्चा) का सदस्यता अभियान चलाने और विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर अधिकार सम्मेलन आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप, अभय भूट कुवर उपस्थित थे। इस बैठक में संकुतला उरांव, बसंती कच्छप, गुलाबो मुंडा, सुरेंद्र लिंडा, डोलिया कच्छप, संगीता तिग्गा, मीणा मुंडा, आशा तिर्की, चिंता तिर्की पूनम कश्यप, रेनू कच्छप, शीला खलखो, रोज कच्छप, सपना मुंडा आदि महिलाओं ने भाग लिया।

## मंईयां सम्मान योजना में राशनकार्ड की बाध्यता समाप्त की जाये : सीपीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (एमएमएमएसवाई) राज्य की गरीब महिलाओं को कुछ आर्थिक मदद उपलब्ध कराए जाने की दिशा में बढा हुआ एक ठोस कदम है। सीपीएम का राज्य सचिव मंडल अबुआ आवास योजना और इसके बाद एमएमएमएसवाई जिसमें झारखंड की गरीब महिलाओं को केंद्र में रखकर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देता है। लेकिन एमएमएमएसवाई योजना का लाभ राज्य की महिला आबादी के केवल आधे हिस्से को ही मिल पाएगा।

**राशन कार्ड नहीं रहने या राशन कार्ड में नाम नहीं रहने के कारण हजारों गरीब महिलाएं इस योजना से वंचित रह जायेंगी**

क्योंकि राज्य की महिला जनसंख्या में पचास प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं के पास राशनकार्ड नहीं है। हजारों महिलाओं ने राशनकार्ड में अपना नाम जोड़ने या नया राशनकार्ड बनाने के लिए बहुत पहले ही आवेदन दिया है। लेकिन अभी तक पारिवारिक राशन कार्ड में नाम जोड़ने या नया राशन कार्ड निर्गत करने का काम लंबित है।

राशनकार्ड नहीं रहने या राशनकार्ड में नाम नहीं रहने के कारण हजारों गरीब महिलाएं इस योजना से वंचित रहेंगीं। जबकि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया जाए। सीपीएम का राज्य सचिवमंडल हेमंत सरकार से मांग करती है कि एमएमएमएसवाई में राशनकार्ड की बाध्यता को शिथिल किए जाने का आदेश दिया जाए ताकि झारखंड की अधिकांश गरीब महिलाओं को इस योजना के दायरे में लाया जा सके।

## दो लाख तक के कृषि ऋण माफ करने की भी मंजूरी

**कैबिनेट के अन्य फैसले**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार ने दो लाख तक कृषि ऋण माफ करने का निर्णय लिया। कृषि अधीनस्थ सेवा की कर्मियों को प्रथम एसीपी और सेकंड एसीपी वेतनमान स्वीकृति प्रदान की गई। बैंकों में सरकारी राशि और खाता खोलने और बैंकों के चयन करने के संबंध मापदंड तैयार किये गये। निदेशक कोषागार को सदस्य बनाया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्र में आरओबी निर्माण करने के लिये रेलवे और पथ निर्माण और दक्षिण पूर्व रेलवे और झारखंड सरकार के बीच होने वाले एमओयू की स्वीकृति दी गई। विश्व आदिवासी दिवस 9 और 10 अगस्त के दिन कार्यक्रम आयोजन करने के लिये नई दिल्ली की कंपनी एक्सिस कंसलटेंट को इवेंट आयोजन के लिये 7.49 करोड़ रुपए देने की घटोंतर स्वीकृति दी गई। इसके अलावा विधानसभा सदस्य इंद्रजीत महतो के चिकित्सा इत्यादि खर्च के संपूर्ण राशि देने की स्वीकृति दी गयी। वहीं एमडीएफ मत के तहत जिन जिलों को 30 करोड़ राशि उपलब्ध है उन्हें अनटाइड फंड से कम राशि दी जायेगी। लातेहार जिला में अवस्थित बिहार साल्वेंट एंड केमिकल लिमिटेड के अधिग्रहण पर वन विभाग के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया।

## आलमगीर आलम के बेल पर हुई आंशिक सुनवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त बड़ी रकम का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर बुधवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से मामले में बहस पूरी कर ली गई। अदालत के समक्ष कहा कि आलमगीर आलम मामले में पूरी तरह से निर्दोष हैं। जिस आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन पर वह आरोप साबित नहीं हो रहा है। गलत तरीके से उनकी गिरफ्तारी हुई है। साथ ही उम्र और स्वास्थ्य का हवाला देते हुये जमानत देने का अनुरोध किया गया। याचिका पर ईडी की ओर से बहस की जायेगी। इसके लिये अदालत ने 9 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। पिछ्ली सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से लगभग 1500 पन्नों की लिखित बहस अदालत में फाइल की गई थी। ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल है। मालूम हो कि आलमगीर आलम ने 18 जुलाई को गिरफ्तारी के 64 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है। दाखिल याचिका में अपने आप को मामले में निर्दोष बताया है। ईडी ने उनको 15 मई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में हैं। यह गिरफ्तारी उनके आप्त सचिव संजीव कुमार लाल एवं उसका नौकर जहांगीर आलम के यहां से मिले करोड़ रुपए नकद बरामदी मामले में किया गया है। इसी मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत नौ आरोपी जेल में है।

### हाईकोर्ट का सिमडेगा सिविल कोर्ट को निर्देश, पारा शिक्षक हत्याकांड के आरोपी का ट्रायल जल्द करें पूरा

**रांची।** वर्ष 2010 में सिमडेगा के पारा शिक्षक मनोज कुमार हत्याकांड के सूचक संजय कुमार की याचिका पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने सिमडेगा सिविल कोर्ट को इस केस से जुड़े अन्य अभियुक्तों के मामले में जल्द ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता के माध्यम से सूचक ने हाई कोर्ट को बताया कि इस केस के मुख्य आरोपी नक्सली बारूद गोप के खिलाफ पिछले 14 वर्षों से सिमडेगा सिविल कोर्ट ट्रायल पूरा नहीं हुआ, जबकि इसी केस के आरोपी पूर्व मंत्री एनोस एक्का को सजा भी हो गयी। हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सूचक की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने बहस की।

## जीएसटी घोटाले के बाद लाइसेंस रद्द करने के मामले में राहत नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को जीएसटी घोटाला मामले में लाइसेंस रद्द करने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी को राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि प्रार्थी को पहले सक्षम प्राधिकार के पास जाना चाहिए। जमशेदपुर में हुए जीएसटी घोटाला मामले में शिव कुमार देवड़ा की कंपनी पूजाश्री ओपीसी भी घोटाला में शामिल थी। इसके फर्जी कागजात पर जीएसटी घोटाला किया गया। इसके बाद कार्रवाई करते हुए कंपनी का जीएसटी लाइसेंस रद्द कर दिया गया। इसके बाद प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। जीएससी की ओर से अधिवक्ता पीएएस पति ने अदालत को बताया कि प्रार्थी को सक्षम प्राधिकार के यहां पहले जाना चाहिए। सीधे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने उचित नहीं है। इस पर अदालत ने प्रार्थी को सक्षम प्राधिकार के यहां अपनी बात करने का निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।



## रजिस्टर्ड गोशालाओं में लगेगी हाईमास्ट लाइट हायड्रोपोनिक चारा उत्पादन की भी होगी पहल

**झारखण्ड गो सेवा आयोग की 12वीं बैठक में लिया गया निर्णय**

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** झारखण्ड गो सेवा आयोग की 12वीं बैठक का आयोजन अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद अध्यक्षता में हेसाग स्थित पशुपालन भवन में किया गया। इसमें झारखण्ड गो सेवा आयोग के उपध्यक्ष राजू गिरी भी उपस्थित हुए। बैठक में कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने भी वर्मी कम्पोस्ट की खरीदारी एवं अन्य विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक के बाद आयोग के अध्यक्ष ने मीडिया को जानकारी देते कहा कि कुल 12 प्रस्तावों पर आयोग ने अनुमोदन प्रदान किया है। इसमें आयोग के वित्तीय वर्ष 2023-24 के व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह जुलाई 2024 तक के व्यय तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित कार्ययोजना पर अनुमोदन दिया गया।

रांची गौशाला न्यास, हरमू रोड, रांची को 75 गोवंशीय पशुओं के लिए भोजनादि मद में द्वितीय किस्त के तौर पर सात लाख पचास हजार रुपए के विमुक्ति प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया गया। वैद्यनाथधाम गौशाला, देवघर को 83 गोवंशीय पशुओं के भोजनादि मद को लेकर सात लाख सैंतालीस हजार रुपया व्यय की स्वीकृति दी गयी। कलकत्ता पिंजरापोल सोसायटी शाखा-हजारीबाग को 57 गोवंशीय पशुओं के भोजनादि को लेकर सहायता अनुदान के तौर पर पाँच लाख तेरह हजार रुपए की विमुक्ति प्रस्ताव पर अनुमोदन हुआ। कोडरमा गौशाला समिति यदुटांड़ झुमरी तिलैया, कोडरमा में प्राधिकृत स्तर से जब्त कर रखे गए 27 (सत्ताईस) गोवंशीय पशुओं के भोजनादि मद को लेकर कुल सहायता अनुदान राशि नौ लाख पचासी हजार रुपया के व्यय की स्वीकृति दी गयी। झारखण्ड गो सेवा आयोग नियमावली, 2007 के नियम 12 व्यय की रीति में दर्शित सीमा में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर अनुमोदन हुआ।

**गोशालाओं में रोशनी और चारा की व्यवस्था**

राजीव रंजन ने बताया कि निबंधित गौशाला में हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन के प्रस्ताव पर पांच लाख से अधिक राशि के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया गया है। निबंधित गौशाला में हायड्रोपोनिक चारा प्रस्ताव पर पांच लाख से अधिक राशि के व्यय प्रस्ताव पर भी अनुमोदन हुआ है। नये गौशालाओं के निबंधन को लेकर जटिल प्रक्रिया को शिथिल करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन के अलावा गोबर प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम को झारखण्ड राज्य के सभी जिले में कराने के प्रस्ताव तथा कैटल रेस्कयू वाहन के गौशाला द्वारा आवश्यकता आधारित मांग पर सहायता अनुदान दिए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन भी हुआ है। माँ मनसा आरोग्य धाम गौशाला जाँतकाटा बहरागोड़ा, पूर्वी सिंहभूम को निबंधन जिला पशुपालन पदाधिकारी (पूर्वी सिंहभूम) के प्रतिवेदन के आलोक में निरस्त करने पर अनुमोदन दिया गया। असहाय एवं बूढी निराश्रित गोवंशीय पशुओं को भी गौशाला में आश्रय देने पर सहायता अनुदान राशि दिए जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन हुआ है।

आयोग की बैठक में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त सचिव अल्बर्ट विलुंग, वित्त विभाग के मनोज कुमार पाठक, नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव मनोहर मरांडी, पुलिस अधीक्षक स्पेशल ब्रांच चंदन कुमार झा, झारखण्ड गो सेवा आयोग के सचिव डा० संजय प्रसाद, निबंधक डा० मुकेश मिश्रा, पशुचिकित्सा पदाधिकारी डा० प्रभात कुमार पांडेय एवं डा० जय कुमार तिवारी व अन्य भी उपस्थित रहे।

## ठगा-ठगी नीति ई झारखंड राज्य में नाय चालतो : शशांक राज

**भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- युवाओं को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर संघर्ष करते रहेंगे**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा है कि हेमन्त सरकार के पांच वर्षों में युवाओं को सिर्फ लॉलीपॉप दिखाया गया। श्री राज बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहा कि जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है। उन्होंने कहा कि ऐ हेमंत दादा, तोर ठगा-ठगी नीति ई राज्य में नाय चालतो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बार-बार जेएसएससी के वार्षिक कैलेंडर जारी करने के बावजूद, निकम्मी राज्य सरकार सही तरीके से परीक्षा आयोजित करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार के निकम्मेपन का आलम यह है कि नियुक्ति परीक्षाओं के वार्षिक कैलेंडर के नाम पर राज्य के युवाओं को बड़े सुहावने सपने दिखाती है। लेकिन, असलियत में कुछ करती नहीं है।

उन्होंने कहा कि जेएसएससी द्वारा जारी वार्षिक कैलेंडर को लेकर राज्य भर के छात्रों में इस कदर आक्रोश है कि आशंका है कि झामुमो सरकार ने जान बूझकर चुनाव से चंद महीने पहले वार्षिक कैलेंडर जारी किया है। ताकि युवाओं को छलकर उनका वोट पा सके। उन्होंने कहा कि आज भी ये सरकार जेएसएससी-सीजीएल के माध्यम से एक भी बहाली नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि स्थिति यह है की एक बार किसी तरह परीक्षा हुई भी तो उसे भी पेपर लीक के कारण रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आईटीआई इंस्ट्रक्टर के 930 पद के लिए राज्य सरकार ने परीक्षा लिया। किन्तु आज तक उसका परीक्षाफल नही दिया है। हजारों युवा राजभवन के सामने धरने पर बैठे हुये है और परीक्षाफल देने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह सहायक पुलिस कर्मी के ऊपर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया गया। सरकार के तरफ से आजतक ना सुध लिया, ना चिन्ता किया। एक महीने से भी ज्यादा वक्त से वो सभी मोरहाबादी मैदान में धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से एलडीसी के परीक्षा फॉर्म भरवाकर छात्रों से फीस वसूल कर आज तक उसकी परीक्षा नही करवाई। उनके पैसे से ब्याज खाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो का एक-एक कार्यकर्ता राज्य के युवा के साथ खड़ा है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता बबन बैठा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रिंस कुमार उपस्थित थे।

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम : बीसीजी टीकाकरण का शुभारंभ सह टीबी मुक्त पंचायत का सम्मान समारोह में बोले बन्ना गुप्ता

# टीबी उन्मूलन में कॉरपोरेट जगत करे सहयोग

- 2023 में 61,322 और 2024 में 33,918 टीबी मरीजों की हुई पहचान
- 2023 में 5.33 लाख जांच एवं 2024 में अब तक 3 l59 लाख से ज्यादा जांच
- टीबी विन एप्प में 2.5 लाख से ज्यादा निबांधित, 38 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित
- यक्ष्मा मरीजों को गोद लेने वाले निजी उपक्रमों एवं नि-क्षय मित्र सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** टीबी उन्मूलन के लिए राज्य सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। अगर इस अभियान में कॉरपोरेट सेक्टर की भागीदारी सक्रिय रूप से होती है, तो हमें जल्दी सफलता मिल सकती है। इसलिए कॉरपोरेट सेक्टर से सहयोग की अपेक्षा की जाती है। यह बातें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने नामकोम स्थित आईपीएच सभागार में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित राज्य स्तर के वयस्क बीसीजी टीकाकरण के शुभारंभ एवं टीबी मुक्त पंचायत के सम्मान समारोह कार्यक्रम में कहीं। श्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में बड़े-बड़े कॉरपोरेट सेक्टर है, जिनकी इंडस्ट्रीज हैं, वह संस्थागत स्तर पर पंचायत और प्रखंड को गोद लेकर टीकाकरण अभियान व अन्य योजनाओं में सहयोग दे रहे हैं। अगर ये कॉरपोरेट घराने एक-एक जिला को गोद लेकर काम करें, तो हम पोलियो मुक्त भारत की तरह यक्ष्मा मुक्त, कालाजार और फाइलेरिया मुक्त होने का गौरव लक्ष्य के पहले ही हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने 100 साल पहले ही खुद को टीबी मुक्त कर लिया था।



### सीएसआर एक्टिविटी में व्यय को बढ़ाये कॉरपोरेट सेक्टर : सीएस

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम राज्य के सभी 24 जिलों में चलाया जा रहा है। कॉरपोरेट सेक्टर और पंचायत के मुखिया और सरपंच ने बेहतर काम किया है। उन्होंने अभियान से जुड़े जिला के सिविल सर्जन को कहा कि प्रस्तावित सभी जिलों में इस अभियान को सफल बनाने के लिए काम करें। श्री सिंह ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर का सहयोग हमेशा मिलता रहा है और ज्यादा सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि सीएसआर एक्टिविटी में व्यय बढ़ाने का निर्देश केंद्र सरकार की ओर से भी दिया गया है। इस लिहाज से आपको भी व्यय में इजाफा करना चाहिए। अगर राज्य सरकार और कॉरपोरेट सेक्टर मिलकर काम करेंगे, तो रस्ते आसान हो जाएंगे। श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस दिशा में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री अस्पताल रखरखाव योजना को लागू किया गया है।

### कार्यक्रम के मुख्य बिंदु

टीबी बिन एप्प पर 2.5 लाख लोगों ने कराया निबंधन, राज्य की 38 पंचायतें टीबी मुक्त क्षेत्र घोषित, पंचायती राज और स्वास्थ्य विभाग मिलकर चलाएंगे अभियान, रांची जिला के श्रीकांत लोहरा, रंजीत लोहरा, विजय मुंडा और उर्सला प्रतिमा को बीसीजी टीका देकर अभियान की हुई शुरूआत और फेस्टिव सीजन में माइग्रेंट लोगों को दी जाएगी बीसीजी वैक्सीन।

### इन जिलों में चलेगा अभियान

खूंटी, रांची, गिरिडीह, लातेहार, लोहरदगा, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, देवघर, रामगढ़ सहित 12 जिलों में चलेगा वयस्क बी सी जी टीकाकरण अभियान।

### इन बीमारियों से गरीब होते हैं ज्यादातर शिकार

स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड एक गरीब और पिछड़ा राज्य है। यहां कालाजार, फाइलेरिया, टी lबी। जैसी बीमारियां ज्यादातर गरीब लोगों को होती हैं। कालाजार के उन्मूलन की दिशा में हम काफी आगे बढ़ चुके हैं, बहुत थोड़े आदिवासी इलाकों में कालाजार जैसी बीमारी बची है, उस पर जल्द काबू पा लिया जाएगा। सर्पदंश की घटनाएं झारखंड में होती हैं, जिससे कई मौके पर सर्पदंश के शिकार गरीबों की जान जानकारी के अभाव में चली जाती है। इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

### नि-क्षय मित्र सम्मानित

कार्यक्रम में यंगेस्ट बच्ची उशासी हांसदा को यक्ष्मा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सम्मानित किया गया। बताते चलें कि उशासी हांसदा स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची है, जो पढ़ाई के साथ यक्ष्मा के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है।

### कई कॉरपोरेट प्रतिनिधि सम्मानित

कार्यक्रम में ऐसे लोगों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने इस अभियान में यक्ष्मा मरीजों को गोद लेकर टीबी उन्मूलन की दिशा में अहम भूमिका निभाई है। सम्मान पाने वालों में मुख्य रूप से सेल बोकारो, ईसीएल वेदांता, लायंस क्लब गढ़वा, बीसीसीएल गढ़वा, अदानी पावर गोड्डा, एनटीपीसी, सीसीएल, टाटा स्टील के प्रतिनिधि शामिल थे।

### मुखिया-सरपंच को मिला सम्मान

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य की 38 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इस मौके पर संबंधित पंचायतों के मुखिया और सरपंच को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। अभियान सह सम्मान समारोह में मुख्य रूप से अब्बू इमरान एमडी झारखंड मेडिकल हेल्थ इंफ्रास्ट्र^र डेवलपमेंट प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, डॉ सीके शाही निदेशक प्रमुख, राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार सहित विभिन्न क्षेत्रों के कॉरपोरेट प्रतिनिधि, सिविल सर्जन और टीबी मुक्त पंचायतों के मुखिया, सरपंच एवं स्वास्थ्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बुढ़मू कांड में एसएसपी ने की कार्रवाई थानेदार सहित दो सब इंस्पेक्टर सस्पेंड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बुढ़मू में हुई आगजनी की वारदात के बाद रांची एससपी ने कड़ा एक्शन लेते हुए बुढ़मू थानेदार रामजी और थाने के सब इंस्पेक्टर संतोष यादव को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। रितेश कुमार को बुढ़मू का नया थानेदार बनाया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुढ़मू थानेदार रामजी और प्रभारी थानेदार संतोष यादव पर कार्रवाई करते हुए सस्पेंड कर दिया है। रामजी को सीनियर अधिकारियों ने बालू के अवैध कारोबार को हर हाल में बंद कराने का निर्देश दिया था लेकिन रामजी इसे लागू कराने में नाकाम रहे। दो दिनों से रामजी अवकाश पर थे, उनकी जगह सब इंस्पेक्टर संतोष यादव को प्रभार दिया गया था, लेकिन वो भी बालू के अवैध कारोबार को रोक नहीं पाए। इसी बीच अपराधियों ने पांच वाहनों को आग के हवाले कर दिया। मामले में दोनों पुलिस अफसरों की लापरवाही सामने आई जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया।

### आगजनी मामला

### आईजी पहुंचे वारदात स्थल

छापर बालू घाट पर हुई आगजनी मामले की जांच के लिए खुद रांची रेंज के आईजी अखिलेश झा बुढ़मू पहुंचे। आईजी ने पुलिस फोर्स को हिदायत दी कि किसी भी हालत में बालू की तस्करी न होने पाए। वहीं आगजनी में शामिल अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### वर्चस्व को लेकर हुई थी आगजनी

मंगलवार देर रात दर्जनों वाहनों से छापर घाट पर बालू की तस्करी किया जा रहा था। इसी दौरान वहां पहुंचे हथियारंबद अपराधियों ने मजदूरों से मारपीट की। जिसके बाद मजदूर वहां से भाग गए। मजदूरों को भगाने के बाद अपराधियों ने वहां मौजूद कई गाड़ियों में आग लगा दी। इस वारदात के पीछे जेजेएमपी उग्रवादी संगठन आलोक का नाम सामने आ रहा है। क्योंकि बालू का उठाव अवैध तरीके से हो रहा था, इसलिए मामले की शिकायत वाहन मालिकों द्वारा नहीं की गई।

## राज्पाल से मिले कई अधिकारी, नेता व आरबीआइ के रिजनल डायरेक्टर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने मुख्य सचिव से राज्य में संचालित विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में जानकारी ली। वहीं, मिलने आये राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से राज्य में विधि व्यवस्था बनाये रखने की बात कही। इसके अलावा उच्च एवं तकनीकि शिक्षा सचिव राहुल कुमार पुरवार से राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि हमारे राज्य के विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा प्राप्त हो, इस दिशा में विभाग एवं विश्वविद्यालय समन्वय स्थापित कर सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने विश्वविद्यालय में रिक्तियों की समस्या को दूर करने पर भी चर्चा की।

इनके अलावा विकास भारती बिशुनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत, राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री व विधानसभा सदस्य सुदेश महतो, मुख्य समन्वयक, टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी (महतो) समाज का एक प्रतिनिधिमंडल शीतल ओहदार के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला। राज्यपाल से मिलकर टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी (महतो) समाज अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने के लिए पहल करने का आग्रह किया। राज्यपाल रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, सेंट जेवियर्स स्कूल डोरंडा के +2 को-ऑडिनेटर संतोष कुमार, मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, वीएसएम, 23 इंफेंटरी डिविजन भी मिले। सभी ने राज्यपाल को झारखंड आने पर बधाई दी और राज्य के ताजा हालात पर चर्चा की।

## एनआइए ने गोलीबारी, आगजनी व रंगदारी केस में अमन साहू के भाई को किया अरेस्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कोयला खदान में गोलीबारी, आगजनी और जबरन वसूली मामले में जेल में अपराधी अमन साहू के भाई आकाश साहू को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने अमन साहू गिरोह के शंकर यादव के खिलाफ आरोप पत्र दायर किए जाने के एक दिन बाद आकाश कुमार साहू गिरफ्तार किया। आकाश इस मामले में गिरफ्तार होने वाला 26वां आरोपी है।

### वसूली के पैसों को ठिकाने लगाने में शामिल था

एनआईए ने जांच में पाया कि आकाश, शंकर यादव और अन्य के साथ अमन साहू के लिए जबरन वसूली के पैसे को ठिकाने लगाने में सक्रिय रूप से शामिल था। आकाश ने जबरन वसूली से एकत्र किए गए धन को रियल एस्टेट में निवेश करने के लिए शंकर के साथ शामिल हो गया था। एनआईए की जांच के अनुसार, आकाश अमन साहू गिरोह के कई महत्वपूर्ण सदस्यों को रसद और अन्य सहायता प्रदान कर रहा था।

### क्या है मामला

यह मामला मूल रूप से लातेहार जिला स्थित तेतरियाखाड़ कोयला खदान पर हमले के बाद 19 दिसंबर 2020 को बालूमाथ थाना में मामला में दर्ज किया गया था। अमन साहू ने गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और अन्य के साथ मिलकर लेवी वसूली और कोलियरी में परिचालन को बाधित करने की साजिश रची थी और उसी को लेकर हमले की योजना बनाई थी। अमन साहू गिरोह झारखंड में पुलिस अधिकारियों और जेल कर्मचारियों पर गोलीबारी सहित कई सनसनीखेज अपराधों में शामिल रहा है। अमन साहू के मुख्य निशाने पर कारोबारी और ठेकेदार रहे हैं। गिरोह ने अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए राज्य के बाहर अलग-अलग नक्सली संगठनों और अन्य संगठित आपराधिक गिरोहों के साथ भी संबंध विकसित किए हैं।

## एशिया के सबसे बड़े मिट्टी डैम तेनुघाट के कायाकल्प की तैयारी

- गौरव होम प्वाइंट को डीपीआर बनाने की मिली जिम्मेवारी
- भवन निर्माण निगम और बोकारो जिला प्रशासन को भूमि चिह्नित करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एशिया के सबसे बड़े मिट्टी के डैम तेनुघाट का जल्द ही कायाकल्प होगा। इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। इसका डीपीआर बनाने की जिम्मेवारी गौरव होम प्वाइंट को सौंपी गयी है। साथ ही इसके लिए जरूरी भूमि के चिह्नित करने के लिए झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम और बोकारो जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है। बताते चलें कि पेटरवार के तेनुघाट में दामोदर नदी के पार एक मिश्रित मिप्ती का बांध है। पंचेत, मैथन, कोनार और तिलैया चार मुख्य बहुउद्देशीय बांध 1953-1959 के दौरान चालू किये गये थे।

### 224 क्यूसेक किया जाता है जल संचय

तेनुघाट डैम के जलाशय की गहराई 180 और परिधि 16000 फीट है, जिसमें 224 क्यूसेक जल संचय एक साथ किया जाता है। इस डैम का निर्माण बोकारो स्टील प्लांट और बोकारो शहर में जलापूर्ति के लिए किया गया था। वहीं ललपनिया में तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन की स्थापना की गयी, तो तेनु डैम का पानी विद्युत उत्पादन में सहायक सिद्ध हो रहा है।

### केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के प्रस्ताव पर शुरू हुआ काम

हरेक जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के प्रस्ताव पर बोकारो जिला प्रशासन ने तेनुघाट बांध क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। तेनुघाट बांध झारखंड सरकार द्वारा नियंत्रित है।, जबकि पंचेत, मैथन, कोनार और तिलैया डीवीसी (दामोदर घाटी निगम) द्वारा नियंत्रित है। तेनुघाट डैम 6 किलोमीटर लंबा, 55 मीटर ऊंचा मिप्ती से भरा तटबंध है, जो बोकारो स्टील प्लांट और बोकारो इंडस्ट्रियल एरिया को पानी की आपूर्ति के लिए बनाया गया था।

## जमानत पर जेल से बाहर निकले अपराधी पुलिस की रडार पर

### रांची में अपराधियों का वर्क वेरिफिकेशन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जमानत पर जेल से बाहर आए अपराधियों का वेरिफिकेशन रांची पुलिस ने शुरू किया है। रांची पुलिस ग्रामीण और शहरी थाना क्षेत्रों में रहने वाले अपराधियों के जेल से बाहर आने के बाद के काम का रिकॉर्ड रजिस्टर में मेंटेन कर रही है। कई बार ऐसा देखा गया था कि जमानत पर जेल से बाहर आए अपराधी पुलिस को यह जानकारी देते थे कि वे अमुक जगह काम कर रहे हैं, लेकिन वे वहां काम न करके अपराधी वारदातों में लिप्त रहते थे।

**कार्यस्थल का भी सत्यापन कर रही पुलिस :** ऐसे में अब, जब पुलिस अपराधी के घर उनका वेरिफिकेशन करने के लिए पहुंच रही है तो उनसे यह भी जानकारी ली जा रही है कि वह कहां काम कर रहे हैं। अपराधी के द्वारा दी गई जानकारी के बाद पुलिस की टीम उनके काम करने वाले जगह पर जाकर भी वेरिफिकेशन कर रही है, ताकि यह पता चल सके कि वाकई वह वहां काम कर रहे हैं या पुलिस को झूठी जानकारी दे रहे हैं। जांच के दौरान अगर जमानत पर जेल से बाहर निकला आरोपी किसी गैरकानूनी काम में लिप्त पाया जाता है तो उसकी रिपोर्ट तैयार कर उसकी जमानत रद्द करायी जाएगी।

**आरोपियों के सत्यापन का सिस्टम बदला :** जमानत पर जेल से बाहर निकले अपराधियों के सत्यापन का सिस्टम भी बदल दिया गया है। अब रांची पुलिस की टीम किसी भी समय अचानक अपराधी के घर पहुंच रही है और आरोपी घर पर है या नहीं इसकी जानकारी ले रही है। यही नहीं, अगर आरोपी घर में नहीं है और बाहर गया है तो पुलिस यह भी जानकारी ले रही है आरोपी कहां गया है। सारी बातें रजिस्टर में मेंटेन की जा रही है।

**दो दिनों में 80 से अधिक आरोपियों का सत्यापन :** पुलिस की टीम ने रांची के शहरी और ग्रामीण इलाके में पांच साल के भीतर जेल से छूटे अपराधियों का सत्यापन करने के लिए अभियान शुरू किया है। इस दौरान अब तक पुलिस ने 80 से ज्यादा वैसे अपराधी जो लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, चेन स्नैचिंग, चोरी आदि के मामले में जेल से छूटे हैं उन सभी के घर जाकर सत्यापन किया है। इस दौरान अपराधियों के रिश्तेदारों से भी पुलिस ने पूछताछ की और अपराधियों को सख्त हिदायत दी कि अगर वे किसी तरह के अपराध में शामिल पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### फरार मुजरिमों को भी किया जा रहा गिरफ्तार : एसएसपी

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि अपराधियों के वेरिफिकेशन के साथ-साथ फरार मुजरिमों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है। इस बार पुलिस ने अपने वेरिफिकेशन के पैटर्न को बदलते हुए दोहरे जांच की प्रणाली अपनाई है। इसके तहत जमानत पर जेल से बाहर आए अपराधी हकीकत में कौन सा काम कर रहे हैं इसकी जानकारी भी उनके कार्यस्थल पर जाकर जुटाई जा रही है।

## मतदान में शहरी उदासीनता को दूर करने में नगर निकाय निभायें प्रेरक की भूमिका : के रवि कुमार

- सीईओ की नगर विकास सचिव एवं नगर निकायों के प्रशासकों के साथ बैठक
- मतदाताओं के घर-घर सर्वेक्षण एवं जागरूकता अभियान में नगर निकाय के कर्मी सहयोग करें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के तहत नगर निकायों के पदाधिकारियों के साथ प्रोजेक्ट भवन सभागार में बैठक की। बैठक में नगर विकास विभाग के सचिव के अलावा सूडा एवं डीएमए के निदेशक भी मौजूद थे। बैठक में सीईओ ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक एवं मतदान- सजग बनाने के लिए नगर निकायों के पदाधिकारियों की भूमिका अहम है। वर्तमान में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अगले दो हफ्तों के अंदर मतदाता सूची का प्रकाशन होने जा रहा है। इन दो सप्ताह के भीतर ही मतदाता होने की पात्रता रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति का मतदाता पंजीकरण के लक्ष्य को हमें प्राप्त करना है।

निगम कर्मियों की प्रत्येक शहरी घर तक प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष पहुंच है

उन्होंने कहा कि नगर निगम के कर्मियों की प्रत्येक शहरी घर तक प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष पहुंच है। उनकी सहायता से हमारे बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मतदाता सूची के घर-घर सर्वेक्षण में बेहतर कार्य कर सकते हैं। इन दो हफ्तों में नगर निकाय एवं निर्वाचन के पदाधिकारियों को टीम भावना से काम करना है जिससे शहरी क्षेत्र का एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह पाये। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के कार्य हेतु शहरी क्षेत्रों में 69 अतिरिक्त एईआरओ भी लगाए गए हैं। इनके योगदान से नगर निकाय एवं निर्वाचन कार्यालय के बीच बेहतर सामंजस्य की स्थिति बनी है। सभी विभागों के बेहतर तालमेल के परिणाम स्वरुप ही विगत लोक सभा निर्वाचन में राज्य का बेहतर प्रदर्शन रहा। ठीक उसी प्रकार आगामी विधानसभा चुनाव में भी टीम भावना से कार्य करना होगा।

### विस चुनाव में भी नगर निकायों के पदाधिकारी की बेहतर भूमिका रहेगी

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि लोकसभा चुनाव की भांति विधानसभा चुनाव में भी नगर निकायों के पदाधिकारी की बेहतर भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के बहुत सारे मतदाताओं द्वारा अपने आवास जल्दी-जल्दी बदलने से निर्वाचन कर्मियों को उनके सत्यापन में परेशानी होती है, ऐसे मामलों में नगर निकाय के कर्मियों द्वारा समन्वयात्मक सहयोग जरूर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का काम भी नगर निकाय स्तर से किया जा सकता है। श्री के रवि कुमार ने कहा कि शहरी रैन बसेरों में रह रहे बेघर लोगों का चिंहितीकरण एवं मतदाता पंजीकरण के कार्य में भी निकायों से सहयोग अपेक्षित है। सूडा निदेशक अमित कुमार ने कहा कि निकायों के क्षेत्रकर्मी निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों की घर घर मतदाता सर्वेक्षण एवं जागरूकता अभियान में सहयोग करें। इस अवसर पर नगर विकास विभाग, नगर निकायों एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### मेडिका में जटिल सर्जरी कर बच्ची की बचायी जान



**रांची।** भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल के ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ राकेश अग्रवाल ने अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में जटिल पेल्विक इंजुरी के एक मामले का सफल ऑपरेशन किया। ईटानगर के एक युवक अभी हाल में हुए भूस्खलन की वजह से गंभीर चोट का शिकार हुआ था और उसकी स्री (पेल्विक) बुरी तरह से टूट गई थी। ऑपरेशन के समय उसकी इंज्यूरी को तीन सप्ताह हो चुका था। पेल्विक एसिटाबुलर इंज्यूरी ऑथोर्पेडिक सर्जरी की श्रेणी में सबसे जटिल माना जाती है। पेल्विक एसिटाबुलर इंज्यूरी की सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ राकेश अग्रवाल को ईटानगर, ट्रिम्स के डॉ लेनिन लिगू ने विशेषरूप से बुलाया और सफल सर्जरी कराई। वहीं डॉ नर्मल कुमार ने 4 वर्षीय बच्ची मरियम सड़क दुर्घटना में चोटील हो गई, उसके पैर और टखने में गंभीर चोट आई। चमड़ी, जोड़, टखना बुरी तरह खुल गया और ग्रोथ प्लेट पूर्णता अलग हो गया। डॉ निर्मल, प्लास्टिक सर्जन डॉ प्रिंस गुप्ता द्वारा शल्य चिकित्सा बच्ची को बचा लिया गया, बल्कि उसे पूर्णता चलने लायक बना दिया गया।

### श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर की प्रतिकृति का अनावरण व भूमि पूजन 09 अगस्त को

**रांची।** श्री राम जानकी तपोवन मंदिर, निवारणपुर, रांची के नवनिर्माण हेतु प्रस्तावित प्रतिकृति का अनावरण तथा भूमि पूजन माननीय श्री चंपत राय जी, सचिव, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के कर कमलों के द्वारा श्रावण मास शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि (विक्रम सम्वत 2081) दिनांक 09.08.2024 को प्रातः 9.30 बजे किया जायेगा। इस संबंध में श्री राम जानकी तपोवन मंदिर ट्रस्ट निवारणपुर, रांची के अध्यक्ष महंत ओमप्रकाश शरण ने आमंत्रण पत्र भेजकर सभी श्रद्धालुजनों से उक्त मौके पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने एवं मंदिर निर्माण में सहयोग का आग्रह किया है।

### छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा पर फैसला 14 को

**रांची।** आठवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के मामले में ट्रायल फेस कर रहा हरमू हाउसिंग कॉलोनी निवासी संदीप कुमार पोद्दार को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 14 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। घटना को लेकर पीड़िता के भाई ने अरगोड़ा थाना में 14 फरवरी 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़िता पटेल चौक स्थित दुकान में दोपहर 12.30 बजे लंच पहुंचाने गई थी। लेकिन वापस घर नहीं पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया। प्राथमिकी के बाद अभियुक्त को अरगोड़ा पुलिस ने 17 फरवरी 2020 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में अभियोजन की ओर से पीड़िता समेत 11 गवाहों को अदालत के समक्ष गवाही दर्ज कराई गई थी। वहीं बचाव पक्ष ने दो गवाहों को प्रस्तुत किया था। मामले में 1 अगस्त 2022 को अभियुक्त का बयान दर्ज किया गया था। अदालत ने बीते 19 जुलाई को फैसले की तारीख निर्धारित की थी।

### इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा ने मनाया नेशनल हैन्डलूम दिवस

**रांची।** इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची ने नेशनल हैन्डलूम दिवस पर बुधवार को मोराबादी मैदान बापू वाटिका में हैन्डलूम पर अपने सदस्यों के साथ चर्चा किया। इस अवसर पर मिथिला पेंटिंग के कलाकार अजीत झा एवं ललिता सिंह झा मौजूद थी। अजीत झा ने बताया यह कला हमें प्राचीन भारत की संस्कृति से जोड़ती है। क्लब की सदस्यों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट आइ एस ओ नीता नारायण अध्यक्ष दीपा चौहान, अम्बुजा शरण, संगीता शरण, रीता वर्मा, मंजु सिंह, डौली दूबे, ममता नारायण मौजूद थीं।

### पुलिस मुख्यालय से 71 सार्जेंट की वरीयता सूची जारी

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 71 प्रारक्ष अवर निरीक्षक (सार्जेंट) औपबंधिक वरीयता सूची जारी हुई। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी रेंज के डीआईजी के अलावा एसीबी स्पेशल ब्रांच, रेल और झारखंड जगुआर के डीआईजी को पत्र लिखा है। पुलिस मुख्यालय ने कहा कि अपने क्षेत्र के जिला और इकाई में पदस्थापित सार्जेंट के बीच यह वरीयता सूची को प्रसारित करें, यदि वरीयता सूची में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इसे 15 दिनों के अंदर समर्पित करें। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय ने वरीयता सूची में अंकित सूचना का मिलान संबंधित कर्मी की सेवा पुस्तिका और अन्य अभिलेख से करने को कहा है। यदि किसी प्रकार की गलती है तो इसकी सूचना उपलब्ध कराने को कहा है। यदि किसी सार्जेंट का वरीयता सूची में नाम छूट गया है या प्रकाशित वरीयता सूची के अनुसार पदस्थापित नहीं हो तो, ऐसे पदाधिकारी के संबंध में सूचना अलग से उपलब्ध कराने की बात कही है, ताकि उनका नाम वरीयता सूची में शामिल किया जा सके।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम करेगी संथाल क्षेत्र का दौरा

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की तीन सदस्यीय टीम 11 से 13 अगस्त तक संथाल परगना क्षेत्र का भ्रमण करेगी। आयोग की तीन सदस्यीय टीम में डा आशा लकड़ा, जाटोतु हुसैन व निरुपम चाकमा शामिल हैं। मालूम हो कि 26 जुलाई की रात केकेएम कालेज पाकुड़ के छात्रावास परिसर में पुलिस की ओर से बेरहमी पूर्वक आदिवासी छात्रों की पिटाई की गई थी। इस घटना में व 18 जुलाई की शाम महेशपुर प्रखंड स्थित गायबथान गांव में जमीन विवाद को लेकर बाबुरजी हेंब्रम के बीच मारपीट हुई थी। 28 जुलाई को आयोग की ओर से नोटिस जारी कर मुख्य सचिव एल ख्यिांग्ते, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता, पुलिस अधीक्षक पाकुड़ व उपायुक्त पाकुड़ से इस मामले की जांच कर तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट की मांग की गई थी।

# शिक्षक संघ ने वार्ता होने तक अनशन को किया स्थगित

## नहीं बनी बात तो 15 अगस्त से फिर बैठेंगे अनशन पर

### शिक्षकों के मुद्दों पर एक सप्ताह में होगी संघ के साथ अंतर्विभागीय बैठक शिक्षा मंत्री के निर्देश पर विभागीय संयुक्त सचिव ने अनशन स्थल पर दिया लिखित पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एमएसीपी, छठे वेतनमान की विसंगति और अंतरजिला स्थानांतरण की मांग को लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का चल रहा आमरण अनशन आज तीसरे दिन वार्ता के प्श्रात लिखित पत्र के आलोक में तात्कालिक रूप से स्थगित किया गया। शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम के निर्देश पर शिक्षा सचिव द्वारा संघीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अंतर्विभागीय बैठक कर आगे की कार्रवाई करने का पत्र अनशन स्थल पर शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव नंद किशीर लाल द्वारा भेजवाया गया।

इस दौरान खिजरी विधायक भी अनशन स्थल पर मौजूद थे। विभागीय मंत्री और शिक्षा सचिव के अनशन खत्म करने के अनुरोध पर लिखित पत्र के आलोक में संघ ने तत्काल सकारात्मक वार्ता होने तक के लिए आंदोलन स्थगित किया और संघ ने घोषणा की कि लिखित पत्र के अनुसार यदि सात दिनों के अंदर सकारात्मक बात नही होती है तो स्वतंत्रता दिवस के बाद पुनः अनशन शुरू कर दिया जाएगा। इससे पहले आज आंदोलन का तीसरे दिन हजारों की संख्या में शिक्षकों की भीड़ के बीच संचालित हुआ। आज के अनशन स्थल पर पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, हजारीबाग, चतरा, रांची, रामगढ़, देवघर, खूंटी, लोहरदगा जिले के शिक्षक शामिल एक्स प्रसाद, जुबेर अंसारी, निर्मल कुमार, अनूप कुमार सिंह, शंकर राम, ग्रेबियल क्लारेंश, सुरेंद्र पासवान, महबूब आलम को विधायक राजेश कच्छप ने जूस पिलाया और अनशन स्थल से उठाया। अनशन स्थल पर झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ, एम ए सी पी मोर्चा और अन्य सभी संवर्गो के शिक्षक संघ शामिल हुए, मंच संचालन सूरंजन कुमार ने किया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, महासचिव राम मूर्ति ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता नसीम अहमद, असादुल्लाह, दीपक दत्ता, सलीम सहाय तिग्गा, संतोष कुमार,, सुधीर दुबे , सुनील डूबे,धीरज कुमार, सुनील कुमार, बाल्मिकी कुमार, प्रभात कुमार, अजय साहू, गणेश प्रसाद,सगनेन टुड्डू, रमेश कुमार, सचिदानंद सिंह,विनय मांझी, उपेंद्र सिंह, असीम सिंह, आभा लकड़ा, माणिक प्रसाद,प्रेम शर्मा, संजय कुमार आदि शिक्षक प्रतिनिधि शामिल रहे और संबोधित किया।

## आवास बोर्ड अपनी खाली पड़ी जमीन पर बनेगी चहारदीवारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के चीफ इंजीनियर प्रवीण जयंत भेंगरा की अध्यक्षता में बुधवार को बोर्ड की समीक्षात्मक बैठक की गयी।

इसमें रांची, जमशेदपुर, धनबाद एवं हजारीबाग प्रमंडल के कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान विभिन्न प्रमंडलों में बोर्ड के खाली पड़े भूखंडों की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने पर फैसला हुआ।

अतिक्रमित बोर्ड के संपदाओं पर बोर्ड अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर उसे खाली कराये जाने पर भी विचार हुआ। आवंटियों द्वारा किये जा रहे व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध नोटिस निर्गत किए जाने और पूर्व से बचे संपदाओं तथा नये संपदाओं को ई- लॉटरी के माध्यम से आवंटन इत्यादि शामिल किया गया। पिछले माह 3 जुलाई को बोर्ड की हुई बैठक और उसमें लिए गये निर्णयों की समीक्षा के साथ साथ दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। बैठक में बोर्ड के सचिव, विधि पदाधिकारी और विभिन्न प्रमंडलों के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और अन्य भी उपस्थित थे।

**बांस रोपण का शुभारंभ :** बोकारो बीएसएल द्वारा सेक्टर 2 में स्थापित हैंडीक्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर में आठ विभिन्न प्रजातियां के 1800 बांस के पौधे लगाए जा रहे हैं। जिसका शुभारंभ निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी ईडी सीजीएम और बीएसएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हैंडीक्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर परिसर में किया। परिसर में लगाए जा रहे बांस के पौधे पर्यावरण को लाभ पहुंचाने के अलावा इस केंद्र में बांस आधारित हस्तशिल्प वस्तुओं के निर्माण के लिए कच्चा माल भी प्रदान करेंगे। हैंडीक्राफ्ट में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बीएसएल ने दुमका स्थित ईएसएएफ फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। हैंडीक्राफ्ट सेंटर में बने उत्पादों का मार्केटिंग लिंकेज पहले ही से स्थापित है और जल्द ही बोकारो एक शोरूम भी खुलेगा।

**खबर एक नजर में**

## सुदेश कुमार महतो ने राज्यपाल से की मुलाकात, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने आज राजभवन में नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई साथ ही उन्होंने राज्यपाल संतोष गंगवार को सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दी।

## नये राज्यपाल से मिले अशोक भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** विकास भारती बिशुनपुर के सचिव अशोक भगत झारखण्ड राज्य के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार भेंट किए। जहां श्री अशोक ने राज्यपाल को उनके नवदायित्व को लेकर उन्हें बधाई दिए साथ ही विकास भारती के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न आयामों से भी उन्हें अवगत कराया।

## भाजपा महानगर के उपाध्यक्ष बने विनय सिंह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा महानगर का उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह बने हैं। महानगर अध्यक्ष वरूण साहू प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर विनय कुमार सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। विनय कुमार सिंह रांची बीआइटी मेसरा से कंप्यूटर अप्लिकेशन में मास्टर और रूरल डेवलपमेंट में मास्टर इग्नू किया। विनय पूर्व में कार्यसमिति सदस्य रह चुके हैं।

रांची में पले बढ़े विनय का परिवार भी राजनीतिक क्षेत्रों में अब भी सक्रिय है। उपाध्यक्ष बनाये जाने के बाद विनय कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी ने उनके प्रति जो आस्था जताई है, उसका हम अक्षरशः पालन करेंगे। पार्टी हित में जो भी वरीय नेताओं का निर्देश होगा, उसे पूर्ण करेंगें। विनय कुमार सिंह के उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, डॉ प्रभाकर चौबे, विजय कुमार सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद अशोक समेत रांची भाजपा के महानगर के सदस्यों ने बधाई दी है।

## बालाजी मंदिर में श्री आण्डाल देवी की जयन्ती हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

**रांची।** बुधवार को श्रीलक्ष्मीवेंकटेश्वर मन्दिर में शरणागत जीवों की उपेक्षा नहीं करनेवाली, आत्मकल्याणकामी श्रीलक्ष्मी की अवतारिका की जयन्ती पांचरात्र आगम विधि से दक्षिण भारतीय शैली में मनायी गयी। समुज्वला अभिषेकम परिरंजीत शुद्धोदकाभिषेकम हरिद्रा अभिषेकम दधिअभिषेकम गौक्षीराभिषेकम गंगाजलाभिषेकम और मधु एवं डाभयुक्त जल से महाभिषेक हुआ ।

## खाटूनरेश का हरियाली पर्व अनुष्ठान संपन्न

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को खाटूनरेश का हरियाली पर्व अनुष्ठान विधि विधान रूप से मनाया गया । खाटूधाम की परंपरा के अनुसार श्रावण मास के अमावस्या स्नान के बाद बाबा श्याम का हरियाली पर्व मनाया जाता है । बाबा श्याम को नवीन पोशाक पहनाकर केसर चंदन का तिलक श्रृंगार किया गया।

## झारखंड कंप्यूटर शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने अधिकार मार्च निकाला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कंप्यूटर शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने अपने वेतन बढ़ोतरी के साथ- साथ अन्य मांगों को लेकर बुधवार को अधिकार मार्च निकाला। मार्च शहिद चौक से राजभवन तक निकाला गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार दॉ ने बताया कि विभिन्न सरकारी स्कूलों में आउटसोर्सिंग कंपनियों के द्वारा की गई है।

इस महँगाई के दौर में महज 8000 -9000 वेतन के रूप में कंपनिया 2017 से देती आ रही है, इसमें किसी प्रकार की बढोतरी नहीं हुई है। उन्होंने सरकार से न्याय दिलाने में सकारात्मक कदम उठाने की मांग की।

## असहाय परिवार के साथ खड़ा रहना ही जीवन का लक्ष्यः शिवलाल महतो

**रांची।** कांके विधान सभा अंतर्गत हुंदूर पंचायत हलदमा गांव में चरका मुंडा उम्र लगभग 45 का आकस्मिक निधन हो गया। समाज सेवी भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवलाल महतो के माध्यम से जैसे सुचना प्राप्त होते ही भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता समाज सेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने पीड़ित परिवार से मिलकर सहयोग राशि एवं क्रियाकर्म के लिए राशन प्रबंध कराया।

## बाल कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर की बाल कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर बुधवार को बैठक हुई। बैठक पहाड़ी मंदिर परिसर में राजेश साहू की अध्यक्षता में संम्पन हुई। समिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने बताया कि सभी बच्चों के लिए देवघर से कांवड़ एवं कलकत्ता से ड्रेस मंगाया गया हैं। शिव-पार्वती का बाल स्वरूप , जीवंत झाँकी मुख्य बाल कांवड़ यात्रा का आकर्षण का केंद्र होगा। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश साहू आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद थे।

## राज्यपाल से मिला चैंबर का डेलिगेशन, मार्केटिंग बोर्ड को भंग करने की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज का शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल द्वारा राज्य के आर्थिक विकास के लिए विभिन्न विषयों यथा माईन्स-मिनरल्स पर सरकार के स्तर से कार्रवाई की आवश्यकता, रुग्ण होते अभ्रक उद्योग के रिवाईवल के लिए हस्तक्षेप की आवश्यकता, खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने पर विचार, औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत संरचना का विकास, प्रदेश के उद्योगों की स्थापना के लिए पर्याप्त भूखंड की उपल्ब्धता पर विचार आवश्यक, गैर मजरूआ भूमि/बकास्त भूमि को फ्रीहोल्ड करने पर विचार करने, बालू घाट की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण करने, मार्केटिंग बोर्ड को भंग करने की पहल करने, राजधानी रांची में रेलवे का जोनल कार्यालय स्थापित करने का सुझाव समर्पित किया गया।

## मिथिलांचल का लोकपर्व मधुश्रावणी समाप्त

**रांची।** नव विवाहिता के लिए विशेष महत्व रखने वाला , पिछले 14 दिनों से प्रारम्भ हो कर, मिथिलांचल का लोकपर्व 'मधुश्रावणी' आज समाप्त हुआ। इस पूजन के लिए मिप्ती का नाग-नागिन, हाथी, गौरी, शिव की प्रतिमा बनायी जाती है. फिर मौसमी फल, मिठाई, तरह-तरह के फूल को चढ़ाया जाता है। आठवें और नौवें दिन प्रसाद के रूप में खीर रसगुल्ला का भोग लगाया जाता है। प्रतिदिन संध्या में नवविवाहिता आरती सुहागन गीत, कोहबर गीत गाकर भोले शंकर को प्रभावित करती हैं।

## इंटर स्कूल रेसिटेशन प्रतियोगिता में सुरेंद्रनाथ ने जीता खिताब

**रांची।** द इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चर सेंटर में बुधवार को इंटर स्कूल इंग्लिश रेसिटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अल्बर्ट गेस्ट, दिप्ति कुलकर्णी ,माया एंजेली हितेश कश्यप जैसे समकालीन कवियों के लोकप्रिय कविताएं सुनाएं। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार असद खान सुरेंद्रनाथ स्कूल, दूसरा पुरस्कार अर्शलीन कौर गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल,तीसरा पुरस्कार शिवांशिका भार्गवी जीडी गोयंका को मिला। यह जनकारी बिंदू प्रसाद ने दिया।

## बुनकरों को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा ने बुधवार को बुनकरों को सम्मानित किया। महिला मोर्चा ने तिरिल आश्रम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया। यह कार्यक्रम आरती सिंह के नेतृत्व में किया गया। मोर्चा की बहनों के द्वारा बुनकरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। खादी ग्राम उद्योग को बढ़ावा देने तथा स्वदेशी कपड़ों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया गया। देश भर में कुटीर एवं लघु उद्योग को जीवंत करने तथा स्वदेश में उत्पादित कपड़ों को अपने तथा आयातित कपड़ों का बहिष्कार कर लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने तथा देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए महिला मोर्चा की बहनों ने आह्वान किया। बुनकरों को सम्मानित कार्यक्रम में डॉ सीमा सिंह, रेनू तिर्की, नीलम चौधरी, सीमा पासवान, लवली गुप्ता, कुमुद झा तथा खादी ग्राम उद्योग के संचालक अभय चौधरी जी उपस्थित थे।

## झारखंड के पांच जिले में सबसे अधिक हुईं हत्याएं, रांची टॉप पर

**रांची।** झारखंड के पांच जिले में सबसे अधिक हत्याएं हुई हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते एक महीने में राज्य के अलग-अलग जिले में हत्या की 143 घटनाओं को अंजाम दिया गया। इनमें पांच जिलों (सरायकेला, हजारीबाग, गिरिडीह, रांची और दुमका) में हत्या का ग्राफ बढ़ा।

## जुडको में वेतन को लेकर हड़ताल, काम ठप

**रांची।** वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर जुडको के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर चले गये हैं। कचहरी स्थित कार्यालय खुलते ही कार्यालय के बाहर जुडको कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए काम न करने का फैसला लिया। कर्मियों का कहना है कि सालों से वे लोग काम कर रहे हैं, लेकिन मात्र तीन से चार प्रतिशत ही सालाना वेतन बढ़ता है। ऐसे में उनके साथ न्याय नहीं हो रहा है।

### छात्र प्रतिनिधियों को सौंपा गया कार्यभार

## छात्र परिषद नेतृत्व क्षमता विकसित करने की पहली सीढी: डॉ. नीता पांडेय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में सत्र 24-25 के लिए नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को एक सादे समारोह में दायित्व सौंपा गया। प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय और हाउस प्रमुखों ने प्रतिनिधियों को बैच और सैश सौंपा। अनमोल राज और आस्था चौधरी को सीनियर विंग जबकि रचित अहान मिश्रा और आद्रिका बनर्जी को जूनियर हेडगर्ल चुना गया है। पुष्कर कुमार मिश्रा और सानिया राजवंशी को स्पोर्ट्स, ईशान कालिंदी और अदिति भप्ताचार्य को कल्चरल तथा रचित इंदवार और सना शाहीद को असेंबली कैप्टन चुना गया है। मौके पर प्राचार्या ने कहा कि छात्र परिषद बच्चों में दायित्व निर्वहन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने की पहली सीढ़ी होती है। विद्यालय की दैनिक गतिविधियों के निष्पादन में छात्र प्रतिनिधियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका तो होती ही है, वे अन्य बच्चों के लिए एकता और अनुशासन के प्रतिमान भी होते हैं। इससे पहले बच्चों ने गणपति वंदना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम कों सफल बनाने में निरंजन शर्मा, आकृति गुप्ता , प्रियेश जयसवाल, संगीत शिक्षक सतीश मिश्रा, मोनिका मुंडू सहित हाउस प्रमुखों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ने संत माइकल नेत्रहीन विद्यालय में भोजन कराया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची की ओर से बुधवार को संत माइकल नेत्रहीन विद्यालय में लायन निशि अग्रवाल के पुत्र सक्षम के जन्मदिन के मौके पर नेत्रहीन बच्चों को दोपहर भोजन कराया गया। लायंस सदस्यों ने इन बच्चों के बीच कुछ पल समर्पित कर खुशियों को बांटा। इस अवसर पर पूर्व जिलापाल सिद्धार्थ मजूमदार द्वितीय उपजिलपाल शुभ्रा मजूमदार, पूर्व अध्यक्ष डा॰ हरमिंदर बीर सिंह, सचिव मनीष गाड़ोदिया, कोषाध्यक्ष डा॰ प्रदीप कुमा, रजनी मोर, वीणा अग्रवाल , सुजाता गाड़ोदिया, निशि अग्रवाल, राजकुमार नागवेशी उपस्थित थे।

## किसी भी मतदाता का नाम नहीं छूटे : आयुक्त

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने बुधवार को रांची तथा लोहरदगा जिले के मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। आयुक्त ने लोहरदगा सर्किट हाउस में ईआरओ एवं एईआरओ के साथ बैठक की। कहा कि किसी भी मतदाता का नाम नहीं छूटे, इस पर विशेष ध्यान दें। बीएलओ रजिस्टर बेहतर ढंग से संधारित करें। मतदाताओं का आधार संख्या लें। लंबित फार्मों का निष्पादन सुनवाई करते हुए समाप्त करने का निर्देश दिया।

## बीते 6 दिनों से अंधेरे में हैं सुकरहुटू के एक हजार लोग, जला ट्रांसफार्मर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांके प्रखंड के सुकरहुटू क्षेत्र के लोग पिछले 6 दिनों से अंधेरे मे रहने के लिए मजबूर है। पिछले शुक्रवार को तेज आंधी और भारी वर्षा के कारण ट्रांसफार्मर जल गया है। बिजली विभाग को क्षेत्र के निवासियों द्वारा कयी बार ट्रासफार्मर ठीक करने या बदलने का अनुरोध किया जा चुका है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ट्रांसफार्मर जले रहने के अंधेरे और गर्मी से लोग परेशान तो है ही, सांप-बिच्छू का भी भय बना रहता है। बच्चों की पढाई बाधित हो रही है, लघु उद्योग भी ठप्प पड़ गया है। सुकरहुटू के लोगों चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे मे ट्रांसफार्मर ठीक नहीं हुआ तो रिंगरोड जाम कर उग्र आंदोलन किया जायेगा। ट्रांसफार्मर जलने से 300 घरों के एक हजार से अधिक लोग प्रभावित है।

## हजारीबाग और देवघर सेप्टेज का उद्घाटन सितंबर के पहले हफ्ते में करायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने नगर निकायों को निर्देश दिया है कि अमृत योजना में स्वीकृत योजनाओं को पूरा करते हुये शहर वासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाये। सचिव ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा के क्रम मे यह निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि हजारीबाग एवं देवघर सेप्टेज प्रबंधन कार्य को 31 अगस्त तक पूरा करते हुये सितंबर के प्रथम सप्ताह मे इसका उदघाटन कराया जाये। 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं के कार्य मे तेजी लायी जाये। सचिव ने कहा कि गुमला एवं सिमडेगा नगर परिषद मे फिस्कल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य 31 अगस्त तक हर हाल में पूरा किया जाये। श्री राजकमल ने निकायों के प्रशासकों को शहरों में विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया।

## सावन मिलन समारोह में महिलाओं ने की मस्ती

डाँस के नाम से फोटो संजीव मे

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। साउथ ऑफिस पारा डोरंडा में स्थित गणेशला डांस अकादमी की ओर से बुधवार को सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सावन क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कई युवतियों ने भाग लिया और चिन्मय पटनायक को सावन क्वीन चुना गया। ऋतु बिस्वाश को दूसरा एव संध्या पांडेय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनामिका घोष ने किया। इस कार्यक्रम में प्रीतिभागी के रूप में अनामिका सिन्हा , पूनम साह , विभा सिन्हा शालिनी अखोरी , कल्पना सिन्हा सरिता गुप्ता ,प्रांजल अखौड़ी , रंजू सिंह , अनामिका पांडेय , प्रीति सक्सेना ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिल्पी घोष, आयुषी दीवान, शिवम् घोष का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## राष्ट्रीय परिषद की बैठक संपन्न

**रांची।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत तिब्बत सहयोग मंच की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र, समलखा, पानीपत (हरियाणा) में राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल के नेतृत्व में आयोजित की गई। मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज आर के खीरमे, और तिब्बत निर्वासित सरकार की रक्षा मंत्री गेएरी डोलमा मंच पर विशेष रूप से उपस्थित थे। दिव्यानंद ने बताया कि बैठक में संगठन की गतिविधियों पर गहन चिंतन मनन और मंथन हुआ।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के वात्सल्यम कार्यक्रम में छात्रों ने इंद्रधनुषी छटा बिखेरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने नर्सरी और केजी-1 के छात्रों द्वारा रेस्प्लेंडेंट रेनबो थीम पर वार्षिक कार्यक्रम वात्सल्यम का आयोजन गुधवार को किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय की हेड गर्ल ने सत्र 23-24 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मुख्य कार्यक्रम में इंद्रधनुष के विभिन्न रंगों और हमारे जीवन में उनके महत्व को दशार्ने वाले विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने भगवान कृष्ण को समर्पित एक आकर्षक नृत्य भी प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक समृद्धि का मिश्रण करके भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव की अद्भुत झांकी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का समापन स्कूल गीत के बाद राष्ट्रगान के साथ हुआ। प्राचार्या परमजीत कौर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी दादा-दादी और माता-पिता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम सभी परिवारों को जुड़ने और अच्छे समय को याद करने का मौका देते हैं।



## दोषी पर कार्रवाई करें रांची विश्वविद्यालय के कुलपतिः युवा आजसू

**रांची।** युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल युवा आजसू रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर विगत कुछ दिनों पहले मारवाड़ी कॉलेज में घटी घटना की लिखित शिकायत रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से की। इसी दौरान मारवाड़ी महाविद्यालय के नॉन टीचिंग स्टाफ प्रमोद माली, रविंद्र कुमार चौरसिया के साथ पहुंचे और उन्हें मारपीट करने की धमकी दी।

स्पीड न्यूज

## एसीसी कॉलोनी से बाइक की चोरी

**खलारी।** एसीसी कॉलोनी के एफ-टाईप निवासी अवधेश यादव के घर के बाहर से बीती रात दो अज्ञात चोरो ने बाइक चोरी कर ले भागे। अवधेश यादव एफ-टाईप निवासी वरिष्ठ पत्रकार अरूण कुमार चैरसिया की बाइक ले कर अपने घर आये और गेट के बाहर खड़ा कर दिया। रात में घर के अंदर रखने गये तो देखा बाइक गायब थी। उन्होंने खलारी थाना में मामला दर्ज कराया है।

## ऐनुल अंसारी ने बारिश में ढहे मकानों का लिया जायजा

**पिस्कानगड़ी।** रांची लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्यासी युवा समाजसेवी ऐनुल अंसारी ने बुधवार को नगड़ी प्रखंड क्षेत्र गांवों का दौरा कर अत्यधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के जायजा लिया । इस क्रम में ऐनल अंसारी ने दौरा कर बसीला गांव के बगीचा टोली निवासी सम्मा परवीन का कच्चा मकान बारिश होने के कारण गिर जाने से भरी क्षति हुआ है। ऐनुल अंसारी ने शम्मा परवीन को प्रखंड विकास पदाधिकारी से क्षतिग्रस्त मकान का क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## इटकी की रानीखटंगा में लगा डाक चौपाल



**इटकी।** प्रखंड के रानीखटंगा पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को केन्द्रीय डाक अनुमंडल द्वारा डाक चौपाल का आयोजन किया गया। डाक चौपाल में विभाग द्वारा चलाये जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट्रल सब डिवीजन रांची के सहायक डाक अधीक्षक श्री अजय कुमार के अलावे मुखिया राजन किस्पोट्टा, विधायक प्रतिनिधि सुनील मिंज व रंथू ऊराइन अपने संबोधन में पुराने दिनों को याद करते हुए डाक विभाग के सुनहरे दिनों का जिक्र किया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## पांच दिन से लापता महिला का सुराग नहीं

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के हेठ नगड़ू गांव से गायब 60 वर्षीय महिला बासो देवी का बीते पांच दिनों के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। विगत तीन अगस्त की शाम पांच बजे अपने घर से मंदिर जाने को कह कर घर से निकली है। इस के बाद से अपने घर लौट कर नहीं आई। इस संबंध में महिला बासो देवी के पुत्र मोतीलाल कुमार महतो ने सिकिदिरी थाने में मामला दर्ज कराते हुए अपनी मां को खोज निकालने की पुलिस से गुहार लगाई है।

# मतदाता पहचान पत्र की त्रुटियों को सावधानीपूर्वक दुरुस्त करें

### प्रमंडलीय आयुक्त ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा, दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक अंजनी कुमार मिश्र ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की समीक्षा के लिए बुधवार को बेड़ो पहुंचे। जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की समीक्षा की। मतदान केंद्रों में बीएलओ द्वारा मतदाताओं से प्राप्त प्रपत्र 6,7 व 8 की विस्तृत समीक्षा की गयी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी फार्म में आवेदक व आवेदिका का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। उनके मंतव्य के बिना फार्म भरना उचित नहीं है। इसलिए उनके हस्ताक्षर संबंधित जगह पर होना अनिवार्य है। साथ ही मतदाता पहचान पत्र से संबंधित व अन्य त्रुटियों को दूर करते हुए पुनरीक्षण कार्यक्रम को सावधानी पूर्वक करें ताकि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित ना हो। उन्होंने दिव्यांगजनों को मतदान के समय आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। इसके पूर्व उन्होंने राजकीय मध्य विद्यालय बेडो बालक में तीन मतदान केंद्रों 231, 232 एवं 233 का भौतिक निरीक्षण भी किया। वही 18 वर्ष की उम्र के योग्य मतदाताओं को जोड़ने, मृतकों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 66 मांडर सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रताप मिंज प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव सुपरवाइजर राजेश कुमार नायक बीएलओ सरस्वती देवी उपस्थित थी।

## भोंडा में तेज बारिश से घर धंसा, बाल-बाल बचे लोग

### दूसरे के घर में लिया शरण

**रातू।** भोंडा में मंगलवार की रात करीब 9 बजे तेज बारिश से मिट्टी की पुस्तैनी खपरैल घर धंसने से रियाजुल, उनकी पत्नी फातमा खातून तथा उनके तीनों बच्चे बाल-बाल बच गये। जिस समय मकान की छत गिरी, परिवार के लोग बरामदे में खड़े थे। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के समक्ष आवास की समस्या खड़ी हो गयी है। उन्होंने किसी तरह रात गुजारी। बुधवार की सुबह गांव के कलाम अंसारी ने दरिया दिली का परिचय देते हुये पीड़ित परिवार को अपने नये मकान में शरण दे दी है। रियाजुल अंसारी पेशे से मजदूर हैं। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मकान गिरने से उन पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। श्री अंसारी ने सीओ सह बीडीओ से मदद की गुहार लगायी है।

**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Construction of Jharkhand Balika Awasiya Vidyalaya, Sadar Hazaribagh located in Hazaribagh District of North Chotanagpur Division of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 30.08.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Ref. No.: JEPC/CIV/03/1017/2024/2888 Ranchi, Date : 06 .08.2024

Sd/-
(Aditya Ranjan)
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 332076 Jharkhand Education Project CouncilP(24-25)#D

## खलारी : गुलाम रसूल सदर और फैय्याजुद्दीन सिद्दीकी सेक्रेटी बने

### खलारी जामा मस्जिद कमेटी के सदर और सेक्रेट्री पद के लिए हुआ चुनाव



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी जामा मस्जिद कमेटी के सदर और सेक्रेटरी पद के लिए चुनाव बुधवार को सम्पन्न हुआ। इस दौरान कमेटी के 63 सदस्यो ने सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12.30 बजे तक अपने वोट डाले। जिसके बाद वोटों की गिनती की गई। जिसमें 40 वोट प्राप्त कर गुलाम रसूल सदर पद के लिए चुने गए एवं 48 वोट प्राप्त कर फैय्याजुद्दीन सिद्दीकी जामा मस्जिद खलारी के सेक्रेटरी बने। दोनों के निर्वाचित होने पर जामा मस्जिद खलारी कमेटी के लोगों ने खुषी प्रकट करते हुए दोनों को बधाई दी। बधाई देने वालों में मोहम्मद शाहनवाज आलम, गुलाम सरवर, जहीर अंसारी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी अहमद, असलम अंसारी, शाहिद अंसारी, मो अल्ताफ, नसीम अंसारी, नसीम अहमद, मोहम्मद चांद, अशरफ खान, मोहम्मद तबारक, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद सरताज, मोहम्मद वारिस, सब्बा कैसर सहित अन्य शामिल है।

## बिजुलिया के बुद्धा नर्सिंग में मना विश्व स्तनपान सप्ताह

### नुक्कड़ नाटक का किया मंचन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज की ओर से संचालित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज, बिजुलिया में विश्व स्तनपान सप्ताह की धूम रही। विद्यार्थियों ने पोषक क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया और महिलाओं को इसके महत्त्व की जानकारी दी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। रंगोली भी बनायी गयी। ग्रामीणों ने इसे खूब सराहा' छात्राओं ने बताया कि मां का खिरसा दूध अमृत के समान होता है। इससे बच्चे निरोग होते हैं' कॉलेज की प्राचार्या ज्योति तिर्की ने कहा कि जन्म के एक घंटे के अंदर बच्चे को मां का दूध मिल जाय, तो बच्चे के स्वास्थ्य पर इसका अनुकूल असर पड़ता है। संस्थान में छात्र-छात्राओं को बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, पारा मेडिकल और डी फार्मा का कोर्स कराया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधन समेत विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

**अभियान में लिया हिस्सा**

प्राचार्य ज्योति तिर्की, मैनेगिंज हेड आशीष कुमार, प्रबंधक हिमांशु सिंह, निकित कुजुर, हिना परवेज, निधि पाठक, पूनम कुमारी, दीपक रजक, नवनीत कुमार, मो मोकिम, कुंदन कुमार, जुगनू, मो साकिब, मो वारिस व अभिषेक कुमार आदि।



# पर्यावरण संरक्षण के लिए दलादिली में पौधरोपण

### कर्त्तव्य पथ संस्था का पर्यावरण बचाओ अभियान, ग्रामीणों को दिये पौधे

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** प्रदेश भाजपा चुनाव प्रबंधन प्रमुख सह कर्तव्य पथ संस्था के संस्थापक मृत्युंजय शर्मा की ओर से पर्यावरण बचाओ अभियान बदस्तूर जारी है। बुधवार को दलादिली के बजरंग नगर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। ग्रामीणों ने श्री शर्मा के इस पहल की तारीफ करते हुये गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। संस्था के संस्थापक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण और मां के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का एक सार्थक तरीका है। यह कार्यक्रम लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और उन्हें वृक्षारोपण के महत्व को समझाने का एक अच्छा अवसर है। इससे पूर्व दो सौ लोगों के बीच पौधे का वितरण किया गया।

**लाभकारी हैं पेड़-पौधे**

सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक मिश्र ने पेड़-पौधे को लाभकारी बताते हुये इसके संरक्षण की वकालत की। उन्होंने संस्था की ओर से किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुये कहा कि इससे समाज को सकारात्मक संदेश देने में मदद मिलेगी। जितेंद्र तिवारी ने भी अपनी बातें रखी। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/08/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | BOQ की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | (A) प्रखण्ड बारियातु पंचायत अमरवाडीह ग्राम बानालात में सतबहिनी नदी से रामेश्वर गंझू के घर तक सोहरवाटाड़ होते हुए पी०सी०सी० पथ निर्माण।<br>(B) प्रखण्ड बारियातु पंचायत शिबला ग्राम शिबला में पुराना शिबला से डोकिया होते हेतु बिश्रामपुर देवी मण्डप तक पी०सी०सी० पथ निर्माण।<br>(C) प्रखण्ड बारियातु पंचायत अमरवाडीह ग्राम बानालात में सत्यनारायण सिंह के घर से पीपल पेड़ P.W.D रोड़ तक शिव मंदिर होते हुए पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 20491749 | 410000 | 10000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.08.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.08.2024 से दिनांक 18.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.08.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR 332123 (Rural Development) 24-25 (D)

**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा।**

**वेदव्यास आवास निर्माण, 2024–25 हेतु आवदेन–पत्र आमंत्रण सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 22 दिनांक 26.07.2024 से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में जिले में वित्तीय वर्ष 2024–25 में वेदव्यास आवास निर्माण योजनान्तर्गत लघु शीर्ष 101 में 15 एवं लघु शीर्ष 789 में 03 कुल 18 आवास निर्माण का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वेदव्यास आवास निर्माण हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

वेदव्यास आवास निर्माण योजनान्तर्गत आवदेकों का चयन हेतु अर्हत्ताएँ निम्न प्रकार है।
1. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने के कार्य तथा मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों।
2. गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. घर हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घर वालों को भी कंडिका 1 एवं 2 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है।
4. प्रति आवास देय राशि मो0 191200/रू0 मात्र है।
5. एक परिवार से एक ही लाभुक को आवास देय होगा।
6. भू स्वामित्व प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
7. पूर्व से किसी अन्य सरकारी योजना से आवास का लाभ न मिला हो। (प्रखण्ड विकास पदा0 के स्तर से सत्यापन कराना अनिवार्य है।)
8. बैंक खाता तथा आधार कार्ड/वोटर आई डी कार्ड की छायाप्रति।
9. दिव्यांग आवेदकों के लिए दिव्यांगता संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

नोट :– 1. आवेदक के पूर्व के घर का जिस पर वेदव्यास आवास निर्माण होना है का GPS फोटो (लाभुक स्वयं खड़े होकर) संलग्न करें।
2. आवेदन पत्र के सभी बिन्दुओं को पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से भरना अनिवार्य है तथा निर्धारित स्थानों पर संबंधित पदाधिकारी का अनुशंसा आवश्यक है।
3. आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा अथवा सिंगल विंडो सिस्टम में आधार कार्ड अथवा कोई अन्य पहचान पत्र दिखाकर प्राप्त किया जा सकता है।
4. आवेदन प्रपत्र के साथ वांछित सभी कागजात संलग्न करना अनिवार्य है तथा आवेदन जमा करने के उपरांत किसी भी तरह का कागजात एवं अधूरा आवेदन भी स्वीकार नहीं होगा।

**कार्यालय से आवेदन प्राप्ति एवं जमा की अंतिम तिथि :– 20.08.2024**

जिला मत्स्य पदाधिकारी
कोडरमा।

PR 332091 (Fish) 24-25 (D)

# बाबूलाल मरांडी ने कांवरियों को बैद्यनाथ धाम किया रवाना



भक्तों के साथ जयकारा लगाते बाबूलाल मरांडी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बुधवार को ओरमांझी पहुंचे। उन्होंने ओरमांझी प्रखंड से भगवान शिव के जलाभिषेक करने देवघर जाने वाले कांवरियों को अंग वस्त्र ओढा कर विदा किया। वहीं उन्होंने कांवरियों व उपस्थित लोगों के साथ बोल-बम की जयकारा लगाया। कहा देवघर सिर्फ झारखंड ही नही विभिन्न राज्य के कांवरिया देवघर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि श्रावण माह शिवभक्तों के लिए विशेष होता है। कहा जाता है कि इस माह में जलाभिषेक करने वाले भक्तों पर शिव की विशेष कृपा होती है। देवघर जाने से पूर्व सभी कवारिंयों ने मंदिरों में माथा टेका और बोल-बम की जयकारा लगाए।

**मौके पर ये लोग थे मौजूद**

मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, मानकी राजेंद्र शाही, रणधीर चौधरी, अमरनाथ चौधरी, दिलीप मेहता, शषि मेहता, नंदकिशोर साहू, लक्ष्मण साहू, बालक पाहन, आलखनाथ महतो, धनंजय महतो, दीनदयाल लोहरा, भुपेश महतो व नीरज सोनी सहित देवघर जाने वाले कांवरियों के अलावा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department (Co-Operative Division)
**OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI**
**INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI**

**Short e-tender Notice**
Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/07/2024-25
Date:- 06.08.2024

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Name of work | Construction of Vermi Shed at Various Places of Jharkhand. |
| 02. | No Of Unit | 100 |
| 03. | Estimated Value of work (INRs) | 1,07,000 X 100 = 1,70,00,000.00 |
| 04. | Earnest Money (IN Rs) | 3,40,000.00 |
| 05. | B.O.Q. Cost (IN Rs) | 10,000.00 |
| 06. | Time of Completion | 06 Months |
| 07. | Date Of Publication on Website | 16.08.2024 AT 11:00 AM |
| 08. | Last Date & Time of Submission of bids | 24.08.2024 Up to 05:00 PM |
| 09. | Name & Address of Office Inviting Tender | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, 4th Floor Pasupalan-Sahkarita Bhawan, Singh More Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 |
| 10. | Contact No of Procurement Officer | 7979760612, 7250895727 |

02. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 16.08.2024 at 11:00 AM to 24.08.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 24.08.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be Opened at 05:00 PM on 27.08.2024.
03. Estimate Cost May Vary.
04. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR.NO.332119 Co-opretive(24-25):D

**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 13 वर्ष 2024–25**
**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 13.08.2024 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 14.08.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :14.08.2024 को 03:30 बजे अपराह्न, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत हेरहंज ग्राम मेराल में पीच रोड से ललीत गंझू के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1315100 | 26500 | 2500 | 02 माह |
| 2 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत हेरहंज ग्राम धूर्रे में बजरंग बली स्थान से झमेला महुआ तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 641400 | 13000 | 1250 | 02 माह |
| 3 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत तासु ग्राम तासु में कसियाडीह पीच रोड से मध्य विद्यालय तासु तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1851700 | 37500 | 5000 | 03 माह |
| 4 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत चीरू ग्राम चीरू में मझिला टोला में नान्हु सिंह के घर से बबलू गंझू के घर होते हुए उत्तन सिंह के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1672800 | 33500 | 5000 | 03 माह |
| 5 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत चीरू ग्राम सेरका में मध्य विद्यालय सेरका से आंगनबाड़ी तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2498400 | 50000 | 5000 | 03 माह |
| 6 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत डीही ग्राम डीही में पंचायत भवन से उमर के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2153500 | 43500 | 5000 | 03 माह |
| 7 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत डीही ग्राम मुरुप में वैद्य जी के घर से चापे मदरसा तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 3275100 | 66000 | 5000 | 03 माह |
| 8 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग ग्राम हेसलबार में तलहा नदी से हेसलबार स्कूल तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 4369700 | 87500 | 5000 | 03 माह |
| 9 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग ग्राम सासंग में मंगलदेव उरांव के घर से नूर मिया के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 606700 | 12500 | 1250 | 02 माह |
| 10 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग ग्राम पतरातु में देवा उरांव के घर से लक्ष्मण उरांव के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1096700 | 22000 | 2500 | 02 माह |
| 11 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत जालिमखुर्द ग्राम उदयपुरा में शंकर उरांव के घर से पी०डब्लू०डी० रोड तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2226100 | 45000 | 5000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. ग्रुप संख्या 01–05 तक के निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो प्रखण्ड हेरहंज के संवेदक भाग लेंगे। संवेदक के अन उपलब्धता या कार्य की अधिकता होने की स्थिति में प्रखण्ड हेरहंज के निकटतम प्रखण्ड बारियातु एवं बालूमाथ के संवेदक को कार्य आवंटन पर विचार किया जाएगा।
11. ग्रुप संख्या 06–11 पर अंकित योजना में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक भाग लेंगे।
12. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13- वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 332098 (Rural Development)24-25*D

# बांग्लादेश में कट्टरपंथी

**हा**ल के दिनों में बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी से जुड़े छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबिर (आईसीएस) को पाकिस्तान में काम कर रही कुछ चीनी कंपनियों की ओर से फंडिंग भी दी गयी थी। इन पैसों का इस्तेमाल बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जनभावनाएं भड़काने और छात्रों का आंदोलन खड़ा करने में किया गया था। बताया जा रहा है कि चीन और आईएसआई की मिलीभगत से यह तय किया गया था कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को गिराने के लिए कब क्या किया जाना है। इस्लामी छात्र शिबिर आईएसआई के बेहद नजदीकी माने जाने वाले देवबंदी आतंकी समूह हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) के साथ काम रहा था। भारतीय खुफिया एजेंसियां लंबे समय से इस्लामी छात्र शिबिर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थीं क्योंकि उन्हें खबर लगी थी कि भारत विरोधी एजेंडा आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई जा रही है। बताया यह भी जा रहा है कि इस्लामी छात्र शिबिर के कुछ सदस्यों को पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रशिक्षण भी दिलाया गया था। इस संबंध में कुछ वीडियो भी हाल के दिनों में खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के हाथ लगे थे। बताया जा रहा है कि इन सबका एकमात्र उद्देश्य यही है कि बांग्लादेश में भी अफगानिस्तान के तालिबान जैसी सरकार बनाई जा सके। चीन भी देख रहा था कि जिस तरह बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना विभिन्न मुद्दों पर चीन को वरीयता देने की बजाय भारत के साथ खड़ी हो जाती हैं उस स्थिति से तभी छुटकारा मिल सकता है जब बांग्लादेश में पाकिस्तान समर्थित सरकार बन जाये। इन तथ्यों को नकारा नहीं जा सकता है कि भारत पर बांग्ला देश का संकट सामान्य तख्तापलट से कहीं बहुत बड़ा है।

# 19 हजार भारतीय फंसे

**बां**ग्लादेश की भयानक स्थिति और प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत आने के एक दिन बाद भारत के विदेश मंत्री ने आज राज्यसभा में बयान दिया है। बांग्लादेश में छात्रों समेत भारतीयों से लेकर वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा चिंता का विषय बनी हुई है, इस बीच जयशंकर ने राज्यसभा में कहा कि सरकार बांग्लादेश की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए। हम अपने राजनयिक मिशनों के माध्यम से बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ नजदीकी से लगातार संपर्क में हैं। वहां अनुमानित 19,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से लगभग 9000 छात्र हैं। ज्यादातर छात्र जुलाई में लौट आएङ्ग हम अल्पसंख्यकों की स्थिति के संबंध में भी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, ह्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समूहों और संगठनों द्वारा पहल की खबरें हैं। स्वाभाविक रूप से, कानून-व्यवस्था बहाल होने तक हम बेहद चिंतित रहेंगे। इस जटिल स्थिति में हमारे सीमा सुरक्षा बलों को विशेष रूप से सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। पिछले 24 घंटों में, हम ढाका में अधिकारियों के संपर्क में हैं। उन्होंने कुछ समय के लिए भारत आने की मंजूरी का अनुरोध किया। हमें उसी समय बांग्लादेश के अधिकारियों से उड़ान मंजूरी के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ। वह कल शाम दिल्ली पहुंचीं। बता दें कि अब तक जारी हिंसा में 450 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और बांग्लादेश में सरकार विरोधी व्यापक प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना के अचानक इस्तीफा देने और देश छोड़कर चले जाने के एक दिन बाद स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के नेताओं ने कहा कि वे नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मोहम्मद यूनुस को देश की अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाना चाहते हैं।

# आदिवासी समाज संघर्ष कर आगे बढ़ रहा है



**आदिवासी** समाज प्रारंभ से ही संघर्ष करता रहा है। इनके भाग्य में संघर्ष की लिखा हुआ है। इसके बिना यह समुदाय शायद ही अपनी पहचान और अस्तित्व को बचा पाने में सफल हो पायेगा। विश्व के आदि मानव को इतनी त्रासदियों, परेशानियों, कठिनाइयों, चुनौतियों, संघर्षों से गुजरना पड़ेगा, शायद ही कोई कल्पना कर सकता है। मानव समुदाय संघर्ष के बिना अपनी अस्तित्व को नहीं बचा सकता है, और न ही जीवन में कुछ कर सकता है लेकिन आदिवासियों की तो अलग ही व्यथा कथा है। यह समुदाय अपनी आजीविका के लिए ही नहीं अपितु अपनी पहचान और अस्मिता के लिए भी हजारों वर्षों से संघर्ष कर रहा है। आदिवासियों ने जितना संघर्ष किया है इतना किसी भी समुदाय के लोगों के द्वारा नहीं किया गया है। अन्य समुदाय अपनी आजीविका, विकास और आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करता रहा है लेकिन आदिवासी आजीविका के साथ ही अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए हर रोज आवाज बुलंद करता रहा है। आदिवासियों के लिए संवैधानिक प्रावधान भी हैं लेकिन उसकी तो ऐसी फजीहत की गयी है कि उसका रहना या न रहना बराबर सा प्रतीत होता है। आदिवासियों को कथा कथित सभ्य समाज के लोगों ने इंसान की श्रेणी में कभी रखा ही नहीं। तभी तो इनके कानूनों को कानून के रूप में कभी देखा ही नहीं गया। अत्याचार, अन्याय,शोषण के शिकार होते रहे हैं। हक और अधिकार छीने जा रहे हैं। इसे बचाने के लिए आदिवासी समाज प्रारंभ से मुखर रहा है। यह आज भी जारी है। आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए कुछ दंपतियों ने अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया है। आदिवासी विश्व दिवस के अवसर पर हम इन दंपतियों के बारे में प्रकाशित रहे हैं।

**सुनील मिंज- ज्योति लकड़ा**

इस दंपती का क्या कहना? सुनील मिंज और ज्योति लकड़ा का आदिवासी समाज के लिए इस तरह समर्पण रहा है जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। संयोग ऐसा कि दोनों ने स्कूली जीवन से आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना प्रारंभ किया जो आज भी जारी है। सुनील मिंज गढ़वा जिले के गोठानी गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने सातवीं कक्षा से विस्थापन के खिलाफ आंदोलन में भाग लेना प्रारंभ कर दिया था। जब वे सातवीं कक्षा में थे, तभी कुटकू डैम के खिलाफ आंदोलन करते वक्त जेल भी गये। आंदोलन में शामिल 25 अन्य साथियों के साथ उन्हें विस्थापन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जेल जाना पड़ा था। उस समय आंदोलन के बारे में उनकी उतनी समझ नहीं थी, लेकिन आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए आवाज उठाने का बीजारोपण हो चुका था। जब वे संत जेवियर कॉलेज पढ़ने के लिए आये तब, उन्हें पलामू प्रमंडल के प्रगतिशील छात्र संघ का सचिव बनाया गया। इसके बाद उन्हें आंदोलन का जिम्मा दिया गया। यहीं से आदिवासियों के लिए संघर्ष करने के लिए विचार पौध बड़ा होने लगा। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने वॉल मैगजीन का प्रारंभ किया। दीवारों पर आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ अपने विचार देने लगे। कॉलज की पढ़ाई के बाद सुनील मिंज मीडिया जगत में आदिवासियों के अकाल को समाप्त करने के लिए बीड़ा उठाया। इसी क्रम में 1996 में उन्होंने अखड़ा की स्थापना की।



-कोरेनलुईस मिंज

> सुनील मिंज ने कई विस्थापन आंदोलन में सक्रिय योगदान दिया है। कुटकू आंदोलन, नेतरहाट आंदोलन, कोइल कारो आंदोलन, काठीकुंड आंदोलन आदि में बड़ी भूमिका निभायी है। सुनील मिंज का सपना था कि आदिवासियों को मीडिया जगत में लाना। इसके लिए उन्होंने सकारात्मक प्रयास भी किये। इसका नतीजा आज कुछ सामने नजर आता है। आदिवासी समाज के लोग मीडिया में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम कर रहे हैं।

इसके तहत उन्होंने आदिवासियों के जीवन को डॉक्यूमेंटेड करने लगे। बगैर प्रशिक्षण के चुनौतियों को स्वीकार करते हुए लेखन की दुनिया में पदार्पण किया। संवाद फीचर ट्रेनिंग चलाया। इसके माध्यम से दूसरों के 800 लेखों का विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित कराया। ग्रामीण पत्रकारिता के एक टोली बनायी। सुनील मिंज कॉलेज जीवन में हेराल्ड सैमसन टोपनो, महादेव टोप्पो, मेघनाथ आदि आदिवासी समाज के चिंतकों से प्रेरणा लिये। सामाजिक बदलाव के लिए इनसे हमेशा बातचीत करते थे। सुनील मिंज अपने बडे भाई जयप्रकाश मिंज भाकपा माले के नेता थे जिनके आंदोलन से बहुत प्रभावित थे। उन्हें के पथ पर अग्रसर होते हुए गरीब आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए नौकरी की परवाह किये बिना सामाजिक कार्य में जुटे हुए हैं। सुनील मिंज ने कई विस्थापन आंदोलन में सक्रिय योगदान दिया है। कुटकू आंदोलन, नेतरहाट आंदोलन, कोइल कारो आंदोलन, काठीकुंड आंदोलन आदि में बड़ी भूमिका निभायी है। सुनील मिंज का सपना था कि आदिवासियों को मीडिया जगत में लाना। इसके लिए उन्होंने सकारात्मक प्रयास भी किये। इसका नतीजा आज कुछ सामने नजर आता है। आदिवासी समाज के लोग मीडिया में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम कर रहे हैं। सिनेमा जगत और फोटोग्राफी में आ रहे हैं। इनके आंदोलन और कार्य से आदिवासी समाज को एक दिशा मिलती रही है। बढ़निया का सच पुस्तक का लेखन करके बरवाडीह प्रखंड के बढ़निया गांव के पांच मुंडा आदिवासी परिवार के सदस्यों को मुआवजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। इस पुस्तक में उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों गोली लगने से पांच मुंडा आदिवासियों की हत्या हुई थी। जिसे सरकार भी गलत साबित कर रही थी,

परंतु तथ्यपरक और ठोस सबूत के आधार पर उन्होंने इस पुस्तक लेखन कर इसे सही साबित कराने में सफलता पायी। सरकार ने इसे सही माना और मारे गये लोगों के परिवारों को मुआवजा भी मिला। कुटकू और नेतरहाट आंदोलन करके इन परियोजनाओं को रोक कर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। आदिवासियासें के लिए आवंटित राशि की बंदरबाट को रोकने के लिए बजट विश्लेषण कर फंडों के दुरूपयोग को जनता के सामने लाने में सफल रहे हैं। अब तक जन सरोकारों से जुड़ी 12 से अधिक पुस्तकों का लेखन किया है।

## खास बात

# दृढ़ धारणा

**मुरलीधर**

**आदिवासियों** के मन में दृढ धारणा है की परमसत्ता अपने पूर्व प्रबंध और भलेपन के तहत मनुष्यों से पशुओं तथा पक्षियों के माध्यम से बात करता है उदाहर्ण के लिए यदि कोई आदिवासियों का समूह वधु देखने के लिए जा रहा है और एक सियार पार होता है अथवा एक सूइया (एक छोटी काली चिड़िया) रास्ते को काटते हुए उड़कर पार होती है तो यह चिन्ह है कि परमसत्ता इस विवाह संबंध की अनुमति नहीं देते हैं पुनः यदि कोई आदिवासी अपने संबंधी, अथवा मित्र के यहाँ जाता/जाती है और रास्ते में उसे पीयू चिड़िया की आवाज सुनाई देती है तो यह चिन्ह है कि परमसत्ता इस विवाह संबंध की अनुमति नहीं देते हैं पुनः यदि कोई आदिवासी अपने सम्बधि, अथवा मित्र के यहाँ जाता/जाती है और रास्ते में उसे पीयू चिड़िया की आवाज सुनाई देती है तो यह हाथ पसार कर स्वागत किये जाने तथा चावल की हंडियां के प्रचुर मात्रा में दिए जाने का संकेत है

**चेतावनी**

परमतसत्ता मनुष्यों को कुछ खतरों से आगाह करते और उन्हें सर्तक रहने की चेतावनी देते हैं उदाहरण के लिए यदि कोई फिकार (पागल सियार) किसी गाँव के निकट चिल्ला रहा हो तो यह गाँव में किसी की मृत्यु का संदेश है यदि बिना किसी प्रत्येक्ष कारण के कोई पेड़ अथवा डाली आसपास गिर जाए तो इसका अर्थ है कि वह किसी बड़े दुर्भाग्य से पीड़ित होने वाला है इस दुर्भाग्य से पीड़ित होने वाला है इस दुर्भाग्य से बचाव के लिए पेड़ की डाली को लाठी अथवा कुल्हाड़ी से एक साँस में 1 से 5 अथवा 1 से 7 बार मारना चाहिऐ स्वप्न

स्वप्न में गूंगू पहनना, नये घड़े उठाकर ले जाना बाघ से मारे जाने की पूर्वसूचना होती है, यदि कोई दुसरे दिन जंगल जाता है यदि कोई लकड़ी का गट्ठर अथवा कुन्दा स्वप्न में उठाकर जा रहा है तो यह चिन्ह है कि कोई प्रिय मित्र अथवा कोई सगा- संबंधी शीघ्र ही मर जायेगो यदि कोई स्वप्न में मछली मारने. खुखड़ी चुनने,खेत का बांध बनाने, भवन बनाने के इन किसी भी कार्य में व्यस्त है तो यह किसी मृत्यु संदेश की पूर्व सूचना है` इस दुर्भाग्य से बचाव के लिए सुबह जागते ही जितनी जल्दी हो सके।

# मुक्ति की बात

## विचार-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**वास्तविकता** के साथ जीना सीखना सबसे महत्वपूर्ण बात है। आप को कुछ और नहीं करना है। अगर आप अपने मन में चीजों को तोड़ना, मरोड़ना, बिगाड़ना बंद कर दें और हरेक चीज को वैसी ही देखें जैसी वह है, तो मुक्ति आपसे बस एक कदम ही दूर है। आप को कुछ भी नहीं करना है, समय ही सब कर लेगा। समय आप को किसी और तरह से परिपक्व कर देगा।

आप को बस अपने आप को ऐसे बनाना है कि आप कोई कल्पनायें न करें, अच्छी या बुरी। आप कोई भगवान या शैतान न बनाएं, स्वर्ग और नर्क, अच्छा और खराब न बनाएं। ऐसा कुछ भी न हो कि, ₹मैं इस व्यक्ति को पसंद करता हूँ, उसे नहीं करता₹। आप हर चीज को उसी तरह से देखना सीख लें, जैसी वो है, बस यही सब कुछ है। किसी खास समय पर, कुछ विशेष गतिविधि के लिये, हमें चीजों को एक विशेष रूप में देखना पड़ सकता है। बाकी समय आप उन्हें बस वैसी ही देखिए, जैसी वे हैं।

अगर आप चीजों को वैसे ही देखते हैं जैसी वे हैं, तो आप देखेंगे कि जीवन केवल इस या उस रूप में नहीं होता। ये पूरे ब्रह्माण्ड में हर तरफ विस्फोटित हो रहा है। यह ब्रह्माण्ड एक जीवित ब्रह्माण्ड है। इस बात को आप तभी देख सकेंगे जब आप हर किसी की पहचान इस तरह से करना बंद कर दें, ₹यह जीवन है, यह जीवन नहीं है, इसमें प्राण हैं, इसमें प्राण नहीं हैं, यह पुरुष है, यह स्त्री है₹। हर चीज को बस वैसी ही देखिए जैसी वह है। तो, 'यही सब कुछ है' जैसा कुछ भी नहीं होता। यह तल्लीन हो जाने की एक अंतहीन प्रक्रिया है। मान लीजिये कि एक ऐसी स्थिति हो जब आप कहें, 'यही सब कुछ है'।

## आपके ट्वीट

**प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना पूरे देश के सभी किसानों के लिए है। इसमें ग्राम पंचायत को इकाई बनाया गया है ताकि किसान के नुकसान की भरपाई ठीक ढंग से हो।
**– शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री**

झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष श्रीमती रंजीता हेम्ब्रम एवं महासचिव श्री राहुल कुमार ने मुलाकात कर मुझे संघ के विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।
**– हेमंत सोरेन, सीएम**





डॉ. यामिनी कृष्णमूर्ति जी के निधन की दुखद सूचना मिली। भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रति उनकी उत्कृष्टता और समर्पण ने पीढ़ियों को प्रेरित किया है और हमारे सांस्कृतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं।
**–अन्नपूर्णा देवी,**

# उनके दिल में भी सपनों का उफान है लेकिन समर्पण अधिक

**के मिंज**

## विश्व आदिवासी दिवस

**आज** आदिवासी दिवस है। नौ अगस्त। विश्व आदिवासी दिवस प्रतिकात्मक न हो इस कारण मैंने कुछ रिर्पोट अलग हटकर लिखा है। आदिवासी विश्व के सबसे संघर्षशील समाज हैं तमाम कठिनाइयों के बीच अपनी मूल भावना से जुड़ें हैं। सुनील मिंज फिल्म निर्माण करना चाहते हैं। इसके लिए चीरो पाठ क्रिएशन बैनर बनाया है। वे आशावादी हैं। इसमें अधिक से अधिक आदिवासी युवाओं को लाने की इच्छा रखते हैं। इनकी धर्म पत्नी ज्योति लकड़ा ने भी स्कूली जीवन से ही आदिवासियों के मुद्दों पर काम करना प्रारंभ कर दिया था। आदिवासी छात्राओं क समस्याओं को लेकर डाल्टनगंज में छहमुहा को जाम कर दिया था। स्कूली जीवन से आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार हो गयी थी,अब तक बरकरार है। ज्योति लकड़ा कुटकू बांध परियोजना से विस्थापित हैं। उनका पैतृक गांव चपिया है, लेकिन बाद में उनके घर वालों को नयाटोली में पुनर्वासित किया गया। ज्योति लकड़ा भी कुटकू बांध से विस्थापितों के पुनर्वास और रोजगार के आंदोलन किया। बाद में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में एमए की पढ़ाई के दौरान लेखन की दुनिया में पदार्पण किया। अपनी लेखनी के माध्यम से वह समाज को दिशा देने का काम किया है। उनकी कई कविताएं और कहानियां प्रकाशित हुई हैं। अमरकंटक यूनिवर्सिटी में ज्योति लकड़ा की कहानी कोराइन डूबा पढ़ाई जाती है। महिला और भूमि को लेकर काफी दिनों से काम कर रही हैं। सरकारी विद्यालयों में बेहतर शिक्षा का माहौल बनाने के लिए बच्चों को क्रिएटिव राइटिंग के माध्यम से कांके प्रखंड के स्कूलों में बच्चों को पढ़ाती हैं। अखड़ा द्वारा निर्मित फिल्मों में इनका सहयोग मिलता रहा है। ज्योति लकड़ा हजारीबाग कोलंबस कॉलेज स्नातक हैं। सुनील-ज्योति लकड़ा की एक पुत्री है जिसका नाम है लोलो सिनगी मिंज है। यह रोहतास गढ़ की राजकुमारी सिनगी दई की याद में रखा गया है। सामाजिक कार्यों को यह दंपती बखूबी कर रहा है। इन दोनों के बीच सामंजस्य बेजोड़ है। इसी का परिणाम है ये दोनों सामाजिक कार्यों के लिए समय दे पाते हैं।

जेरोम जेराल्ड कुजूर- रोजालिया तिर्की सामाजिक कार्यों में इस जोड़ी का भी कोई जवाब नहीं है। इनके तीन बच्चे हैं। उनकी पढ़ाई लिखाई, अच्छी परवरिश की जिम्मेवारी के बावजूद यह दंपती सामाजिक कार्यों से जुड़ा हुआ है। आजीविका के लिए एनजीओ में काम करते हैं। इनका उद्देश्य पैसा कमाना रहा ही नहीं। इसी कारण दोनों समाज के लिए उपलब्ध रहते हैं। पोटमाडीह लातेहार के रहने वाले जेरोम जेराल्ड कुजूर संत जेवियर कॉलेज से स्नातक हैं। इन्होंने सुनील मिंज और बीजू टोप्पो का अुनसरण करते हुए अपने को सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित किया। जेरोम जेराल्ड कुजूर पढ़ाई के बाद नेतरहाट आंदोलन में युवा अगुवा बने। 1993 में नेतरहाट आंदोलन में उन्होंने तीन बस आदिवासी युवाओं को लेकर महुवाटांड़ के रामपुर बगीचा में जुलूस निकाला था। अभी प्रत्येक वर्ष 22-23 मार्च को नेतरहाट प्रतिवाद सभा में विशेष भूमिका निभाते हैं। इनके प्रयास से ही इस आंदोलन को कुछ हद तक सफलता मिली है। अभी आंदोलन के कारण नेतरहाट फील्ड फाइरिंग रेंज प्रोजेक्ट को रोका गया है, हालांकि अभी इसे रद्द नहीं किया गया है। 1992 -95 तक पलामू छात्र संघ के अध्यक्ष रहे। पायलट प्रोजेक्ट नेतरहाट फील्ड फाइरिंग रेंज विरोधी जनसंघर्ष समिति में 1993-2000 तक युवा प्रतिनिधि रहे। जन हक पत्रिका के सहायक संपादक भी थे। 2001-2003 तक हरिघाटी पत्रिका के संपादक रहे। रिपोर्टिंग के लिए 2003-04 में राष्ट्रीय मीडिया फेलोशिप आवार्ड भी मिला।

## कार्टून वर्ल्ड

ओलंपिक सुरक्षित हो जाए ..



साभार ट्विटर डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### आरक्षण की तार्किकता

**कर्नाटक** में अब निजी क्षेत्र के उद्योगों में राज्य के लोगों को आरक्षण का शिगूफा कर्नाटक की कांग्रेस ने छेड़ दिया है। बजट में हुई घोषणाओं से जाहिर हो गया है कि रोजगार के लिए अब वह उद्योगों की तरफ देख रही है। इसकी पृष्ठभूमि में आर्थिक सर्वे की प्रस्तावना में बेलाग तौर पर उद्धृत की दो रिपोर्ट्स हैं। रोजगार सृजन निजी क्षेत्र का वास्तविक लक्ष्य है।
**– रंधीर सिंह, रांची**

### राजनीतिक पैंतरेबाजी

**सत्ताधारी** कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में निजी क्षेत्र उद्यमों में रोजगार को बढ़ावा देने की खातिर नौकरियों में आरक्षण सुनिश्चित करने का प्रस्ताव राजनीतिक पैंतरेबाजी का हिस्सा है। जबकि प्राइवेट उद्यम निजी लाभ के मद्देनजर कर्मचारी की नियुक्ति योग्यता के मापदंड से नौकरी देते हैं। यदि प्रदेश सरकार निजी स्वार्थ को भुला बेरोजगारी खत्म करना चाहती है तो निजी क्षेत्र में? **– रविशंकर, जमशेदपुर**

# रोजगार सृजन केंद्र सरकार की प्राथमिकता

## सामयिक

**डॉ. उमेश प्रताप सिंह**

**पिछले** 10 वर्ष में मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने की नीति पर कार्य किया है। सरकार का ध्येय वाक्य था "न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन"। स्पष्ट है कि सरकार जो कार्य करेगी और रोजगार पैदा करेगी दोनों ही दृष्टियों से उसके आकार में कमी आएगी। सरकार की सभी नीतियों और सुशासन का उद्देश्य निजी क्षेत्र की सहभागिता को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था में रोजगार पैदा करना और आर्थिक समृद्धि को तेज करना होगा। इसलिए सरकार राजकोषीय घाटे को कम करके बाजार से कम ऋण लेगी, जिससे की निजी क्षेत्र के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हो सके। आधारिक संरचना पर अधिक व्यय करके उसे मजबूत करने के लिए प्रयास करेगी जिससे कि निजी निवेश बढ़े। अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण एवं डिजिटलीकरण से सरकार अपनी दक्षता को बढ़ाएगी। साथ ही अर्थव्यवस्था में होने वाले हस्तक्षेप को कम करेगी जिससे कि इंस्पेक्टरराज, लालफीताशाही या नौकरशाही के हस्तक्षेप में कमी आए। कुल मिलाकर यह सरकार की शुरू से नीति रही है कि निजी क्षेत्र को बढ़ावा देकर आर्थिक समृद्धि को तेज किया जाए, जिससे अर्थव्यवस्था में रोजगार बढ़ेगा।

मोदी सरकार की एक खासियत है नीतिगत निरंतरता। पिछले 10 वर्ष में सरकार ने नीतियों की जो दिशा निर्धारित की है नए बजट में उसी को आगे बढ़ाया गया है। परंतु साथ ही सरकार ने उन मुद्दों को भी बजट में समाहित करने का प्रयास किया है जिसके कारण उसे चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। इसीलिए रोजगार के नए अवसरों के सृजन पर खास जोर दिया गया है। बजट 2024 में ऐसे नौ क्षेत्रों का उल्लेख किया गया है जिन पर आने वाले वर्षों में भी सरकार का फोकस रहेगा और जो भारत को विकसित देश की कतार में खड़ी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये क्षेत्र हैं - कृषि क्षेत्र, कौशल विकास, मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण एवं सेवाएं, बुनियादी ढांचा, शहरी विकास, नवाचार शोध एवं विकास, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सुधार। इन नौ क्षेत्रों से संबंधित ज्यादातर घोषणाएं रोजगार को बढ़ाने वाली है और युवाओं को केंद्र में रखकर के तैयार की गई है।

इस वित्तीय वर्ष में भी सरकार ने बुनियादी ढांचे पर सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत व्यय रखा है जो कि लगभग 11.11 लाख करोड रुपये है। साथ ही राज्यों को 1.50 लाख करोड रुपये बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बिना ब्याज के देने की घोषणा की गई है। यह सरकार की नीतिगत निरंतरता को दशार्ता है। बुनियादी ढांचे पर निवेश बढ़ने से भी बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना रहती है। भारत में पर्यटन क्षेत्र की असीम संभावनाएं हैं बल्कि रोजगार सृजन के लिहाज से भी यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। बजट में पर्यटन के लिए ढाई हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। रोजगार वृद्धिः सरकार ने रोजगार बढ़ाने के लिए अनेक प्रकार की योजनाओं की घोषणा की है जोकि विशेष रूप से निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित कर सकते हैं। बजट के अनुसार अगले दो से चार वर्षो में चार करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा, जिस पर 2 लाख करोड रुपये का व्यय होगा।पिछले कार्यकाल में, सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत बड़ी कंपनियों को सब्सिडी प्रदान की गई जोकि उत्पादन के स्तर से जुड़ी थी। भारत जैसे श्रम-अधिशेष देश में पीएलआई ने रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाई। पीएलआई से कंपनियों के लिए श्रम को मशीनरी से बदलना और सब्सिडी लाभ लेना ही मुख्य रहा। इस बजट की बड़ी प्राथमिकता रोजगार और कौशल विकास है। इन योजनाओं में सरकार पहली बार कर्मचारियों और उनके नियोक्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। यह पीएलआई से "इम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव" या ईएलआई में बदलाव है।

बजट में रोजगार पैदा करने के लिए सरकार निजी क्षेत्र को मदद देगी। प्रधानमंत्री रोजगार और कौशल प्रशिक्षण पैकेज के तहत निजी कंपनियों के लिए तीन तरह के प्रोत्साहन के घोषणा की गई है। पहला, निजी कंपनी में पहली बार नौकरी पाने वाले युवा को पहले महीने का वेतन का भुगतान सरकार करेगी यदि वेतन प्रति माह एक लाख रुपये से कम है।

## स्पीड न्यूज

### रवींद्रनाथ टैगोर की मनी पुण्यतिथि



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि मनाई गई। प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक अकादमिक एसके चौधरी और शिक्षकों ने गुरु टैगोर की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने संगीत शिक्षिका मम्पी पॉल के निर्देशन में रवींद्र संगीत की आकर्षक प्रस्तुति की। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने गुलामी की बेड़ियों में जकड़े हुए भारत में वैचारिक आजादी का बीज बोया। उन्होंने भारतीय संस्कृति के श्रेष्ठ रूप से पश्चिमी देशों को परिचय कराया।

### पतरातू : चूल्हा प्रमुख का गठन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऋतिक चौधरी ने बुधवार को पतरातू प्रखंड के पटेलनगर पंचायत, जवाहर नगर पंचायत, सौंदा बस्ती पंचायत एवं बुध बाजार चिप हाउस पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाकर चूल्हा प्रमुख का गठन किया गया। चौधरी ने कहा कि आजसू के चूल्हा प्रमुख का दायित्व बहुत बड़ा है। चूल्हा प्रमुख के माध्यम से पार्टी घर-घर की हालात से वाकिफ होगी एवं उनकी समस्याओं का निदान करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चैधरी की सोच है कि हर घर रोजगार के लिए प्रयास करना है। युवाओं को यहीं पर रोजगार उपलब्ध हो इसके लिए नीतिगत फैसले लिए जा रहे हैं। मौके पर विश्वरंजन सिन्हा, विक्रांत साहू, राजन सिंह, आयुष सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ने लगाया हेल्थ कैंप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सहयोग क्लिनिक के डॉ. एमके मंजुल के नेतृत्व में लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा एवं पारस एचईसी हास्पीटल रांची के तत्वावधान में मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की अध्यक्षा रेखा वर्णवाल और पारस हॉस्पिटल के डॉ. अक्षय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में पारस अस्पताल के डॉ अक्षय कुमार सिंह की टीम एवं डा एमके मंजुल द्वारा लगभग 80 लोगों का वजन, बीपी, शुगर, अस्थमा, एसपीओ-टू, पल्स आदि की जांच किया गया। साथ ही शिविर में पाए गए मरीजों को डॉक्टरों द्वारा उचित परामर्श भी दिया गया। मौके पर अध्यक्ष रेखा वर्कवाल, सचिव अंजु देवी, जोन चेयरपर्सन राजेन्द्र महतो, लायन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, माला शर्मा, डॉ एमके मंजुल, रेखा मंजुल, विजय वर्णवाल, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद शर्मा सहित क्लब के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

### पलामू के मजदूर तालाब में डूबा



**रामगढ़।** जारा टोला तालाब में डूबने से पलामू के एक मजदूर की मौत हो गई। घटना की खबर मिलने पर काफी संख्या में लोग जुटे। जिसके बाद मृतक के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान पलामू निवासी शिव कुमार के रूप में हुई है। मृतक के साथी सुधीर भुईयां के मुताबिक वे लोग ये नही जानते हैं की शिव कुमार तालाब में कब और कैसे पहुंचा। जब उन्हें जानकारी मिली तो वे तालाब पहुंचे और काफी प्रयास के बाद मृतक के शव को तालाब से बाहर निकाला। मजदूर पलामू के हैं जो एक ठेकेदार के अंडर में काम करते हैं।

### मंईयां योजना का नहीं हो रहा एंट्री



**कुजू।** मांडू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर शिविर लगाकर आवेदन लिया जा रहा है, लेकिन नहीं हो रही है ऑनलाइन एंट्री । प्रज्ञा केंद्र संचालक दीपू राणा ने बताया कि सर्वर डाउन रहने के कारण आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री नहीं हो पा रही है। दिनभर पंचायत भवन में बैठ कर समय बिता रहे हैं। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि घर का कामकाज व धानरोपनी का कार्य छोड़कर दिनभर पंचायत भवन में बैठकर बिना एंट्री कराये ही घर जाना पड़ रहा है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कटकमदाग।** मसरातु गांव के ईश्वरी साव की मौत बुधवार को सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार ईश्वरी साव हजारीबाग से काम करके साइकिल से अपने घर लौट रहे थे, तभी खिरगांव स्थित पेट्रोल पंप के पास एक हाईवा गाड़ी ने उसे चपेट में ले लिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए । घायल अवस्था मे ईश्वरी को कुछ लोगो ने सदर अस्पताल मे इलाज के लिए ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । प्राप्त सूचना के अनुसार हाईवा को पकड़ा गया है। ईश्वरी साव के दो छोटे छोटे मासूम बच्चे है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।

### गायत्री मंदिर में सत्यनारायण कथा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रावण माह के पावन अवसर पर देवघर स्थित बैधनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर लौटे कावड़ियों द्वारा बुधवार को पटेलनगर स्थित गायत्री मंदिर में सत्यनारायण कथा का आयोजन कराया गया। इस दौरान पुरोहित सिद्धू पाठक द्वारा ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कराए। सत्यनारायण कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूजा में बतौर यजमान विनोद कुमार सिंह, सुखदेव प्रजापति उर्फ देवा, गुड्डू सिन्हा, मनोज श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, रोहित गुप्ता, कैलाश गुप्ता व कमलेश मेहता सपरिवार शामिल हुए। पूजा के दौरान ऊं नम: शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया।विनोद सिंह ने परिवार और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि ईश्वर पर सच्चे मन से श्रद्धा रखने वाले श्रद्धालुओं की भगवान हर दुख हरकर सुखों की वर्षा करते हैं।

# जेएसपी में धूमधाम से मनी ओपी जिंदल की 94वीं जयंती

▸▸ बच्चों को मिला गिफ्ट, विरहोर समुदाय के बीच वस्त्र व भोजन का किया गया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



बाऊजी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते प्लांट प्रमुख आशीष जैन।



बच्चों को गिफ्ट देते अधिकारी।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी पतरातू में महान व्यक्तित्व एवं प्रेरणा स्त्रोत ओपी जिंदल बाऊजी का 94वें जन्मदिन पर बुधवार को कई कार्यक्रम हुए। सबसे पहले हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर बाऊजी को पुष्पांजलि अर्पित किया गया। साथ ही सुंदर पाठ हुआ। जिंदल आशा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ प्लांट प्रमुख आशीष जैन एचआर प्रमुख अजय झा एवं प्लांट के सभी विभाग प्रमुख ने मिलकर केक काटा। बच्चों के बीच उपहार का वितरण किया गया। ओपी जिंदल के जयंती पर विरहोर समुदाय के बीच में वस्त्र का वितरण कर उन्हें भोजन कराया गया। प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने कहा कि बाऊजी एक महान दूर द्रष्टा थे। मातृभूमि के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर उन्होंने भारत को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से ओपी जिंदल ग्रुप जैसा विशाल औद्योगिक समूह की स्थापना की जो आज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी मानवता को भी एक नई दिशा दिखाने वाले जननायक बाऊजी थे। एचआर प्रमुख अजय झा ने कहा कि ओपी जिंदल बाऊजी महान व्यक्तित्व एवं प्रेरणा स्त्रोत थे। दुनिया ने जहां दीवार देखी बाऊजी ने वहां दरवाजे देखें। बाऊजी आजीवन दलित-पिछड़ों, किसानो, युवाओं और महिलाओं के हितों के लिए संघर्ष किये। बाऊजी की दूरदर्शिता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि आज से 50 साल पहले ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा और देश का भाग्य बदलने में अग्रणी भूमिका निभाई। इस अवसर पर ओपी जिंदल स्कूल परिसर में ओपी जिंदल की जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान बच्चों को उनके आदर्शों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।प्लांट परिसर में जिंदल परिवार ने बाऊजी के 94वीं जयंती पर नमन किया।

## बड़ाकागांव में पुलिस निरीक्षक कार्यालय का एसपी अरविंद सिंह ने किया उद्घाटन

▸▸ एनटीपीसी ने जिला मुख्यालय में भी कई विकास योजनाओं को शुरू किया है : अरविंद सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना परिसर में एनटीपीसी एनएमएल के सौजन्य से निर्मित भवन में पुलिस निरीक्षक कार्यालय का उद्घाटन एसपी अरविंद कुमार सिंह, एसडीपीओ कुलदीप कुमार एवं एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस के महाप्रबंधक फैज तैयब ने संयुक्त रूप से किया। एसपी ने कहा कि पुलिस निरीक्षक कार्यालय जर्जर भवन में चल रहा था। कभी भी दुर्घटना हो सकती थी। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सामुदायिक विकास के तहत क्षेत्र के अलावा जिला मुख्यालय में भी कई प्रकार के विकास योजना संचालित जनहित में किया है। तैयब ने कहा कि सीएसआर के तहत प्रभावित क्षेत्र एवं आसपास में कई योजनाएं एनटीपीसी द्वारा संचालित हो रही है और आगे भी होती रहेगी। मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम,जिप सदस्य सुनीता देवी,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, उपप्रमुख बच्चन देव कुमार,इंस्पेक्टर अनिल कुमार,थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल,केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार, ऊरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार प्रसाद, गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह,एनटीपीसी के एजीएम अमित अस्थाना,राहुल सिंह, कपिल देव सिंह,पीआरओ दिलीप ठाकुर,कांग्रेस विधानसभा युवा मोर्चा अध्यक्ष तारिक अनवर उर्फ बाबर, मुखिया बासुदेव यादव,पूर्व मुखिया भीखन महतो,मनोज गुप्ता,त्रिवेणी महतो,विवेक सोनी सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, एनटीपीसी के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### पेयजल योजना रोक रहे हैं पूर्व विधायक : अकेला

बरही । विधायक उमाशंकर अकेला ने बुधवार को बरही चौक के समीप प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व विधायक मनोज यादव पर पेयजल योजना में कार्य कर रहे कर्मी व कांग्रेस ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष राजू राणा को पेयजल योजना का कार्य रोकवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य को अवरोध करने के उद्देश्य से ऐसा किए है, वे बरही का विकास नहीं चाहते है। इस मामले में पूर्व विधायक मनोज यादव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आरोप निराधार है, पेयजल योजना कार्य में अनियमितता बरती जा रही है, जिसकी शिकायत सुबोध कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने उनसे किया था, जिसके बाद उन्होंने दोनों शिकायतकर्ता के सामने ही पेयजल योजना में कार्य कर रहे कर्मी राजू राणा को कार्य ठीक से करने का निर्देश दिया। अगर कार्य ठीक से नहीं हुआ तो कार्य रोकने की भी बात कही।

## श्रीदस स्कूल के कवि सम्मेलन में बच्चों ने कविताओं से लोगों का जीता दिल

बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे सम्मेलन जरूरी : रोहित सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को कवि सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में बरही के प्रख्यात शायर और कवि फिरोज अंसारी ने शिरकत की। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी कविताओं की प्रस्तुतियों से समां बांधा। वहीं बच्चों ने स्टैंड-अप कॉमेडी करके सबको हंसी से लोटपोट कराया। इस दौरान बच्चों ने अपने शिक्षकों के ऊपर भी जोक्स क्रैक्स किया। शायर फिरोज अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में कला और संस्कृति का विशेष महत्व है, क्योंकि यह हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती है। उन्होंने कविता पाठ और हास्य से संबंधित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों में भाग लेने से मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। उन्होंने बच्चों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने की प्रेरणा दी। स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे कवि सम्मेलनों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल नियमित रूप से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता है ताकि बच्चे अकादमिक गतिविधियों के अलावा अपनी प्रतिभा को भी उभार सकें। वहीं उप प्राचार्य विकास सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाना है, जिससे वे भविष्य में अपनी प्रतिभा के माध्यम से सफलता और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर सानिया साइमा, कुमोध सिंह, क्रिश कुमार, मेघा, छवि और सतीश ने अपनी प्रभावशाली कविताओं और स्टैंड-अप प्रस्तुतियों से सबका मन मोहा। इस दौरान कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक भी उपस्थित रहे जिन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

### ए ला एंग्लाइज विद्यालय में नृत्य और संगीत प्रतियोगिता आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में बुधवार को संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य विजयंत कुमार ने बच्चों को आशीर्वचन देकर कराया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। ओपन कैटेगरी के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पश्चिमी, पौराणिक, शास्त्रीय, समकालीन और लोक नृत्य शैलियों का प्रदर्शन किया। जीवंत नर्तकों ने अपनी जोशीली प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने उपस्थित विद्यालय परिवार का मन मोह लिया। वहीं नन्हे-मुन्नों की रंग-बिरंगी वेशभूषा ने प्रदर्शन देखने के आनंद को और बढ़ा दिया। जजों ने भाव-भंगिमाओं, मंच कवरेज, कोरियोग्राफी पर ध्यान दिया और नर्तकों के प्रयास की सराहना की। सभी प्रतिभागियों ने वेशभूषा, कोरियोग्राफी, अभिव्यक्ति और विभिन्न प्रॉप्स के लिए कड़ी मेहनत की। जिससे सभी नृत्य प्रदर्शन सराहनीय रहे। जज सिद्धार्थ कुमार मासूम, केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, अंजली सिन्हा, शबाना खातून और प्रिया सिंह बच्चों के प्रदर्शनों से अचंभित दिखें। मौके पर प्रचार्य विजयंत कुमार ने प्रदर्शन और प्रभारी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के प्रति विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है। विद्यालय का उद्देश्य ही बच्चों का सर्वांगीण विकास है।

## मुन्ना सिंह ने हजारीबाग के कई पंचायतों का किया दौरा

▸▸ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैंसर पीड़ित व एक्सिडेंट विक्टिम से मिले और मदद का दिया भरोसा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने दारू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगे मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के पंजीकरण शिविरों का दौरा कर वहां उपस्थित लोगों से मुलाकात की और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान लोगों ने उन्हें कई प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया, जिनके समाधान का उन्होंने आश्वासन दिया। श्री सिंह दारू प्रखंड के जिनगा पंचायत, रामदेव खरिका पंचायत, हरली पंचायत, दारू पंचायत और इरगा पंचायत जैसे क्षेत्रों में पहुंचे। इसके अतिरिक्त उन्होंने सदर प्रखंड के हुटपाइ पंचायत और मेरु पंचायत का भी दौरा किया। मुन्ना सिंह ने दारू प्रखंड के बख़्शी डीह निवासी, कैंसर पीड़ित सरोज ठाकुर (पिता नंदू ठाकुर) से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके इलाज के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। इसके बाद उन्होंने बासो बार निवासी अशोक कुमार, जिनका एक्सिडेंट हुआ और उनकी याददाश्त चली गई है, के परिजनों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ के बारे में जानकारी ली और उनके परिवार को संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद मुन्ना जी रामदेव खरिका पंचायत पहुंचे जहां कुछ दिन पहले गुपलु निवासी कमलेश्वर प्रसाद (पिता महावीर महतो) की करंट लगने से मौत हो गई थी। मुन्ना सिंह जी ने उनके परिजनों से मुलाकात कर हालचाल जाना और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे लोगों में रविन्द्र कुशवाहा, जिनगा मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद राम, दारू पंचायत के मुखिया, इरगा पंचायत की मुखिया अनिता, मेरु पंचायत की सिंह, उप मुखिया मनोज कुशवाह, सिल्वार पंचायत की मुखिया रुक्मिणी, हुटपा पंचायत की मुखिया कविता सिंह, देवी, सुनील कुशवाहा उर्फ भोला, पिंटू सिंह, वकील सचिन, पप्पू, शिबू, विनोद कुशवाहा, मोहन राम, मनोरंजन यादव, रवि राणा, पप्पू सिंह, सुजीत सिंह आदि लोग शामिल थे। मुन्ना सिंह ने सभी पंचायतों में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए तत्परता दिखाई। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के साथ खड़ी है और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी।

## एक नजर में

### बुढ़वा महादेव मंदिर के विकास को लेकर अंबा प्रसाद ने वरीय अधिकारियों के साथ की बैठक



**बड़कागांव।** सुप्रसिद्ध बुढ़वा महादेव मंदिर पर्यटन क्षेत्र घोषित होने के बाद विकास कार्यों में आ रही है तेजी। बुधवार को विधायक अंबा प्रसाद ने जिले के वरीय पदाधिकारी के साथ बुढ़वा महादेव मंदिर के विकास को लेकर की बैठक। पश्चिमी वन प्रमंडल के डीएफओ राजीव रंजन के साथ विधायक अंबा प्रसाद ने मंदिर परिसर में विभिन्न विकास कार्य जैसे विवाह मंडप,जगह जगह पर सिटिंग प्लेस, सीढ़ी,कम्युनिटी हॉल,वॉच टावर, ट्रेसिंग स्पोर्ट, शौचालय आदि विभिन्न विकास कार्य हेतु चर्चा हुई। उन्होंने भी इसे जल्द धरातल पर उतारने की बात कही। विधायक अंबा प्रसाद के पहल पर बिजली भी बुढ़वा महादेव मंदिर तक पहुंच रही है। पोल एवं बिजली तार लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, बुढ़वा महादेव जाने वाली सड़क भी बनकर तैयार है।

### प्रसिद्ध बोधिबागी मैदान में लगे 250 पौधे



**इचाक।** प्रसिद्ध बोधिबागी मैदान के चारो ओर पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी ,बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से जेबीकेएसएस के क्रांतिकारी नेता गौतम कुमार व कुरहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राकेश प्रसाद मेहता के पहल से आम, अमरूद, कटहल, जामुन, शीशम,बरगद , करंज और बरगद इत्यादि के फलदार,छायादार व औषधीय 250 पौधरोपण किया गया। गौतम कुमार ने कहा की बोधीबगी मैदान में चारो ओर लगभग 1000 पौधा लगवाने का लक्ष्य रखा गया है।खाली मैदान के चारो ओर पौधारोपण से खेलप्रेमियों के लिए आकर्षक व छायादार जबकि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से हितकर साबित होगा। राकेश मेहता ने कहा कि जनता से आग्रह किया कि पौधारोपण को देख रेख के लिए अपनी भूमिका निभाएं।

### योगासन के चैंपियनों को कॉलेज ने किया पुरस्कृत



**पदमा।** चार अगस्त हजारीबाग योग संघ द्वारा वनडे योग कैंप के तहत प्रो. अविनाश कुमार के नेतृत्व में पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज एजुकेशन की प्रशिक्षुओं प्रियांशु, कामेश्वर, मोहित, सोनू, अमित, आशीष, अनीता, संध्या, अनीता, गिरेंद्र, महेंद्र एवं राकेशभागीदारी एवं शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अर्जित किए। प्रो. अविनाश कुमार तथा प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र, टी-शर्ट, मेडल एवं डायरी देकर पुरूस्कत किया गया। रवि प्रकाश ने कहा कि छात्र सभी प्रकार की गतिविधियों में आधिकारिक भागीदारी करें संस्थान उनके लिए सहयोग करेगा। प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद ने कहा कि जल्द ही महाविद्यालय खेलकूद के अंतर प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा

### जसलोक पॉली क्लीनिक में बंध्याकरण कल



**चौपारण।** जसलोक पॉली क्लीनिक में शुक्रवार को बंध्याकरण का नि:शुल्क ऑपरेशन होगा।संचालक विशाल सिन्हा ने बताया कि मेरे पिता स्व सुरेश प्रसाद सिन्हा का पूरा जीवन समाज की सेवा में गुजरा उनकी तमन्ना थी की रंजीता स्टूडियो परिसर में सभी का काम हो चाहे उनके पास पैसा हो या ना हो इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विशाल सिन्हा ने अपना एक निजी दवा दुकान खोला, लेकिन उसके सपनों को तब पंख मिला जब इस सपने को साकार करने में डा धीरज कुमार का सहयोग उनको मिला। इसके लिये 9431342333 ,7004825056 पर संपर्क करें।

### फाइलेरिया का एकमात्र इलाज दवा : डॉ बिमल

**बरही।** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में एनएसएस के बैनर तले फाइलेरिया से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने कहा कि फाइलेरिया एक लाईलाज बीमारी है। इससे बचाव के लिए दवा सेवन ही एकमात्र ईलाज है। पूरे भारत में सात राज्य फाइलेरिया रिश्क जोन में आते हैं, जिसमें झारखंड भी एक है। एनएसएस समन्वयक डॉ अरुणा रानी ने कहा कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक दवा का मुफ्त वितरण किया जाएगा। इसे एक साल में मात्र एक ही खुराक लेना है। इसके सेवन से कोई साईड ईफेक्ट नहीं है। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही महाविद्यालय के शिक्षक डा, संजय कुमार बर्णवाल, डा, बद्री साव, प्रो, हिरामन साव डा गिरिधारी यादव, डा कुमारी सुषमा, डा अजय रविदास, प्रो, जागेश्वर यादव, प्रो बबीता, डा सीमा, डा संगीता चौधरी, प्रो संजय बक्शी, डा ब्रह्मदेव मोदी, डॉ अजय रंजन, निर्मला सहित सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।

### चंद्रवंशी ने 51 श्रद्धालुओं को बाबाधाम किया रवाना

**बरही।** महालक्खी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बाबा धाम देवघर के लिए 51 श्रद्धालुओं को मनोकामनेश्वर शिव मंदिर से रवाना हुए। श्रद्धालुओं को संस्था के संस्थापक अविनाश आर्य चंद्रवंशी ने मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी श्रद्धालुओं को बस के माध्यम से नि:शुल्क देवघर के लिए रवाना किया। चंद्रवंशी के साथ सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, सुजीत चंद्रवंशी भी मौजूद थे। अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने बताया कि वैसे लोग बाबा धाम जा रहे हैं, जो बाबा धाम जाने के लिए इच्छुक थे। उन्होंने बताया कि यात्रा नि:शुल्क रखा गया है। बताया कि आने जाने खाने पीने का सारा खर्च संस्था द्वारा किया जा रहा है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि संस्था समाज मे जागृति लाने के उद्देश्य से काम कर रही है। हमारा उद्देश्य है कि समाज उन्नति और विकसित हों। यात्रा में फुलवा देवी शाहपुर हजारीबाग, कुलदीप केशरी कुम्हार टोली हजारीबाग, रीता देवी लोहड़ी चौपारण, अमर कसेरा, ईशा कुमारी, अफीमकोठी बरही संदीप कुमार राय व कौलेश्वर राम शामिल हैं।

### कावेद का जर्जर पुल दे रही है मौत को दावत

**केरेडारी।** प्रखंड के पांडु गांव एवं काबेद गांव को जोड़ने वाला पुल कभी भी ध्वस्त हो सकता है। जिससे पाण्डु पंचायत के लगभग छह हजार एवं मनातू पंचायत के पांच हजार दो सौ की आबादी को आने जाने के लिए मार्ग बदलना पड़ेगा। जबकि केरेडारी प्रखड मुख्यालय से मनातू की दूरी लगभग 13 किलोमीटर है। लेकिन पुल ध्वस्त होने के बाद मनातू के लोगों को मार्ग बदलकर गांव जाने के लिए 23 किलोमीटर की दूरी तय करना होगा।ज्ञात हो कि वही दूसरी ओर इसी नदी से चट्टी बारियातु कोयला खनन परियोजना के गंदे पानी का बहाव किया जाता है।जिससे नदी की पानी भी पूर्ण रूप से दूषित हो चुका है।जबकि इसी नदी से काबेद, पांडु एवं बालेदेवरी गांव के लोग चुआ बनाकर पानी को पेयजल के रूप में इस्तेमाल करते थे।लेकिन इस नदी की पानी अब जानवर भी पानी पीना पसंद नही करते है।इस नदी में बने पुल का निर्माण वर्ष 1995 में जिला परिषद से किया गया है।जिसका प्राक्कलित राशि 04 लाख 95 हजार था।लेकिन अब पुल का अस्तित्व खतरे में है। इस बाबत मनातू पंचायत के मुखिया देवन्ति देवी एवं पांडु पंचायत के मुखिया सकिबा खातून ने इस नदी में पुन: पुल निर्माण के लिए अलग अलग ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त आवेदन एनटीपीसी महाप्रबंधक को दी है,लेकिन पुल निर्माण सम्बन्धी कम्पनी द्वारा अबतक कोई विचार नही किया गया है।



# सोशल मीडिया के बीच फेक सूचना का दौर घातक युवाओं के मानसिक स्तर पर कर रहा है बड़ा प्रहार



**सीए रंजीत सिंह**

दुनिया को समझने में सोशल मीडिया की बढती भूमिका के बीच यह जानना बहुत अहम हो गया है कि फेसबुक, ट्विटर और दूसरे साइट सूचना को उपभोक्ता तक किस तरह पहुंचाते हैं। पहले लोग राजनीतिज्ञों, आर्थिक मॉडलों और वैचारिक आंदोलनों के महत्व, उनकी लोकप्रियता और विश्वसनीयता का मूल्यांकन पेशेवर रिपोर्टों, सर्वे और सुनी-सुनाई बातों के आधार पर करते थे. अब वे सोशल मीडिया पर चल रहे ट्रेंड या उनकी फीड पर स्वीकार्य समझी जाने वाली खबरों से प्रभावित हो रहे हैं।

यहीं शुरू होती है सोशल बॉट्स यानी इंटरनेट रोबोटों की भूमिका। बीएमड्ब्लयू से लेकर स्पॉटीफाई जैसी कंपनियों के पहले से प्रोग्राम किए हुए बॉट्स की मदद से यूजर हर उस गाने को सेव कर सकता है जिसे उसने म्यूजिक ऐप पर रेकमेंड किया है। वह इंस्टाग्राम पोस्ट को ऑटोमेटिकली ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट कर सकता है, कार के आने पर गैरेज को खोल सकता है। कुछ लोग तो खतरनाक सॉफ्टवेयर के साथ खुद अपना बॉट बना लेते हैं. इनका सबसे ज्यादा असर फेसबुक और ट्विटर पर दिखता है जहां हजारों जाली फॉलोवरों के साथ जाली अकाउंट बनाए जाते हैं और विश्वसनीयता का स्वांग रचा जाता है। किसी खास बॉट के साथ मिलकर इन फर्जी अकाउंट से लोगों को खास संदेश वाली पोस्ट या रिट्वीट भेजे जा सकते हैं।

## फेक न्यूज

तथ्यों को तोड़ना मरोड़ना आज के राजनीतिक माहौल में बड़ा मुद्दा है। दुनिया भर में राजनीतिक बहस में यही हो रहा है। चुनावों से पहले फर्जी खबरों का इस्तेमाल हो सकता है। उनकी चिंता निराधार नहीं है। हालांकि फर्जी खबरें इंसानों द्वारा लिखी जाती हैं लेकिन उनका प्रसार फेसबुक, ट्विटर या रेडिट जैसे साइटों पर बने लाखों फर्जी अकाउंटों के जरिये होता है। अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप की जीत के फौरन बाद बजफीड द्वारा कराए गए एक सर्वे के अनुसार सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों पर पाठकों की 19 मीडिया संस्थानों की असली रिपोर्टों से ज्यादा प्रतिक्रिया रही।

## तीन करोड़ ट्विटर एकाउंट फर्जी एकाउंट की आशंका

दुनिया भर की प्रमुख यूनिर्विसटियों की एक टीम पॉलिटिकल बॉट्स की एक रिपोर्ट के अनुसार ट्विटर पर 3 करोड़ अकाउंट फर्जी यूजरों के हैं। उन्होंने ये भी पाया कि अमेरिकी चुनाव अभियान में फर्जी खबरों को भड़ावा देने वाले ट्रंप समर्थक बॉट्स की तादाद क्लिंटन समर्थक बॉट्स की पांचगुनी थी। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि इंटरनेट में खास मकसद पूरा करने के लिए अलगोरिदम से संचालित कंप्यूटर प्रोग्रामों ने दुनिया भर में राजनीतिक बहस पर कब्जा कर लिया है। इस तरह के मानव सॉफ्टवेयर हाइब्रिड के बढते इस्तेमाल और उनके पीछे के अज्ञात और भेदभाव वाले अलगोरिदम ने सोशल मीडिया की राजनीतिक संभावना को नष्ट करने का खतरा पैदा कर दिया है।

हालांकि हॉक्समैप जैसी कंपनियां 2016 से ही फर्जी खबरों की समस्या से लड़ने की कोशिश कर रही है, सोशल मीडिया कंपनियां और सरकारें अब नींद से जागी हैं। फेसबुक ने हाल ही में अपने प्लैटफॉर्म पर फर्जी खबरों से निबटने की पहल की घोषणा की है। जर्मन सरकार ने इनका सामना करने के लिए गृह मंत्रालय में सेंटर ऑफ डिफेंस अगेंस्ट डिसइन्फॉरमेशन नाम की इकाई बनाई है। केंब्रिज यूनिर्विसटी के रिसर्चरों का कहना है कि एक




मनोवैज्ञानिक टीका लोगों को फर्जी खबरों से बचा सकता है। लेकिन दूसरे टीकों की तरह इसे बनाने में भी दशकों लग सकते हैं।

भारत में फेक न्यूज यानी फर्जी खबरों का घटाटोप खासकर 2016 में तो इंतहाई तौर पर देखा गया। ऐसी खबरें न सिर्फ बड़े पैमाने पर सर्कुलेट हुईं बल्कि उन पर यकीन भी हो चला। लोग उन खबरों के झांसे में भी आते देखे गए।

पहले भौतिक कानाफूसी और फिर टीवी मीडिया से लेकर व्हॉट्सऐप, फेसबुक और ट्विटर तक फेक न्यूज इतनी शातिरी से फैलाई गई कि आधिकारिक संस्थाओं को आगे आकर बयान जारी करने पड़े और खंडन करना पड़ा। लेकिन सोशल मीडिया से निकली फेक न्यूज ऐसी बला बन गई जिससे एकमुश्त तौर पर और हमेशा के लिए छुटकारा पाना मुमकिन न रहा.

ऑनलाइन समाचार की दुनिया में फेक न्यूज के लिए भारत से बेहतर भला कौन सी जगह होगी जो इंटरनेट और न्यू मीडिया के सबसे ज्यादा उपभोक्ताओं के लिहाज से अमेरिका और चीन के साथ पहले तीन देशों में शामिल हैं. लेकिन जितनी असमान यहां की अर्थव्यवस्था और उससे होने वाले लाभ हैं कमोबेश यही असमानता वैचारिक तौर पर ऑनलाइन के इस्तेमाल को लेकर भी है। कुछ लोग फेक न्यूज की शिनाख्त कर सकने में बेशक सक्षम हैं लेकिन अधिकतर संख्या ऐसे लोगों की है जो इस तरह की कथित खबरों को न सिर्फ सच मान लेते हैं बल्कि उसके हिसाब से अमल भी शुरू कर देते हैं। हाल के दिनों में सबसे सटीक उदाहरण दस रुपये के सिक्के का इस्तेमाल है। फुटकर सामान के विक्रेताओं, पनवाड़ियों फल सब्जी की रेहड़ी लगाने वालों ने दो तरह के सिक्कों की बात की, एक को नकली माना और उसे लेने से साफ इंकार किया। सही तथ्य को समझाने वाला कोई नहीं था।

## यह झूठ एक समस्या और उस पर खामोशी

हैरानी ये है कि पूरी दुनिया में फेक न्यूज 'कारोबार' पर चिंताएं हैं, वहीं सरकार, मीडिया इंडस्ट्री और सूचना प्रौद्योगिकी के सरताज संस्थान लगभग खामोश ही बैठे दिखते हैं। भारत में एक बहुत विशाल इंटरनेट आबादी का उदय हो रहा है। ऐसे में मुनाफे और वोट के अंतहीन गणित को दरकिनार कर संस्थाओं को एक वैश्विक जवाबदेही में शामिल होना चाहिए. आज इन्हें फायदा हो रहा है, लेकिन कल इस तरह की क्षुद्रताएं तो इन्हें भी ग्रस सकती हैं। जेएनयू की घटना का एक टीवी समाचार चैनल पर प्रसारित वो कथित डॉक्टर्ड वीडियो क्या कहता है? 2000 रुपये के नए नोट में इलेक्ट्रॉनिक चिप लगे होने का झूठ क्या कहता है?

समाचार चैनलों में आस्था को भुनाते कार्यक्रमों को देखें तो लगता है कि टीवी समाचार और विज्ञापन प्रसारण की सरकारी और कंपनी गाइडलाइन्स कहीं धूल फांक रही हैं. टीवी चैनलों की अपनी गाइडलाइनें कहां हैं? अगर नहीं हैं तो क्यों नहीं हैं और क्या इस बारे में उन्हे लाइसेंस देते हुए सरकार जवाबतलब करती है? इस तरह के बहुत से सवाल हैं. सवाल सोशल मीडिया इस्तेमाल की शर्तों में बदलाव की जरूरतों का भी है. एक और बात. अगर आप फेक न्यूज की बात कर रहे हैं तो फेक विज्ञापन को क्यों बाहर रख रहे हैं? आम ऑडियंस में वे भी तो एक इम्पैक्ट बना रहे हैं। चाहे वह गोरेपन की क्रीम का विज्ञापन हो या किसी बाबा के तिलिस्म का विज्ञापन। फेक न्यूज तो लगता है कि भारत में बड़े पैमाने पर फैले हुए वासना, कपट, उत्तेजना और स्वार्थ के सामाजिक विस्तार का एक सहज उपकरण सरीखा बन गया है.।

## सामाजिक जिम्मेदारी

टीवी चैनलों को भी अपने भीतर झांकना होगा। ये बात महज एथिक्स की नहीं ये एक वृहद राष्ट्रीय और नागरिक गरिमा का भी सवाल है जिसका यूं आए दिन इतना ढोल बजाया जाता है। समाचार की निगरानी और गेटकीपिंग या फिल्टरिंग के पुराने पैमानों को फिर से परखने का भी समय आ गया ह।



ये सही है कि व्हाट्सऐप जैसे माध्यमों पर ये रोक कठिन है लेकिन प्रौद्योगिकी जगत अगर कड़ा इनक्रिप्टेड पर्यावरण अपने संवादों के लिए बना सकता है तो ऐसी फेक न्यूज की पहचान और छंटाई या रोक के लिए भी कोई व्यवस्था तो बना ही सकता है।

कानाफूसी या अफवाह को समाज में किसी भी दौर में रोका नहीं जा सका है। सोशल मीडिया से काफी पहले के दौर में गणेश के दूध पीने की ₹खबरद्ध भला कोई कैसे भूलेगा! लेकिन यही कानाफूसी सोशल मीडिया जैसे नये मीडिया प्लेटफॉर्मों पर त्वरित प्रसार हासिल कर त्वरित नुकसान का बायस बन जाती है। कानून कड़े करना एक उपाय हो सकता है लेकिन कानून में इतने छेद हैं कि अपराधी बेखौफ हैं।

फेक न्यूज के इस भूमंडलीय संकट के साए में नागरिक बिरादरी को और सजग, चौकन्ना और सतर्क रहना होगा. विवेक के कड़े इम्तहान का भी ये समय है क्योंकि अपनी मौलिक वस्तुनिष्ठता के बावजूद उसका एक सबजेक्टिव कार्रवाई बन कर रह जाने का जोखिम है। पॉलिटिक्ल सिस्टम, कानून व्यवस्था, सरकार की प्रशासनिक और वित्तीय मशीनरी, प्रौद्योगिकीय और व्यापार जगत को भी अपने अपने खोल से बाहर निकलना होगा. कहने का मतलब ये है कि फेक न्यूज से निपटने की डगर कठिन है और सूचना प्रौद्योगिकी का ये एक ऐसा अदृश्य भस्मासुर हमने पैदा कर दिया है जो हमारी तरफ ही दौड़ता आता है। फिलहाल हमारे पास इससे बचने के कोई ठोस, स्थायी और प्रामाणिक उपाय नहीं हैं लेकिन इंसानी जद्दोजहद बनी रहे, यही चाहिए।

## क्या फर्जी सूचनाओं को अपराध बनाना सही रास्ता है?

डिजीटल अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले कार्यकर्ता मानते हैं कि फेक न्यूज को अपराध बनाने के कई खतरनाक असर हो सकते हैं।

पर इसके कथित असर के कारण राजनीतिज्ञों के अलावा समाचार उपभोक्ताओं और सोशल मीडिया उद्यमियों ने इस मामले पर ध्यान देना शुरू किया है। चुनाव प्रचार के दौरान चली फर्जी खबरों में प्रमुख डेमोक्रैटिक नेताओं द्वारा बाल सेक्स रिंग चलाने और पोप द्वारा रिपब्लिकन उम्मीदवार डॉनल्ड ट्रंप के समर्थन की खबरें शामिल थीं। मनोवैज्ञानिकों के एक दल ने 2012 में ही गलत सूचनाओं के उपलब्ध होने के बारे में एक सर्वे की रिपोर्ट प्रकाशित की थी और चेतावनी दी थी कि इसके लोकतंत्र के लिए चिंताजनक नतीजे हो सकते हैं।

रिपोर्ट के मुख्य लेखक और ब्रिस्टल यूनिर्विसटी के मनोविज्ञानी स्टेफान लेवांडोव्स्की की राय में व्यक्तिगत स्तर पर स्वास्थ्य मामलों पर गलत सूचना, टीकों के बारे में गलत भय या वैकल्पिक दवाओं के बारे में गलत विश्वास, बहुत नुकसानदेह हो सकते हैं। उनका कहना था, सामाजिक स्तर पर राजनीतिक मामलों के बारे में नियमित गलत सूचना बहुत नुकसान कर सकती है। वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन के बारे में गलत सूचनाएं इस समय उसे रोकने के उपायों में देरी की वजह बन रही हैं। फेसबुक ने फर्जी खबरों को रोकने का सिस्टम बनाना शुरू किया है, अधिकारी अभी भी संशय में हैं कि बढती ऑनलाइन फर्जी खबरों का मुकाबला कैसे करें।

## कानूनी विकल्पों पर विचार

जेंसबुर्ग का कहना है कि फर्जी खबरों के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों का मतलब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में कटौती नहीं है, इनका लक्ष्य मीडिया जगत और राज्य में जनता के भरोसे को खत्म करने के प्रयासों को रोकना है। उन्होंने ये भी कहा कि यदि फर्जी खबरों के ऑपरेटर समाज और लोकतांत्रिक संस्थाओं को नुकसान पहुंचाने के विदेशी प्रयासों का हिस्सा हैं तो उनके खिलाफ जासूसी का मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अमेरिकी चुनावों में ट्रंप के समर्थन में रूस समर्थित फर्जी खबरों की

## प्रतिबंधों का विरोध

**निधि सिंह**

**अमेरिकी** चुनावों के बाद फर्जी खबरों को रोकने के दबाव के बाद फेसबुक प्रमुख मार्क जकरबर्ग ने कहा था कि समुदाय को झांसों और फर्जी खबरों से बचने की सुविधा देने के अलावा इसके लिए ज्यादा कुछ किया जा सकता है। मीडिया स्वतंत्रता के लिए यूरोपीय सुरक्षा और सहयोग संगठन की प्रतिनिधि दुनिया मियातोविच का कहना है कि किसी को भी सोशल मीडिया गतिविधियों के लिए तबतक सजा नहीं दी जानी चाहिए जब तक वह हिंसक कार्रवाईयों के लिए सीधे जिम्मेदार न हो और गैरकानूनी कार्रवाई का टेस्ट पास कर जाए। उनका कहना है कि समस्या का समाधान प्रतिबंधों से नहीं बल्कि आत्म नियंत्रण और शिक्षा से होना चाहिए।

यूरोपीय डिजीटल अधिकार पहलकदमी ईडीआरआई के कार्यकारी निदेशक जो मैकनेमी का कहना है कि फेसबुक जैसी सोशल मीडिया कंपनियों को अपने प्लेटफॉर्म पर कंटेट चुनने का हक नहीं दिया जाना चाहिए। वे कहते हैं, ईडीआरआई गैरसरकारी मुनाफा कमाने वाली कंपनियों को सच्चाई का मध्यस्थ और संचार की हमारी स्वतंत्रता का विधायक, जज, जूरी और लागूकर्ता बनाने के कदम का पुरजोर विरोध करेगा.₹ अमेरिकी जासूसी संस्था एनएसए के पूर्व कॉन्ट्रैक्टर और व्हिस्लब्लोवर एडवर्ड स्नोडेन ने कहा है कि फर्जी खबरों को रोकने की रणनीति के केंद्र में सेंसरशिप नहीं होनी चाहिए।

एडवर्ड स्नोडेन के अनुसार, फर्जी खबर की समस्या का हल एक रेफरी की उम्मीद के साथ नहीं होगा बल्कि इसलिए कि हम भागीदार के रूप में, नागरिक के रूप में और इन सेवाओं को इस्तेमाल करने के वाले के रूप में एक दूसरे की मदद करेंगे। उनके विचार में, खराब बयान का जवाब सेंसरशिप नहीं है। खराब बयान का जवाब और ज्यादा बयान है। हमें इस विचार को फैलाना होगा कि आलोचनात्मक सोच आज पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है, खासकर इसलिए कि झूठ लोकप्रिय होता प्रतीत हो रहा है।

25 अप्रैल 1983 को पत्रिका 'डेयर श्टेर्न' ने अपने हैम्बुर्ग कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय प्रेस गोष्ठी रखी. तमाम टीवी कैमरों और विश्व भर से आए पत्रकारों के सामने श्टेर्न के रिपोर्टर गेर्ड हाइडेमन ने बड़े ही गर्व के साथ वे खास डायरियां पेश कीं।

गेर्ड हाइडेमन 1970 के दशक से ही पत्रिका के खोजी रिपोर्टर थे। उन्हें नाजी काल की चीजें इकट्ठा करने का बड़ा शौक था। इसी शौक के चलते उन्होंने भारी कर्ज लेकर हरमन गोएंरिंग की यॉट खरीदी। जैसे ही उन्हें पता चला कि कोई बिचौलिया कथित तौर पर हिटलर की डायरी बेचना चाहता है, इसे हाइडेमन ने अपने जीवन का सबसे बड़ा मौका समझा। 6 मई 1983 को कई समाचार एजेंसियों में खबर आई कि ये डायरियां झूठी हैं। जर्मन पुलिस के विशेषज्ञों ने साबित कर दिया था कि सभी दस्तावेज नकली थे। ये डायरियां दूसरे विश्व युद्ध के बाद कभी लिखी और जिल्द लगाई गई थीं।

डायरी पर मिले नाम के पहले अक्षरों को देख कर शक पैदा हुआ। अडोल्फ हिटलर के 'एएच' के बजाए कवर पर 'एफएच' लिखा था। कुछ लोगों का अंदाजा था कि इसका पूरा मतलब 'फ्यूहरर हिटलर' था। बाद में पता चला कि डायरियों का हिटलर से कोई लेना देना ही नहीं था।

मामले का खुलासा होते ही फर्जीवाड़ा करने वाले को पकड़ लिया गया। श्टुटगार्ट के एक पेंटर कोनराड कुयाउ ने एक बिचौलिए के जरिए पत्रकार हाइडेमन से संपर्क साधा था। उसने ही दावा किया था कि उसके पास हिटलर की वे कथित डायरियां हैं जिनकी कीमत आज भी करीब 50 लाख यूरो होती। इस सारे लेनदेन के दौरान पेंटर कुयाउ ने फर्जी नामों का इस्तेमाल किया।

कुयाउ पर जालसाजी का आरोप साबित हुआ और उसे साढे.4 साल की सजा सुनाई गई. हाइडेमन पर पत्रिका से मिले पैसों का गबन करने का आरोप साबित हुआ और उन्हें भी 4 साल 8 महीने की जेल हो गई।

1992 में आई एक व्यंग्य फिल्म श्टोंक में इसी फर्जी डायरी कांड को दिखाया गया। मामले में शामिल लोगों के असली नाम नहीं लिए गए लेकिन पूरी कहानी असली घटनाक्रम से काफी मिलती जुलती थी. पेंटर कुयाउ को स्वास्थ्य कारणों से 3 साल की सजा के बाद ही जेल से रिहा कर दिया गया। बाहर आकर उसने अपने जानेमाने होने का खूब फायदा उठाया। एक नया आर्ट स्टूडियो खोल लोगों को असली कुयाउ नकल बेचने लगा। उसकी मौत 12 सितंबर 2000 को श्टुटगार्ट में ही हुई। हाइडेमन को सजा के दौरान किसी अपराधी की तरह सेल में नहीं बल्कि खुली जेल में रखा गया। लेकिन एक पत्रकार के तौर पर उनका करियर तबाह हो गया। 2002 में हाइडेमन और पूर्वी जर्मनी की खुफिया सेवा के बीच संबंधों का भी मीडिया में खुलासा हुआ। हाइडेमन आज भी हैम्बुर्ग में रहते हैं।

# ईमानदार और निष्ठावान बनें, लक्ष्य जरूर हासिल होगा : सूरज कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जीवन में ईमानदार और निष्ठावान बनें। लक्ष्य जरूर हासिल होगा। यह बात राज्य के सहकारी समितियों के निबंधक सूरज कुमार ने कही। वह बुधवार को एक्सएलआरआई प्रेक्षागृह में अरका जैन यूनिवर्सिटी की ओर से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नवनामांकित छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

यूनिवर्सिटी के इंडक्शन सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम आरंभ 2024 में मुख्य अतिथि के तौर पर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए सूरज कुमार ने कहा कि जीवन में चाहे जितनी भी कठिनाइयां और चुनौतियां आयें, उनका डंट कर सामना करें। हौंसले बुलंद होंगे, तो लक्ष्य भी आसान होगा।

**स्तरीय यूनिवर्सिटी व कॉलेज होंगे तो ब्रेन ड्रेन रुकेगा : अनन्य मित्तल**

- सम्मानित अतिथि अनन्य मित्तल ने अरका जैन यूनिवर्सिटी को राज्य की एक स्तरीय यूनिवर्सिटी बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज होंगे, तभी यहां के विद्यार्थी यहीं पढ़-लिख कर अपने गांव, जिले और राज्य के विकास में सहभागी बन सकेंगे। साथ ही कहा कि यूनिवर्सिटी एवं कॉलले में ही छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। अतः छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा व करियर पर फोकस करें।

## अरका जैन यूनिवर्सिटी में रंगारंग आरंभ 2024 के साथ नये सत्र का आगाज





कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथिगण और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

### क्या बोले कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव

कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने कहा कि अरका जैन विश्वविद्यालय मानव निर्माण के ध्येय के साथ कौशल विकास को प्रमुखता देते हुए शहर में अपना शैक्षणिक भूमिका निभाने के लिए कृतसंकल्पित है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के सहकारी समितियों के निबंधक सूरज कुमार, विशिष्ट अतिथि पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल, सम्मानित अतिथि जिले के डीटीओ धनञ्जय कुमार, यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष प्रो एसएस रजी, कुलसचिव सह निदेशक डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, कैंपस निदेशक डॉ अंगद तिवारी एवं वित्त पदाधिकारी ऋचा गर्ग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। छात्र-छात्राओं ने गणेश व सरस्वतीत वंदना तथा स्वागत गीत समेत कई मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य,, गीत एवं रैंपवाक प्रस्तुत किये। समारोह का संचालन छात्रा इकरा हाशमी और छात्र चिराग अग्रवाल तथा धन्यवाद ज्ञापन कैंपस निदेशक डॉ अंगद तिवारी ने किया।

स्पीड न्यूज

## प्रमुख पहुंचीं हुरहुरी अबुआ आवास निर्माण का किया निरीक्षण

**रातू।** प्रमुख संगीता तिर्की ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार की दोपहर हुरहुरी पहुंच मुखिया कमल खलखो, जनसेवक कमलाकांत किंडो व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में अबुआ आवास योजना का निरीक्षण किया। लाभुकों ने आवास निर्माण के बाद भी दूसरा किस्त नहीं मिलने की शिकायत की थी। निरीक्षण के दौरान पता चला कि अधिकतर लाभुक थोड़े से काम कर दूसरी किस्त के लिये जनसेवक पर दबाव बना रहे हैं। वहीं, किसी ने तो पहला किस्त लेकर आवास की नींव तक नहीं रखी है और भुगतान की मांग कर रहे हैं। इस पर श्रीमती तिर्की ने लाभुकों को फटकार लगाते हुये जल्द से जल्द आवास निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## रातू : मंत्री से मिल कर सड़क मरम्मत की मांग

**रातू।** कांग्रेस नेता जसीम अंसारी की अगुआई में पार्टी के बिजुलिया पंचायत अध्यक्ष प्रकाश उरांव ने बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें मौजा पिर्रा से डंडई हेहल तक वर्षों से जर्जर आरईओ पथ को शीघ्र मरम्मत कराये जाने की मांग की। इस पर श्री अंसारी ने त्वरित स्वीकृति का भरोसा दिलाया। इसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है।

## केंद्रीय मंत्री से खेल उपकरण उपलब्ध कराने की मांग

**सिकिदिरी।** जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने नई दिल्ली स्थित केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से उनके आवास पर भेंट कर एक मांग पत्र सौंपा। पत्र की द्वारस क्षेत्र की बच्चों की लिए खेल उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की। सुजीत कुमार ने बताया कि जनकल्याण समर्पण संस्थान के द्वारा स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी मैदान में प्रतिदिन सुदूर क्षेत्र के अनुसूचित जाति जनजाति ओबीसी वर्ग के सकड़ो बालक बालिकाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। मंत्री संजय सेठ ने अक्टूबर में होने वाले खेल महोत्सव शुरू होने से पहले खेल उपकरण उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है।

## हेसल्पीरी पंचायत सचिवालय में लगा डाक चौपाल

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के हेसल्पीरी पंचायत सचिवालय मे बुधवार को डाक विभाग के द्वारा डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डाक बिभाग के द्वारा सचालित बिभिन्न योजनाओं के बारे मे डाक निरीक्षक उत्तरी अनुमंडल राँची पूजा पाण्डेय ने विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। साथ ही उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि डाक बिभाग के द्वारा ग्रामीण डाक जीवन बीमा, बचत खाता, अवर्ति खाता, सुकन्या समृद्धि योजना समेत आई पी पी बी खाता के बारे मे जानकसरी देते हुए आज के समय मे होनेवाले धोखाघड़ी से बचने के लिए लोगों को जागरूक भी किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# टाटा स्टील यूआइएसएल : ऑफिस के पंखे से लटकता मिला कर्मचारी

- मृतक ओपी साहू ने आत्महत्या के लिए काम का प्रेशर बताया
- सीपी समिति स्कूल के सचिव थे मृतक, मौत के कारणों की जांच जरूरी : दिनेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में टाटा स्टील यूआइएसएल के एक कर्मचारी ने कार्यालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिवार के अनुसार, सुसाइड नोट में उन्होंने काम का प्रेशर बताया है। कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा है कि हमें टीएसयूआईएसएल के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट में सीनियर सेनेटरी सुपरवाइजर ओम प्रकाश साहू (56 वर्ष) के दुर्भाग्यपूर्ण निधन की सूचना देते हुए दुख हो रहा है। आज दोपहर करीब 12 बजे उनका शव उनके गोलमुरी ऑफिस के सीलिंग फैन से लटका मिला।

कंपनी प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को सूचित कर दिया गया है और जांच जारी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टीएसयूआईएसएल जांच एजेंसियों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है। प्रवक्ता ने यहां जारी बयान में कहा कि कंपनी पीड़ित परिवार के साथ है और कंपनी की नीति के अनुसार हरसंभव सहायता कर रही है।

दूसरी ओर, भाजपा नेता दिनेश कुमार ने कहा, यह दुखद घटना है। कर्मचारी की मौत के लिए कौन जिम्मेदार है, उसकी गहन जाँच होनी चाहिये। हम मामले की जांच की मांग करते हैं और कर्मचारी के परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टाटा स्टील यूआइएसएल प्रबंधन कंपनी प्रावधानों के अनुसार मुआवजे का ऐलान करे और मृतक के आश्रितों द्वारा नौकरी की मांग की जा रही है, इसपर संवेदनशील पहल हो। भाजपा नेता दिनेश कुमार ने बताया ओमप्रकाश साहू उनके पड़ोसी हैं वे मिलनसार व्यक्ति थें। सीपी समिति मवि की प्रबंधन समिति में सचिव के दायित्व पर थे। उनके संग घटित अप्रिय घटना पर भाजपा नेता ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## बुद्धेश्वर मुखी पर हमला करने वाले अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाये : हरि मुखी

**जमशेपुर।** टाटा स्टील कर्मी सह कदमा निवासी बुधेश्वर मुखी की कल रात अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारने की सूचना मिलने पर केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष हरि मुखी के नेतृत्व में टाटा मुख्य अस्पताल जाकर घायल बुधेश्वर मुखी व उनके परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली व उनके ईलाज में लगे डॉक्टरों से उनके बेहतर ईलाज की मांग की। इसके बाद मुखी समाज का प्रतिनिधिमंडल कदमा थाना जाकर क्षेत्र के डीएसपी और थाना प्रभारी के मिलकर घटना में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। हरि मुखी ने कहा कि इस घटना का मुखी समाज विरोध करता है। प्रशासन को त्वरित उच्च स्तरीय जांच कर घटना में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी होनी चाहिए। कार्यकारी अध्यक्ष पोरेश मुखी ने कहा कि इस



तरह की घटना दुबारा ना घटित हो इसके लिए प्रशासन को इस घटना का उच्च स्तरीय जांच करनी चाहिए। मौके पर हरि मुखी, पोरेश मुखी, लखिन्द्र करूवा, मुजीम मुखी, राकेश मुखी, आशीष मुखी, पीके करूवा, विकास मुखी, धीरज मुखी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## टाइगर जयराम महतो की पार्टी का हुआ रजिस्ट्रेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रांची जिला नव नियुक्त पदाधिकारियों की बैठक हेसल रिंग रोड स्थित फलिंदर करमाली के ऑफिस में हुई। बैठक में जिला के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी के प्रति सच्ची श्रद्धा और पारदर्शिता के काम करने की शपथ ली। मौके पर रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष आलोक उरांव ने कहा कि संगठन का विस्तार पूरे रांची जिला के 18 प्रखंड व जितने भी वार्ड पार्षद क्षेत्र हैं सभी में विस्तार किया जाएगा। पार्टी 2024 के विधानसभा चुनाव मजबूती से पूरे प्रदेश में लड़ेगी। रांची नगर अध्यक्ष संजय महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष फोकस करें। विधानसभा चुनाव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पूरे रांची में चुनाव को त्रिकोणीय मुकाबले के लिए काम करे ताकि टाइगर जयराम महतो को भावी मुख्यमंत्री बनाया जा सके। इसमें रांची का महत्वपूर्ण योगदान होगा। जितेंद्र महतो केंद्रीय महामंत्री ने पार्टी का रजिस्ट्रेशन होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि जेकेएलएम का जल्द चुनाव चिन्ह भी मिल जाएगा। रांची जिला उपाध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा कि 2024 के चुनाव में रांची से जितने भी प्रत्याशी होंगे उन्हें जीताने के लिए सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी लोग दिन रात मेहनत करने के लिए तैयार है और ज्यादा से ज्यादा विधायक प्रतिनिधित्व देने के लिए रांची जिला तैयार है।

### बैठक में ये लोग थे शामिल

बैठक में वरीय उपाध्यक्ष लखीन्दर महतो, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पार्वती देवी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष शिवराज सिंह, एसी मोर्चा अध्यक्ष रोहित रविदास, उपाध्यक्ष फुलेश्वर बैठा ,महासचिव राजकिशोर महतो, उपाध्यक्ष दीपक महतो, शंकर महतो, सचिव प्रदीप महतो, महामंत्री नितीश कुमार, योगेश कुमार, निवारण कुमार, बीरबल महतो , राजेश कुमार, संतोष साहू, प्रभाकर उपाध्याय , कुलदीप मंडल, महावीर मुंडा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## नवांसोसो से मिले शव की नहीं हुई शिनाख्त

- शव पर बंधा था पत्थर, सिर में थे गहरे जख्म

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के नवांसोसो स्थित कांके रॉक गार्डेन जाने वाली सड़क किनारे गड्ढे से मिले अज्ञात युवक के शव की 24 घंटे बाद भी शिनाख्त नहीं हो पायी है। मृतक के शरीर में रस्सी से पत्थर बंधा था। उसके सिर पर गहरे जख्म के निशान और जीभ निकले हुये थे। आशंका जतायी जा रही है कि अपराधियों ने अन्यत्र उसकी गला दबाकर हत्या करने के उपरांत साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को यहां लाकर फेंक दिया। शव चार-पांच दिन पहले की बतायी जा रही है। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष थी। रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद शव को अगले 72 घंटे के लिये डीप फ्रीजर में रखा गया है। ताकि परिजन उसकी पहचान कर अंतिम संस्कार कर सकें। मामले को लेकर सुंडील पंचायत की मुखिया लीला तिर्की के बयान पर रातू थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### नेल क्लिपिंग के लिये गये नमूने

थानेदार शशिभूषण चौधरी ने बताया कि मृतक का नेल क्लिपिंग नमूने लिये गये हैं। उसे विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जायेगा। रिपोर्ट आने के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। उसके कपड़े को सुरक्षित रख लिया गया है। तकनीकी सेल से घटनास्थल का कॉल डंप भी कराया जायेगा। इससे सीडीआर के जरिये गुनाहगारों तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

## कीचड़ भरी सड़क पर चलने को विवश हैं स्कूली बच्चे

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नरकोपी में कीचड़ भरी रास्ते पर चलने को मजबूर है स्कूल जाने वाले छोटे छोटे बच्चे। बेड़ो प्रखंड के नरकोपी गांव स्थित नरकोपी मुख्य पथ से हाई स्कूल होते हुए मिडिल स्कूल तक कीचड़ भरी रास्ते व जल जमाव होने के कारण स्कूली बच्चों समेत ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। कई छोटे छोटे बच्चे कभी कभी फिसल कर गिर पड़ते हैं। इधर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक से लगभग 600 फीट कीचड़ भरी सड़क को अविलंब पीसीसी पथ बनाये जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क स्कूल आने जाने का मुख्य मार्ग है इसी मार्ग से किसान भी आते जाते हैं। लेकिन इस सड़क के प्रति जनप्रतिनिधियों के ध्यान नही है। बरसात में यहां



चलना काफी मुश्किल हो जाता है। इस सड़क को बनाने की मांग कई बार उठाई गई है। लेकिन आज तक नही बना है। वहीं लोगों ने स्थानीय प्रशासन से यथाशीघ्र पीसीसी निर्माण किये जाने की मांग की है।

# इटकी पीएचसी में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य सुविधा

### इटकी पीएचसी का हाल-बेहाल

**नौशाद अख्तर**

**इटकी।** इटकी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों के नहीं रहने से प्रखंड वासियों को चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। लोग इलाज के लिये निजी अस्पताल या रांची जाने को विवश हैं। जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल वर्षों से बेहाल है। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है। पिछले करीब 11 माह से यहां डॉक्टरों का पद रिक्त है। दो नर्सों के भरोसे यह केंद्र चल रहा है। 24 घंटे इमरजेंसी सेवा भी यहां नदारद है। हालांकि यहां कुछ दवा रोगियों को जरूर मिल जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के दो, एएनएम के दो, गार्ड के दो पद स्वीकृत है जबकि फार्मेसिस्ट, लैब टेक्नीशियन, क्लर्क व स्वीपर के एक एक पद है। वर्तमान में इटकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी चिकित्सक नही है। केंद्र करीब एक वर्ष से दो एएनएम के भरोसे चल रहा है। चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ के लिये लाखो रुपये की लागत से आवास बनाया गया है, परंतु आवास में कोई भी चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ नही रहते है जिससे यहां सांध्य चार बजे के बाद इमरजेंसी में इलाज के लिये आये लोगों को बैरंग लौटना पड़ता है। वहीं लाखो रुपये की लागत से बना आवास भी खाली पड़ा है।

### नर्स से जांच करवाती हैं गर्भवती महिलाएं : प्रमुख



प्रखंड प्रमुख किरण उरांव ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नहीं है। जिसके कारण इलाज के लिये पहुंचे लोगों को खास कर गर्भवती महिलाएं मौके पर मौजूद नर्स से जांच कराते है या फिर उन्हें निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। सरकार विशेषज्ञ महिला चिकित्सक का शीघ्र बहाल करे और ग्रामीणों के लिए 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए।

### 70 हजार आबादी पर एक भी डॉक्टर नहीं : उप प्रमुख



उप प्रमुख परवेज आलम का कहना है कि करीब सत्तर हजार आबादी वाला इटकी प्रखंड का एकमात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों का नही रहना दुर्भाग्य की बात है। डॉक्टर के नही रहने से प्रखंड वासियों को इलाज के लिए निजी अस्पताल या रांची जाने को विवश होना पड़ रहा है। सरकार इसे संज्ञान में ले और जल्द चिकित्सकों को बहाल करे और ग्रामीणों के लिए 24 घण्टे सेवा बहाल करे नही तो केंद्र में तालाबंदी किया जाएगा।

### पीएचसी में ठप है चिकित्सा सेवा : आजसू जिला सचिव



आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और मंत्री की लापरवाही के कारण लाखों रुपये की लागत से बना इटकी प्रखंड का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सेवा ठप है। यहां न डॉक्टर हैं और न ही लैब है। दवाओं का भी भारी कमी है। यदि वर्तमान सरकार चिकित्सकों की बहाली कर केंद्र में पूर्ण सुविधा उपलब्ध नहीं कराती है तो आजसू पार्टी चरणबद्ध आंदोलन कर तालाबंदी करेगी।

### डॉक्टर नहीं रहने से बैरंग लौट जाते हैं मरीज : अजीत



सर्वधर्म सद्भवना समिति के केंद्रीय सचिव अजीत केसरी ने कहा कि प्रतिदिन दर्जनों महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं। परंतु डॉक्टर के नहीं रहने से उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है। सरकार डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों को यहां उपलब्ध कराकर 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा चालू करें। ताकि ग्रामीणों को यहां इलाज हो सके। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा नहीं मिल पाने के कारण लोगों को रांची जाना पड़ता है।

एक नजर में

## बांग्ला देश की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन



**अनगड़ा।** प्रखण्ड के विनोद बिहारी महतो चौक मोड़ चतरा में जन जाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार एवं उनके धार्मिक संस्थानो मंदिर घरों तथा उनके परिष्ठानों को निशाना बनाए जाने के विरोध में जन जाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें मुख्य रूप से जन जाति सुरक्षा मंच के जिला सह संयोजक उमेश कुमार बड़ाईक प्रखण्ड संयोजक अजय कुमार सिंह भोगता प्रभु दयाल बड़ाईक कांके प्रखण्ड से राम प्रवेश नायक खलारी प्रखंड अध्यक्ष सलेन्द्र शर्मा संतोष महतो राजेश मिश्रा उपस्थित थे।

## फोरलेन सड़क निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री और सांसदों से मिला प्रतिनिधिमंडल



**ठाकुरगांव।** भाजपा के वरीय नेता रामकुमार दुबे के नेतृत्व में बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री समेत अन्य सांसदों से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद, दीपक प्रकाश से मिलकर झारखंड सेंट्रल कॉरिडोर रातू से बिहार के डोभीमोड़ भाया बुढ़मू, टंडवा, चतरा, हंटरगंज फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही ज्ञापन में कहा गया है कि 140 किमी उक्त सड़क के बनने से रांची से बिहार,उत्तरप्रदेश की दूरी 50 किमी कम होगी। मौके पर राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद ने कहा कि इस मामले को लेकर जल्द ही केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर बहुप्रतीक्षित उक्त सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाया जाएगा।

## परिवार नियोजन को लेकर गांव में नुक्कड़ नाटक



**सोनाहातू।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में परिवार नियोजन के विषय में जागरूकता कार्यक्रम को लेकर सोनाहातू प्रखंड के सभी गांव में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सोनाहातू प्रखंड के बाजार में लोगों को जनसंख्या स्थिरता लाने तथा परिवार को खुशहाल बनाने में परिवार नियोजन की महत्व और विधि को अपनाने के विषय में लोगों को जागरूकता किया गया। अभियान में कलाकार टीम लीडर द्रोपती देवी, मुकेश लोहरा, रवि गुप्ता, रिया कुमारी, सविता कुमारी, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किये। भारतीय लोक कल्याण संस्थान रांची के कलाकार भी जागरूकता अभियान में शामिल रहे।

## दिव्यांग जांच शिविर में 46 बच्चों की हुई जांच 35 बच्चों को मिला उपकरण



**सोनाहातू।** प्रखंड स्थित बीआरसी कार्यालय परिसर में बुधवार को समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांगता जांच सह सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय के बच्चे शामिल हुए। जिसमें 3 से 18 वर्ष के बच्चों की दिव्यांगता जांच एवं सहायक उपकरण वितरण किया गया। 46 बच्चों के जांच के बाद 35 दिव्यांगों के बीच उपकरण का वितरण किया। जिसमें ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, एल्बो, रोलेटर, मानसिक संवेदक कीट, सीपी चेयर एवं श्रवण यंत्र शामिल है। शिविर में 12 बच्चों को उपकरण और 23 बच्चों को सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में प्रमुख विक्टोरिया देवी, उप प्रमुख सविता देवी, पंचायत समिति सदस्य राय मनी देवी, बीनापानी देवी, आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिक, रिसोर्स शिक्षक बेला लिंडा, दीनानाथ महतो, इंद्रजीत बैठा, रामनाथ महतो, मनोज सिंह मुंडा, सरस्वती देवी, प्रतिमा कुमारी, प्रेमानंद सिंह मुंडा, धरम सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## विधायक ने किया मंईयां योजना शिविर का निरीक्षण

**चान्हो।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को प्रखण्ड के ताला, पतरातू एवं सोंस पंचायत में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के अंतर्गत 21 से 50 वर्ष तक की युवतियों एवं महिलाओं को लाभान्वित करने के लिये आयोजित कैम्प का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया और इस योजना में अपना आवेदन देने को कहा। इस संदर्भ में श्रीमती तिर्की ने कैम्प के प्रभारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी बातचीत की और उन्हें मुस्तैदी से कार्य करने का निर्देश दिया।

# लगातार दूसरा स्वर्ण जीतने आज उतरेंगे नीरज

## स्वदेश लौटीं मनु, हुआ जोरदार स्वागत



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक 2024 में दो पदक जीतने के बाद बुधवार को स्वदेश लौट आई हैं। उनका दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ। ढोल-नगाड़ों के साथ मनु भाकर व उनके कोच जसपाल राणा का लोगों ने भव्य स्वागत किया और दोनों को फूल-मालाओं में लाद दिया। लोग मनु भाकर के साथ सेल्फी ले रहे थे। भव्य स्वागत पर मनु भाकर बहुत खुश दिख रही थीं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह बहुत खुश हैं। लोगों का इतना प्यार मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि 22 वर्षीय मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश का पेरिस ओलंपिक में खाता खोला था। इसके बाद उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता। इससे वह एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली भारतीय बन गईं। इसके बाद उनके पास तीसरा ओलंपिक पदक जीतकर एकमात्र भारतीय बनने का इतिहास रचने का मौका था लेकिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में वह मामूली अंतर से चूक गईं थीं और चौथे स्थान पर रही थीं।

## पाकिस्तानी अरशद नदीम से कड़ी मिलेगी चुनौती

एजेंसी

**पेरिस।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा गुरुवार की रात ओलंपिक में लगातार दूसरे स्वर्ण पदक के लिए उतरेंगे। नीरज ने क्वालिफिकेशन में दमदार प्रदर्शन किया था और पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया था। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक की तरह यहां भी कुछ सेकेंड में फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया था लेकिन इस बार पिछले ओलंपिक की तुलना में चुनौती अधिक कड़ी है। कुल नौ खिलाड़ियों में से पांच ने नीरज की तरह अपने पहले थ्रो में ही फाइनल में जगह बना ली थी। खिताब बरकरार रखने वाले पांचवें भाला फेंक एथलीट बनने के करीब भारत का यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझता है क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले आठ वर्षों से चुनौती पेश कर रहे हैं। वह इसके बाद तुरंत ही खेल गांव लौट गए ताकि फाइनल से पहले पर्याप्त विश्राम कर सकें क्योंकि काफी कुछ दांव पर लगा है। नीरज फाइनल में ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवां पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे। अगर वह खिताब जीतते हैं तो ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे। ओलंपिक की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में अभी तक एरिक लेमिंग ( स्वीडन, 1908 और 1912), जोन्नी माइरा (फिनलैंड, 1920 और 1924), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेंजी (चेक गणराज्य, 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नॉर्वे, 2004 और 2008) की ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव कर पाए हैं।

### दो ओलंपिक पदक जीतने वाले चौथे भारतीय होंगे

अगर नीरज कोई भी पदक अपने नाम करते हैं तो भी वह स्वतंत्रता के बाद दो व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले सिर्फ चौथे भारतीय खिलाड़ी होंगे। स्वतंत्रता के बाद बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू (एक रजत और एक कांस्य), पहलवान सुशील कुमार (एक रजत और एक कांस्य) और निशानेबाज मनु भाकर (दो कांस्य) ही भारत के लिए दो ओलंपिक पदक जीत पाए हैं।



### नीरज के लिए आसान नहीं होगी राह

नीरज ने ग्रुप ए और बी दोनों में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया और इस तरह एडक्टर की चोट से जुड़ी चिंताओं को भी पूरी तरह से खारिज कर दिया। यह नीरज के करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। नीरज को फाइनल में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और पाकिस्तान के अरशद नदीम से कड़ी चुनौती मिल सकती है जो सही समय पर फॉर्म में लौटे हैं। इनके अलावा टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकुब वालडेच भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था, जबकि उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में स्टॉकहोम डाइमंड लीग में रजत पदक जीतने के दौरान किया था। यह राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

## दीक्षा डागर पहले राउंड में अदिति अशोक से आगे

**पेरिस।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक में महिला गोल्फ प्रतियोगिता के पहले दौर में दिन को 1-अंडर 71 के साथ समाप्त किया। अपना दूसरा ओलंपिक खेल खेल रहीं पूर्व डेफालंपिक्स चैंपियन ने दिन का अंत 71 के कुल स्कोर के साथ किया, जो अदिति अशोक के पहले स्कोर से एक बेहतर है।

## विनेश को 25 लाख का पुरस्कार देगा एलपीयू

**फगवाड़ा।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने विनेश फोगाट को पेरिस ओलिंपिक के कुश्ती के फाइनल में पहुंचने के बाद वजन ज्यादा होने के कारण अयोग्य करार दिए जाने के बावजूद 25 लाख रुपये की नकद राशि देने की घोषणा की। विनेश एलपीयू में एमए मनोविज्ञान की छात्रा हैं और एलपीयू ने ओलिंपिक में रजत पदक विजेता को 25 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की हुई थी। विनेश का वजन 50 किलो से 100 ग्राम अधिक पाया गया था।

## विनेश को अयोग्य ठहराए जाने से निराश हूं: उषा

**पेरिस।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा ने कहा कि वह विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराए जाने से स्तब्ध और निराश हूं। आइओए की ओर से जारी बयान में डॉ. पीटी उषा ने कहा, ओलंपिक खेलों की महिला कुश्ती 50 किग्रा वर्ग प्रतियोगिता से विनेश को अयोग्य ठहराए जाने से मैं स्तब्ध और निराश हूं।

## विनेश को अयोग्य ठहराया जाना दुर्भाग्यपूर्ण : हुड्डा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराए जाने को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। श्री हुड्डा रोहतक में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गोल्ड मेडल की दहलीज पर खड़े किसी खिलाड़ी के साथ उन्होंने ऐसा होते हुए पहले कभी नहीं देखा।

## विजेता और चैंपियन हैं विनेश : योगी




**लखनऊ।** पेरिस ओलंपिक-2024 में अयोग्य घोषित की गयी महिला पहलवान विनेश फोगाट को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ढाढस बंधाया है। विनेश ने कुश्ती में भारत के लिए पदक पक्का कर लिया था, लेकिन बुधवार को उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इस निर्णय के साथ भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ओलंपिक से बाहर हो गईं।

## आस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी हिरासत में

**पेरिस।** पेरिस अभियोक्ता कार्यालय के अनुसार आस्ट्रेलियाई ओलंपिक फील्ड हॉकी टीम के एक सदस्य को कोकीन खरीदने के प्रयास के बाद यहां हिरासत में लिया गया। कार्यालय ने एक बयान में कहा कि पुलिस ने मंगलवार की रात पेरिस में एक इमारत के बाहर ड्रग लेन-देन रोका। उन्होंने कहा कि जांच के लिए यह मामला पुलिस की ड्रग रोधी इकाई को सौंप दिया है। अभियोक्ताओं ने कहा कि यह कथित खरीदार आस्ट्रेलियाई फील्ड हॉकी टीम का 28 वर्षीय सदस्य था और 17 वर्षीय कथित विक्रेता को भी हिरासत में लिया गया। आस्ट्रेलियाई ओलंपिक समिति ने एक बयान में कहा कि कोई आरोप दायर नहीं किया गया है और कहा कि वह टीम के सदस्य के लिए सहायता की व्यवस्था कर रही है। आस्ट्रेलियाई अधिकारियों और पेरिस अभियोक्ताओं ने खिलाड़ी का नाम जारी नहीं किया है।

## अंतिम पंघाल को मिली 0-10 से हार



एजेंसी

**पेरिस।** भारत की कुश्ती में पदक की सबसे बड़ी उम्मीद अंतिम पंघाल बुधवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में अपनी तुर्की प्रतिद्वंद्वी येतगिल जेनेप के हाथों 0-10 से शर्मनाक हार से हार मिली है। इस मैच की शुरूआत से अंतिम परेशानी में दिखीं और प्रतिद्वंद्वी ने शुरू से ही चालें से 0-10 की बढ़त बनाई। इसके साथ ही तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर से मैच जीत लिया। इस मैच को जेनेप 1 मिनट 41 सेकेंड में ही खत्म कर दिया। इसके साथ ही भारत की मेडल की उम्मीद लगभग टूट चुकी हैं। आपको बता दें कि अंतिम पंघाल ने विनेश फोगट के स्वामित्व वाली श्रेणी में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली पहली महिला बनी थी। वो पहले दौर में 101 सेकंड में हार गई थी, तुर्की पहलवान तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर विजयी हुई, जहां उसने अपने भारतीय विरोधी पर 10 अंकों की स्पष्ट बढ़त बना ली थी। प्रतिद्वंद्वी जेनेप पूरी तरह से नियंत्रण में थी क्योंकि उसने पहले अंतिम को दो अंकों के लिए पिन किया, उसके बाद दो और अंक हासिल किए और फिर चार अंक हासिल करने के लिए डबल फ्लिप किया, जब रेफरी ने मुकाबला रोक दिया तो एंटीम की आंखों में आंसू आ गये।

## अन्नू और सर्वेश का अभियान समाप्त



एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय एथलीट अन्नू रानी और सर्वेश कुशारे को पेरिस 2024 ओलंपिक में निराशा का सामना करना पड़ा, क्योंकि दोनों बुधवार को यहां अपने-अपने इवेंट के फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे। महिलाओं की भाला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अन्नू रानी ने बुधवार को स्टेड डी फ्रांस में क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान 55.81 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास दर्ज किया। अन्नू के तीन प्रयासों में 55.81 मीटर, 53.22 मीटर और 53.55 मीटर की दूरी देखी गयी। अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद वह ग्रुप ए में 15वें स्थान पर रहीं और 62.00 मीटर के क्वालीफिकेशन मानक को पूरा नहीं कर पायीं इसके अलावा, वह कुल मिलाकर शीर्ष 12 एथलीटों में भी शामिल नहीं रहीं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। महिलाओं की भाला फेंक में 63.82 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाली अन्नू रानी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के करीब भी नहीं पहुंच पाईं, जिससे उन्हें आसानी से फाइनल में जगह मिल सकती थी।

### सर्वेश का अभियान हुआ समाप्त




पुरुषों के हाई जंप क्वालिफिकेशन राउंड में कुशारे को भी ऐसी ही चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 2.15 मीटर की छलांग सफलतापूर्वक पार की, लेकिन बाद के प्रयासों में इस निशान को पार करने में उन्हें संघर्ष करना पड़ा। तीन प्रयासों में 2.20 मीटर की छलांग लगाने में विफल रहने के कारण कुशारे 2.29 मीटर क्वालिफिकेशन मानक से चूक गये। 29 वर्षीय एथलीट क्वालिफिकेशन इवेंट के ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहे, जिससे उनके ओलंपिक अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

## हरिका, प्रज्ञानन्दा नें जीता विश्व टीम ब्लिट्ज में स्वर्ण पदक , अर्जुन को रजत पदक

एजेंसी

**अस्ताना, कजाकिस्तान।** विश्व टीम रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के खिताब वैसे तो अल एन और डबल्यूआर टीम नें अपने नाम किए है और एमजीडी 1 और चैसी जैसी टीमों नें भी शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन इन टीम की सफलताओं में भारतीय खिलाड़ियों नें भी अपना योगदान दिया है और इसका असर



व्यक्तिगत पदक तालिका में साफ नजर आ रहा है। टीम एमजीडी 1 जिसमें ब्लिट्ज में उपविजेता का स्थान हासिल किया उसमें हरिका द्रोणावल्ली नें पांचवें बोर्ड पर 7 में से 6 अंक बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जबकि टीम के लिए रैपिड में पहले बोर्ड पर खेलते हुए 12 राउंड में 9.5 अंक बनाकर रजत पदक हासिल किया। ब्लिट्ज की विजेता डबल्यूआर टीम से खेलने वाले आर प्रज्ञानन्दा नें चौंथे बोर्ड में 4 से 4 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया । वहीं एमजीडी 1 के मिहिर शाह नें ब्लिट्ज में कांस्य और रैपिड में रजत पदक अपने नाम किया ।

## महिला टेबल टेनिस टीम का खत्म हुआ अभियान, जर्मनी के हाथों 1-3 से मिली हार



एजेंसी

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम का अभियान समाप्त हो गया है। भारत को जर्मनी ने हाथों 1-3 से हार मिली, इसके साथ ही भारतीय तिकड़ी क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई है। भारतीय टीम के पास सुनेहरा मौका था कि वो सेमीफाइनल के लिए प्रवेश कर सकें लेकिन वो जर्मनी से मिली हार के बाद ओलंपिक 2024 से बाहर हो गईं।

**पहला मैच :** भारत के लिए पहला मैच अर्चना कामथ और श्रीजा अकुला ने जर्मनी की वान युआन और शान जियाओना के साथ खेला। इस मैच में भारतीय जोड़ी 1-3 से हार गयी। इस मैच के पहले सेट में भारत को 5-11 से हार मिली, लेकिन दूसरे सेट में वापसी करते हुए भारतीय जोड़ी ने 11-8 से जीत हासिल की। इसके बाद जर्मनी ने 10-11 और 6-11 से अपने नाम किये।

**दूसरा मैच :** टीम इंडिया के लिए दूसरा मैच मनिका बत्रा और जर्मनी कॉफमैन एनेट ने खेला। इस मैच में भारत को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में भारत पहला सेट 11-5 से जीत लेकिन बाकी के तीन सेट क्रमशः 5-11, 7-11, 5-11 से गंवा दिये।

**तीसरा मैच :** भारत की ओर से तीसरे मैच अर्चना कामथ और जर्मनी की शान जियाओना के साथ खेला। इस मैच को भारत 1-3 से हार गया। इस मैच में भारत ने पहला सेट 19-17 से जीता लेकिन दूसरा सेट 1-11 से हारा, इसके बाद तीसरा सेट 11-5 से वापसी करते हुए जीत लिया। चौथे सेट में 9-11 से जर्मनी ने भारत को हरा दिया।

**चौथा मैच :** भारत की ओर से चौथा मैच श्रीजा अकुला और जर्मनी की कॉफमैन एनेट के बीच खेला। इस मैच को भारत 0-3 से हार गया। इस मैच में पहला सेट भारत ने 6-11, दूसरा सेट 7-11 और तीसरा सेट 7-11 से गंवाया।

### विनेश का जज्बा किसी भी पदक से ज्यादा चमकता है: नीता

**मुंबई।** नीता अंबानी ने महिला पहलवान विनेश फोगाट को अधिक वजन पाये जाने पर अयोग्य घोषित किये जाने पर उनके प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि आपका जज्बा किसी भी पदक से ज्यादा चमकता है। श्रीमती अंबानी ने कहा, आज पूरा देश विनेश के दर्द और दिल टूटने को साझा करता है। वह एक चैंपियन फाइटर है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह और भी मजबूत होकर वापस आएगी। उसने बार-बार दिखाया है कि उसकी ताकत न केवल उसकी अविश्वसनीय जीत में है बल्कि प्रतिकूल परिस्थितियों से उभरने की उसकी क्षमता में भी है।

## स्पिन के खिलाफ बेदम दिखी भारतीय बल्लेबाजी, श्रीलंका ने भारत को 110 रन से हराया

# 27 साल बाद श्रीलंका से वनडे सीरीज हारा भारत

एजेंसी

**कोलंबो।** भारतीय बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में भी जारी रहा और टीम को इस मैच में 110 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 248 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पूरी टीम 26.1 ओवर में 138 रन पर ऑलआउट हो गई। भारतीय बल्लेबाजी क्रम एक बार फिर श्रीलंकाई स्पिनरों के सामने बेदम नजर आया और कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम की टर्न लेती पिच पर संघर्ष करता दिखा। श्रीलंका के लिए स्पिनर दुनिथ वेलालागे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटके और भारतीय पारी को लड़खड़ाने में अहम योगदान निभाया।

### श्रीलंका ने 1997 के बाद पहली बार भारत से जीती वनडे सीरीज

भारत के खिलाफ 0-3 से टी20 सीरीज गंवाने के बाद श्रीलंका ने वनडे प्रारूप में शानदार खेल दिखाया। दोनों टीमों के बीच पहले वनडे टाई रहने के बाद श्रीलंका ने गेंदबाजों के दम पर अगले दोनों मैच जीते। इस तरह श्रीलंका भारत से 2-0 से यह सीरीज अपने नाम करने में सफल रहा। चरिथ असलंका की अगुआई वाली श्रीलंकाई टीम के लिए यह जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि मेजबान टीम ने भारत के खिलाफ 1997 के बाद पहली बार वनडे सीरीज जीती है। श्रीलंका ने इससे पहले अंतिम बार 1997 में अर्जुन राणातुंगा की कप्तानी में भारत को 3-0 से हराया था। तब से लगातार 11 बार भारत ने वनडे सीरीज अपने नाम की थी, लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम इस रिकॉर्ड को बरकरार नहीं रख सकी और उसे 27 साल बाद श्रीलंका से वनडे सीरीज गंवानी पड़ी।




### शुरूआती झटकों से नहीं उबर सकी भारतीय टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को असिथा फर्नांडो ने पहला झटका शुभमन गिल को आउट कर दिया। भारत ने 37 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवाया था। पिछले दो मैच में अर्धशतक जड़ने वाले रोहित शर्मा इस मैच में भी अच्छा प्रदर्शन करते नजर आ रहे थे, लेकिन वेलालागे ने कप्तान को आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया। इसके बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई और एक के बाद एक भारतीय बल्लेबाज अपने विकेट गंवाते रहे। विराट कोहली शुरूआती दो मैचों की तरह इस मैच में भी प्रभाव नहीं छोड़ सके और 20 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटे। भारत की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम ने 100 रन के स्कोर पर ही सात विकेट गंवा दिए थे। अंत में वाशिंगटन सुंदर ने 25 गेंदों पर 30 रनों की पारी खेली, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। भारत के लिए सिर्फ चार बल्लेबाज ही दहाई अंक तक पहुंच सके। दिलचस्प बात यह है कि भारत ने अपने नौ विकेट स्पिनरों के खिलाफ गंवाए।

### स्पिनरों से पार नहीं पा सकी टीम

भारतीय बल्लेबाज पूरी वनडे सीरीज के दौरान स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे थे। भारत ने तीन मैचों की सीरीज में स्पिनरों के खिलाफ कुल 27 विकेट गंवाए जो इतने मैचों की वनडे द्विपक्षीय सीरीज में किसी टीम द्वारा स्पिनरों के खिलाफ गंवाए सर्वाधिक विकेट है। वहीं, वेलालागे भारत के खिलाफ एक से अधिक बार वनडे में पांच विकेट लेने वाले पहले स्पिनर बने। वह दो बार भारत के खिलाफ यह कारनामा कर चुके हैं।

### शतक से चूके फर्नांडो

फर्नांडो और कुसल मेंडिस ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन जुटाकर श्रीलंका को मजबूत स्थिति में रखा। फर्नांडो ने मोहम्मद सिराज के खिलाफ आसानी से रन जुटाए जिन्होंने दिशाहीन गेंदबाजी की। फर्नांडो ने पुल शॉट से सिराज पर लगातार दो छक्के मारे। फर्नांडो हालांकि पराग की सीधी गेंद पर पगबाधा हो गए और अपने चौथे वनडे शतक से चूक गए। फर्नांडो ने 102 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 96 रनों की पारी खेली।

### पहले ही मैच में चमके पराग

श्रीलंका का स्कोर 36वें ओवर में दो विकेट पर 171 रन था और मेजबान टीम 280 रन के करीब पहुंचने की स्थिति में दिख रही थी। पराग ने इसके बाद कप्तान चरिथ असलंका (10) को पगबाधा किया और फिर दुनिथ वेलालागे (02) को भी पवेलियन भेजकर श्रीलंका की लय तोड़ी। पराग ने तेजी से स्पिन लेती गेंद पर वेलालागे को बोल्ड किया। सिराज ने सदीरा समरविक्रमा जबकि वाशिंगटन सुंदर ने जनिथ लियानागे को आउट कर दिया जिससे श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 199 रन हो गया। मेजबान टीम ने इस तरह 28 रन पर पांच विकेट गंवाए। हालांकि, कुसल मेंडिस (59) और कामिंदू मेंडिस (नाबाद 23) ने सातवें विकेट के लिए 36 रन जोड़कर टीम का स्कोर 250 रन के करीब पहुंचाया।

स्पीड न्यूज

### याह्या सिनवार बना हमास का प्रमुख

**गाजा।** हमास ने गाजा नेता याह्या सिनवार को समूह का प्रमुख नियुक्त किया है। हमास समूह ने कहा कि 31 जुलाई को तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या के बाद यह निर्णय लिया गया है। याह्या सिनवार को फरवरी 2017 में गाजा पट्टी में हमास का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था, वो अपने कट्टरपंथी विचारधारा के लिए जाना जाता है। उस पर सात अक्टूबर के हमले का मास्टरमाइंड होने का आरोप है। 61 साल के याह्या सिनवार का संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। उसने 23 साल इजरायली जेलों में बिताए हैं और वो 2011 में कैदी एक्सचेंज के तहत रिहा किया गया था।

### नेपाल में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 5 मरे

**काठमांडू।** नेपाल में बुधवार को काठमांडू के उत्तर-पश्चिम में पर्वतीय क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने नुवाकोट के शिवपुरी ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड नंबर सात में दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद किए हैं। एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर, 9एन-एजेडी काठमांडू से रसुवा जा रहा था। हेलीकॉप्टर ने अपराह्न 1:54 बजे काठमांडू से उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान भरने के तीन मिनट बाद ही इसका संपर्क टूट गया। पुलिस बताया कि दुर्घटनास्थल से दो पुरुषों, एक महिला और पायलट के शव बरामद किए गए हैं।

### देवेश चतुर्वेदी कृषि और पोंडरिक इस्पात सचिव बने

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वरिष्ठ अधिकारी देवेश चतुर्वेदी को कृषि और संदीप पोंडरिक को इस्पात सचिव नियुक्त किया है। 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी चतुर्वेदी फिलहाल अपने कैडर उत्तर प्रदेश में कार्यरत हैं। 1993 कैडर के आईएएस अधिकारी पोंड्रिक को इस्पात मंत्रालय में सचिव नियुक्ति को मंजूरी दी है। फिलहाल पोंडरिक बिहार में कार्यरत हैं।

### जम्मू-कश्मीर के डीजीपी होंगे स्वैन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एजीएमयूटी कैडर के 1991 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आरआर स्वैन को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया है। गृह मंत्रालय के आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि स्वैन का कार्यकाल कार्यभार संभालने से 30 सितंबर अथवा अगले आदेश तक का होगा।

रेलवे ने कवच तेजी से लगाने के लिए बनायी विशेष योजना

### रेलवे कवच लगाने काम तेजी से शुरू

**नयी दिल्ली ।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेलवे को टक्कर रोधी उपकरण कवच 4.0 से युक्त करने के लिए द्रुत गति से काम शुरू हो गया है जिसके तहत दो साल के भीतर 20 हजार से अधिक लोकोमोटिव अर्थात इंजनों में कवच उपकरण और नौ हजार किमी के मार्ग को कवच युक्त कर दिया जाएगा। श्री वैष्णव ने रेल भवन में कहा कि कवच के नये 4.0 संस्करण का एसआईएल-4 प्रमाणन होने के बाद उसके औद्योगिक उत्पादन की स्थिति आ चुकी है और तीन विनिर्माता को ऑर्डर जारी किये गये हैं।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लांच किया इवी

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में ड्राइव भारत कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नवाचारों की एक श्रृखला लांच किया। कंपनी ने इन प्रगतियों को प्रदर्शित करने के लिए ऑटोमोटिव और ईवी पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योग खिलाड़ियों के साथ सहयोग किया। अपनी तरह का पहला यह कार्यक्रम ईवी तकनीक को आगे बढ़ाने वाहनों को तेजी से परेशानी मुक्त करने के लिए ईवी निर्माण के लिए निर्माताओं की अटूट दर्शाता है।

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का शपथ आज

## सलाहकार परिषद में 15 सदस्य हो सकते हैं शामिल : सेना प्रमुख

एजेंसी

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार गुरुवार को शपथ लेगी। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने यह जानकारी दी। जनरल वकार ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि अंतरिम सरकार गुरुवार रात आठ बजे शपथ ले सकती है। उन्होंने कहा कि सलाहकार परिषद में 15 सदस्य शामिल किए जा सकते हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को अर्थशास्त्री यूनुस (84) को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया था। इस बीच, मोहम्मद यूनुस ने बुधवार को सभी से शांति कायम करने और हर प्रकार की हिंसा से बचने की अपील की। यूनुस ने कहा, आइए इस नई जीत का सर्वोत्तम उपयोग करें। हम अपनी किसी गलती की वजह से इस जीत को व्यर्थ न जाने दें। यूनुस के प्रभार संभालने के लिए पेरिस से गुरुवार को स्वदेश लौटने की संभावना है।

### नोबेल विजेता यूनुस होंगे सरकार के प्रमुख

**छात्रों ने यातायात प्रबंधन संभाला :** इससे पहले बांग्लादेश में छात्रों ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन स्वयंसेवकों के रूप में यातायात प्रबंधन किया। वहीं, एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने का आह्वान किया। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, सोमवार को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बांग्लादेश में अराजकता चरम पर है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने या यातायात का प्रबंधन करने के लिए पुलिसकर्मी उपलब्ध नहीं हैं।

**खालिदा जिया ने रैली को किया संबोधित :** अपनी कट्टर प्रतिद्वंद्वी हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद जेल से रिहा हुईं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने ढाका



में अपनी पार्टी की एक विशाल रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश के पुनर्निर्माण के लिए शांति की अपील की। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष जिया ने कहा कि मुझे अब रिहा कर दिया गया है। मैं उन बहादुर लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं जो असंभव को संभव बनाने के लिए करो या मरो के संघर्ष में थे।

उन्होंने कहा कि यह जीत हमारे लिए लूट, भ्रष्टाचार और बीमार राजनीति से पार पाने की नई संभावना लेकर आई है। हमें इस देश को एक समृद्ध देश बनाने की जरूरत है। जिया ने यह भी कहा कि कोई विनाश नहीं, कोई आक्रोश नहीं और कोई प्रतिशोध नहीं, हमें अपने देश के पुनर्निर्माण के लिए प्रेम व शांति की जरूरत है।

### मोहम्मद यूनुस ने शांति बनाये रखने की अपील

### जिया ने देश के पुनर्निर्माण के लिए शांति की अपील की

**सांसत में कारोबारी प्रतिष्ठान :** इस बीच, कारोबारी प्रतिष्ठानों ने पिछले दो दिन में फैक्टरियों में आगजनी की घटनाओं के बीच बुधवार को कानून एवं व्यवस्था तुरंत बहाल करने की मांग की, ताकि उनकी उत्पादन इकाइयों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मीडिया ने इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स, बांग्लादेश' के हवाले से बताया कि कारोबारियों ने कहा है कि उन्होंने आज खासतौर से कपड़ों की फैक्टरियां खोलीं, लेकिन अशांति और तोड़फोड़ के डर के कारण कई फैक्टरी का संचालन संभव नहीं है।

### शीर्ष पुलिस अफसर बदले गये

अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) ए.के.एम. शाहीदुर रहमान को मौजूदा संकट से निपटने के लिए बांग्लादेश पुलिस का शीर्ष अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और सार्वजनिक सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने के काम में जुटने का आह्वान किया है। इस बीच, बांग्लादेश स्काउट्स के सदस्यों समेत छात्रों को कई स्थानों पर यातायात प्रबंधन करते हुए देखा गया। बुधवार को सुरक्षाबल में हुए ताजा फेरबदल के तहत रहमान को अब रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मोहम्मद मोईन उल हसन ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के आयुक्त के रूप में हबीबुर रहमान का स्थान लेंगे।

**बैंक के शीर्ष अधिकारियों के इस्तीफे :** कार्यालयों को फिर से खोले जाने के बाद दूसरे दिन बुधवार को बांग्लादेश बैंक में अराजकता की स्थिति पैदा हो गई। डिप्टी गवर्नर काजी सईदुर रहमान सहित बांग्लादेश बैंक के छह शीर्ष अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। बांग्लादेश बैंक के सैकड़ों अधिकारी बैंक गवर्नर के कार्यालय में घुस गए, जिससे कई डिप्टी गवर्नर को कार्यालय छोड़ना पड़ा।

**अवामी लीग के 29 समर्थकों के शव बरामद :** वहीं, मंगलवार को देश के कई हिस्सों से हसीना की आवामी लीग पार्टी के कम से कम 29 समर्थकों के शव बरामद हुए। इससे सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर जुलाई में शुरू हुए प्रदर्शन के हिंसक होने से अब तक मारे गए लागों की संख्या बढ़कर 469 हो गई है। मंगलवार को अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के ज्यादा मामले सामने आने की बात कही गई।



### भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहला बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति का आगाज

**नयी दिल्ली। भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहला बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति बुधवार से दक्षिण भारत के सुलूर में शुरू हुआ। जर्मन, स्पेनिश और फ्रांसीसी वायु सेनाओं के विमानों का स्वागत वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह ने खुद एलसीए तेजस में उड़ान भरा। वायु सेना पहली बार तरंग शक्ति की मेजबानी कर रहा है। अभ्यास में शामिल होने के लिए 51 देशों को आमंत्रित किया गया, जिसमें 12 देशों की वायु सेनाओं ने भारत आने की सहमति दी।**

# बजट लोकसभा से पास

- 45 संशोधनों के साथ वित्त विधेयक को मिली मंजूरी
- जमीन जायदाद की खरीद-बिक्री पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा : सीतारमण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने जमीन जायदाद पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर की प्रस्तावित नयी व्यवस्था में करदाताओं को राहत देने वाले संशोधन प्रस्ताव समेत कुल 45 सरकारी संशोधनों के साथ वित्त विधेयक 2024(2) को स्वीकृति प्रदान करने के साथ वर्ष 2024-25 के बजट प्रस्तावों को बुधवार को मंजूरी दे दी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विधेयक में दीर्घकालीन पूंजीगत संपत्तियों (भूमि और भवन या दोनों) के हस्तांतरण/ बिक्री पर व्यक्तियों और अविभाजित हिंदू परिवार को राहत देते हुये प्रस्ताव किया कि 23 जुलाई 2024 (बजट पेश किये जाने की तिथि) से पहले खरीदी गयी जमीन जायदाद की बिक्री या हस्तांतरण पर इंडेक्सेशन (महंगाई दर समायोजन) के साथ 20 प्रतिशत या बिना इंडेक्सेशन के 12.5 प्रतिशत की दर, जिसमें कम कर दर हो उसे लागू किया जायेगा। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त संशोधन सहित कुल 45 संशोधनों को सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। इस तरह की संपत्तियों पर अब तक इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत की दर से दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ लागू होता था। वित्त मंत्री बजट में कर की दर को 12.5 प्रतिशत करने के साथ ही 2001 की कीमत के आधार पर गणना की जाने वाली इंडेक्सेशन की सुविधा को समाप्त कर दिया था। इंडेक्ससशन को बहाल रखने की संसद के अंदर और बाहर उठी मांग को ध्यान में रखते हुये वित्त मंत्री ने इस संबंध में नये संशोधन का प्रस्ताव किया था जिसके पारित होने पर अब करदाताओं के सामने दोनों विकल्प होंगे लेकिन इंडेक्सेशन के लिये अब कट ऑफ तिथि 23 जुलाई



2024 होगी। वित्त मंत्री ने वित्त विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुये कहा कि मोदी सरकार जनता की बातों पर ध्यान देते हुये फैसला करती है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन से जमीन जायदाद की खरीद-बिक्री पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पालिसी प्रीमियम पर 18 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवाकर (जीएसटी) को समाप्त करने की विपक्ष की मांग को महज राजनीति बताते हुये कहा कि बिना प्रीमियम पर राज्यों में कर जीएसटी लागू होने से पहले से चला आ रहा था। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जीएसटी परिषद की कई बैठकों में चर्चा हो चुकी है।

# राज्यसभा की 12 सीटों पर उपचुनाव तीन सितंबर को

**असम, बिहार और महाराष्ट्र से दो-दो तथा हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओड़िशा से एक-एक सीट के लिए होगा मतदान**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की है। 3 सितंबर को मतदान होगा और उसी दिन नतीजे आएंगे। असम, बिहार और महाराष्ट्र से दो-दो तथा हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और उड़ीसा से एक-एक सीट के लिए मतदान होगा। असम से कामाख्या प्रसाद तासा, सवार्नंद सोनोवाल, बिहार से मीसा भारती, विवेक ठाकुर, हरियाणा से दीपेंद्र सिंह हुड्डा, मध्य प्रदेश से ज्योतिरादित्य सिंधिया, महाराष्ट्र से उदयनराजे भोसले और पीयूष गोयल, राजस्थान से केसी वेणुगोपाल, त्रिपुरा से बिप्लब देब इस बार लोकसभा में जीत कर आए हैं। इसके कारण राज्यसभा में उनकी सीट रिक्त है। तेलंगाना से के. केशव राव और ओडिशा से ममता मोहंता ने क्रमशः 5 और 31 जुलाई को राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। नामांकन 14 अगस्त से शुरू होगी और असम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और त्रिपुरा के लिए 26 अगस्त तथा बिहार, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना और ओडिशा के लिए 27 को नाम वापसी के साथ नामांकन प्रक्रिया पूरी होगी।

### खड़गे व राहुल से मिले उद्धव ठाकरे

**नयी दिल्ली।** शिव सेना-उद्धव ठाकरे गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा अन्य प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री ठाकरे तथा कांग्रेस नेतृत्व के बीच यह बैठक श्री खड़गे के आवास पर हुई। श्री ठाकरे के साथ उनकी पार्टी के अन्य कई नेता भी बैठक में मौजूद थे।

खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र के किसान और नौजवान अवसरवादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन से परेशान हैं। महाराष्ट्र की 13 करोड़ जनता बदलाव की ओर देख रही है। श्री ठाकरे तथा अन्य नेताओं के साथ हमारी बैठक हुई।

# विशेष विमान से 205 यात्री ढाका से दिल्ली पहुंचे

**नयी दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने बुधवार सुबह राजधानी नई दिल्ली से बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बीच एक विशेष उड़ान का संचालन किया, जिससे छह बच्चों समेत 205 लोगों को भारत लाया गया।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ए 321 नियो विमान से संचालित एयर इंडिया का की चार्टर्ड उड़ान मंगलवार देररात ढाका से रवाना हुई, जिसके जरिए छह बच्चों और 199 वयस्कों सहित 205 लोगों को भारत लाया गया है। एयर इंडिया ने ढाका एयरपोर्ट पर बुनियादी ढांचा संबंधी चुनौतियों के बावजूद इस विशेष उड़ान का संचालन किया है। नई दिल्ली से ढाका के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के इस विमान में कोई यात्री नहीं था। इससे



एक दिन पहले कंपनी ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के लिए अपनी सुबह की उड़ान को रद्द कर दिया था, लेकिन शाम की उड़ान को तय समय पर रवाना किया था।

विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस भी बुधवार से तय समय-सारिणी के मुताबिक ढाका के लिए उड़ानों का संचालन करेंगी। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ जारी प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अचानक इस्तीफा देने और देश छोड़कर चले जाने के कारण एयरलाइन कंपनियों ने मंगलवार को ढाका के लिए अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी थीं।

### एनआइए ने अमन साहू के प्रमुख गुर्गे आकाश साहू को किया गिरफ्तार


**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड कोयला खदान में गोलीबारी, आगजनी और जबरन वसूली के मामले में जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के एक और प्रमुख गुर्गे को गिरफ्तार किया है। झारखंड में रांची के आकाश कुमार साहू उर्फ साकस साहू को एनआईए द्वारा आरोपित किए जाने के एक दिन बाद हिरासत में लिया गया था। अब आकाश इस मामले में गिरफ्तार होने वाला 26वां आरोपी है। एनआईए ने यह जानकारी बुधवार को दी। जांच में एनआईए को पता चला कि आरोपी आकाश कुमार, शंकर यादव और अमन साहू के लिए जबरन वसूली के काम में सक्रिय था। इस पैसे को दोनों रियल एस्टेट में निवेश करने का ढोंग रच रहे थे।

# लगातार गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक

- बैंक ऑफ जापान के ब्याज नहीं बढ़ाने के संकेत से तेजी
- सेंसेक्स 874 अंक उड़ान भरकर 79,468 पर पहुंचा निफ्टी 304 अंक उछलकर 24,297 पर हुआ बंद
- 4031 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, 2986 में तेजी और 947 में गिरावट रही

एजेंसी

**मुंबई।** जापानी शेयर बाजार निक्केई को स्थिर करने करने के लिए बैंक ऑफ जापान (बीओजे) के ब्याज दर में बढ़ोतरी नहीं करने के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार पिछले लगातार तीन दिन की गिरावट से उबरकर बुधवार को एक प्रतिशत से अधिक की उछाल पर रहा। सेंसेक्स 874.94 अंक अर्थात 1.11 प्रतिशत की उड़ान भरकर 79 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 79,468.01 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 304.95 अंक यानी 1.27 प्रतिशत उछलकर 24,297.50 अंक हो गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के



शेयरों में भी जमकर खरीददारी हुई, जिससे मिडकैप 2.63 प्रतिशत मजबूत होकर 46,830.57 अंक और स्मॉलकैप 2.39 प्रतिशत की छलांग लगाकर 53,278.93 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4031 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2986 में तेजी जबकि 947 में गिरावट रही वहीं 98 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 44 कंपनियों में लिवाली जबकि शेष छह में बिकवाली हुई।वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुख से उत्साहित निवेशकों की निवेश धारणा मजबूत हुई और बीएसई के सभी 20 समूह चढ़ गए। इससे कमोडिटीज 2.49, सीडी 2.06, ऊर्जा 3.32, एफएमसीजी 1.38, वित्तीय सेवाएं 1.53, हेल्थकेयर 2.03, इंडस्ट्रियल्स 2.80, आईटी 1.66, दूरसंचार 2.80, यूटिलिटीज 1.45, ऑटो 1.87, बैंकिंग 0.93, कैपिटल गुड्स 2.89, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.31, धातु 3.44, तेल एवं गैस 3.75, पावर 2.07, रियल्टी 2.07, टेक 1.46 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.53 प्रतिशत मजबूत रहे। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 972 अंक की तूफानी तेजी के साथ 79,565.40 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,639.20 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 79,106.20 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 78,593.07 अंक के मुकाबले 1.11 प्रतिशत मजबूत होकर 79,468.01 अंक हो गया। निफ्टी 297 अंक उछलकर 24,289 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,337.70 अंक के उच्चतम जबकि 24,184.90 अंक के निचले स्तर पर रहा। पिछले सत्र के 23,992.55 अंक की तुलना में 1.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,297.50 अंक पर बंद हुआ।

### एनटीआर जूनियर के साथ काम करना चाहती हैं कीर्ति सुरेश



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री कीर्ति सुरेश मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर के साथ काम करना चाहती हैं। एनटीआर जूनियर को मैन ऑफ मासेस के नाम से जाना जाता है, उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और बेहतरीन अभिनय के लिए वैश्विक पहचान और प्रशंसा प्राप्त की है। उनके प्रभावशाली अभिनय कौशल और विनम्र व्यक्तित्व ने उन्हें अपने साथी अभिनेताओं सहित कई लोगों के बीच पसंदीदा बना दिया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !